जयपुर
# महानगर टाइम्स
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 93
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित
facebook | YouTube | twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
www.mahanagartimes.com
जयपुर, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



## पीएम मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान

**तेल अवीव (विशेष संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इसके बाद मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। नेसेट को संबोधित करते हुए मोदी ने इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इजराइल के साथ खड़ा है। वहीं नेतन्याहू ने कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया।

# दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे पंचायतीराज और नगरपालिका चुनाव

**आर्थिक अपराधों पर रोकथाम करेगा राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय**

**राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति को मंजूरी**

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** प्रदेश में कुछ समय बाद होने वाले पंचायतीराज और स्थानीय नगरीय निकाय चुनावों में अब दो से अधिक संतान वाले लोग भी चुनाव लड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में इसके लिए राजस्थान पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 को मंजूरी दी गई। ये दोनों संशोधन विधेयक इसी सत्र मे लाए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट बैठक के बाद विधानसभा में प्रेसवार्ता में बताया कि राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा-19 और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा-24 में संशोधन कर राजस्थान पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है। इससे जिन व्यक्तियों के दो से अधिक संतान हैं वे पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरपालिकाओं के चुनाव लड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि दो से अधिक संतान पर चुनाव लड़ने का प्रतिबंध उस समय लागू किया गया था, जब जनसंख्या विस्फोट पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता थी। वर्ष 1991-94 के बीच प्रजनन दर 3.6 थी, जो वर्तमान में घटकर 2 रह गई है। ऐसे में इन प्रावधानों का प्रत्यक्ष प्रभाव अब कम होता जा रहा है। जोगाराम पटेल ने कहा कि समाज के सभी वर्गों की यह राय थी कि योग्य उम्मीदवार को सिर्फ दो से अधिक संतान होने के कारण चुनाव लड़ने से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। इसी को देखते हुए यह निर्णय किया गया है। पटेल ने स्पष्ट किया कि सरकार पंचायत चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है और चुनाव कराना राज्य निर्वाचन आयोग का दायित्व है। चुनाव की प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में आती है।

### कुष्ठ रोगियों से हटा प्रतिबंध

पटेल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 24 में संशोधन कर धारा 2 को संशोधित करते हुए शब्द कुष्ठ रोग को खतरनाक रोग की श्रेणी से हटाया गया है, जिससे नगरपालिका के आगामी चुनाव में सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने का समान अवसर मिल सकेगा और कुष्ठ रोगियों का सम्मान भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी का पद सृजित

पटेल ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी का नवीन पद सृजित किए जाने और ग्राम विकास अधिकारियों के 750 पदों को वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के पद पर क्रमोन्नत किए जाने का निर्णय किया गया है।

### राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का गठन

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि आर्थिक अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय को समाप्त कर राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का निर्णय भी किया गया है। इससे रियल एस्टेट में धोखाधड़ी, बैंक-बीमा-एनबीएफसी एवं शेयर बाजार से जुड़े वित्तीय अपराध, मल्टी लेवल मार्केटिंग ठगी, झूठा दिवालियापन, फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तथा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नौकरी या प्रवेश से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई हो सकेगी। साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या विक्रय, स्टाम्प एवं पंजीयन अनियमितताएं, फर्जी कंपनियों का गठन, सहकारी समितियों में घोटाले जैसे आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा और अपराधियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि यह निदेशालय वाणिज्यिक कर, आबकारी, परिवहन, पंजीयन एवं मुद्रांक, खनिज सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर राजस्व लीकेज पर निगरानी रखेगा तथा टैक्स चोरी को रोकेगा।

### अजमेर में बनेगा आयुर्वेद और योग विश्वविद्यालय

उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने बताया कि जोधपुर के बाद अब अजमेर में भी भारतीय चिकित्सा पद्धति की अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान आयुर्वेद, योग एंड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

### राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति को मंजूरी

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, 2026 लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी। राज्य सरकार औद्योगिक पार्क के लिए सड़क, बिजली, पानी के विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान भी देगी।

### उदयपुर में 500 करोड़ के निवेश को मंजूरी

राठौड़ ने बताया कि मैसर्स ग्रोथ इंडस्ट्रीयल मिनरल्स प्रा. लि. को ग्राम रामल्यावास, तहसील नीमकाथाना में औद्योगिक प्रयोजन के लिए 53 हेक्टेयर की भूमि आवंटित की जाएगी। कंपनी द्वारा करीब 500 करोड़ के निवेश से इस जमीन पर आधुनिक तकनीक आधारित बेनिफिकेशन एवं पेलेट प्लांट की स्थापना कर लगभग 565 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जाएगा।

### राजस्थान मंडपम की लागत अब 5815 करोड़

राठौड़ ने बताया कि जयपुर में बी2 बाईपास स्थित रीको की भूमि पर 3055 करोड़ की लागत से राजस्थान मंडपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर एवं अन्य विकास कार्यों की लागत बढ़ाकर 5815 करोड़ कर दी गई है। पूर्व प्रस्ताव के तहत 635 करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जानी थी, जबकि अब अनुमानित राजस्व प्राप्ति 5825 करोड़ रुपए है। इस संशोधित मॉडल में लगभग 10 करोड़ की शुद्ध आय भी संभावित है।

## राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं सीएम आज जैसलमेर दौरे पर



**जैसलमेर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राज्यपाल हरभाऊ बागड़े गुरुवार को जैसलमेर आएंगे। वे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से दोपहर बाद जैसलमेर पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 27 फरवरी को भारतीय वायुसेना के युद्धाभ्यास कार्यक्रम वायु शक्ति-2026 में शिरकत करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी गुरुवार को जैसलमेर आएंगे और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद वे पुनः जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**विधायक गोपाल शर्मा ने यातायात व्यवस्था पर विधानसभा में उठाए सवाल**

## 'जयपुर में ट्रैफिक जाम समस्या से निजात के लिए मजबूत ठोस कार्ययोजना की जरूरत'

■ एआई तकनीक और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम अपनाने की दी सलाह

विधानसभा संवाददाता



**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के मांग कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरानसिविल लाइंस विधायकगोपाल शर्मा ने जयपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया।

विधायक शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर की मुख्य सड़कों पर वाहनों की औसत गति घटकर महज 20 किलोमीटर प्रति घंटा रह गई है। जाम की स्थिति के मामले में जयपुर विश्व स्तर पर 60वें और देश में छठवें पायदान पर पहुंच चुका है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निजात पाना असंभव नहीं है, लेकिन इसके लिए मजबूत इच्छाशक्ति और ठोस कार्ययोजना की जरूरत है। शर्मा ने जयपुर की तुलना पिट्सबर्ग, सिंगापुर और लंदन जैसे शहरों से करते हुए कहा कि वहां आधुनिक व स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू हैं, जिनसे यातायात सुगम हुआ है। उन्होंने स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लागू करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की ओर नगरीय विकास मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। वहीं सिविल लाइंस क्षेत्र में 4 वर्ष पूर्व बनी सड़क के धंसने के मामलों में नगर निगम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की, वहीं जेडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ढिलाई की खिंचाई की।

### कांग्रेस सरकार में जमीनों से संबंधित रिपोर्ट गायब होने का मुद्दा उठाया

विधायक गोपाल शर्मा ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार छिपाने की नीयत से महत्वपूर्ण फाइलें गायब की गईं। उन्होंने जेएलएन मार्ग पर बने मैरिज गार्डन, पांचबत्ती चौराहे से स्टेच्यू सर्किल तक रियायती दरों पर दी गई जमीनों से संबंधित रिपोर्ट के गायब होने का मुद्दा सदन में उठाया और इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार तथा नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा की ईमानदार कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।



10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans
*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.
**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd. Jaipur:** • **Ajmer Road, Purani Chungi** PL BAJAJ 7374003036/35 • **Govind Marg Tiraha, Rajapark** JM Bajaj 8233900581 • **Tonk Phatak, Tonk Road** JM Bajaj 8233700581 • **Sikar Road, Dher ke Balaji** ML BAJAJ 9057097777• **Sanganer,** JM Bajaj : 9950872222 • **Jhotwara,** ML Bajaj 9928047234 • **MI Road,** JM Bajaj 9119370581 • **Pratap Nagar,** JM Bajaj 8233700581 • **Mansarovar,** JM Bajaj 8740887308 • **Kotputli:** MATSYA BAJAJ 7727950505 • **Chomu** LAXMI BAJAJ 9829210417 **Sikar:** J.M. BAJAJ **9829219003** • **Jhunjhunu** J.M. BAJAJ **9785538377** • **Churu Pankha Road** SAMRAT MOTORS 9461236566 • **Bikaner:** GANPATI BAJAJ 8000360655, 0151-2945514 • **Nagaur** RATHI BAJAJ 9414118589 • **CHARBHUJA BAJAJ 9649820087** • • **Beawar** SHREE GANPATI BAJAJ **7976122011** • **Nagaur** RATHI BAJAJ 9414118589 • **Bhilwara:** SANDEEP BAJAJ 9413314425 • **Chittorgarh** SURENDRA BAJAJ 9413315832 • **Pratapgarh:** SHREE KRISHNA BAJAJ 9251248002 • **Pali** VEERPRABHU BAJAJ 7230046501.

### उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी का कांग्रेस पर हमला...

# 'कॉम्प्रोमाइज' की राजनीति का इतिहास उजागर, राहुल गांधी पर सवाल

**'कांग्रेस का 'नो कॉम्प्रोमाइज' दावा सिर्फ जुबानी जंग, इतिहास गवाह है राष्ट्रहित के 'समझौते' की सियासत'**

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने कांग्रेस पार्टी की 'समझौतावादी' राजनीति पर तीखा हमला बोला और कहा कि पार्टी का इतिहास उसके 'नो कॉम्प्रोमाइज' दावे की पुष्टि नहीं करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास राष्ट्रहित के कई समझौतों से भरा हुआ है, जो पार्टी के वर्तमान दावे के विपरीत है।

दीयाकुमारी ने राहुल गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वे तो कहते हैं 'हम मर जाएंगे, लेकिन कॉम्प्रोमाइज नहीं करेंगे'। उपमुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस का इतिहास इस दावे की पुष्टि करता है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के शुरुआती दौर में जवाहरलाल नेहरू की नीतियों, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद शिमला समझौते और 2008 के बीजिंग ओलंपिक के दौरान चीन के साथ गुप्त एमओयू का हवाला दिया। दीयाकुमारी ने कहा कि इन समझौतों ने कई मामलों में भारत के हितों को प्रभावित किया, जैसे कि आर्थिक नुकसान और सुरक्षा संबंधी जोखिम। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान दौरे के दौरान दिए गए बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें अय्यर ने कहा था कि 'हमें ले आओ, मोदी को हटाओ'। दीयाकुमारी ने इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ और विदेशी धरती से भारत की छवि खराब करने वाला कदम बताया। दीयाकुमारी ने कहा कि कांग्रेस के 'नो कॉम्प्रोमाइज' के दावे सिर्फ जुबानी जंग हैं और पार्टी के इतिहास को दोबारा पढ़ने की जरूरत है, ताकि राष्ट्रहित के प्रति किए गए समझौतों और नीतिगत फैसलों को जनता समझ सके।

### आपसी रंजिश में पैंथर की मौत

**वन विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए शव कब्जे में लिया, गश्त बढ़ाई**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के जमवारामगढ़ वन क्षेत्र में आपसी रंजिश के कारण एक पैंथर की मौत हो गई। सेवरियों की ढाणी हवाओदी इलाके में वनकर्मियों को



गंभीर रूप से घायल पैंथर मिला, जिसके सिर और शरीर पर गहरी चोटें और पंजों के निशान थे। क्षेत्रीय वन अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पैंथर को तत्काल उपचार के लिए जयपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह मौत क्षेत्रीय वर्चस्व के लिए दो या अधिक पैंथरों के बीच संघर्ष के कारण हुई। अधिकारी ने कहा कि जंगल में संसाधनों की कमी और मानवीय दबाव के चलते ऐसे संघर्ष आम होते जा रहे हैं। घटना स्थल पर वन विभाग की टीम ने पैंथर के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जयपुर भेजा। वन विभाग ने आसपास के इलाकों में पैंथरों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी है। वन अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में मानव-पशु संघर्ष को रोकने और जंगली जीवन के संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने और संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

**शून्यकाल और प्रश्नकाल में कई मुद्दों पर हुई तीखी बहस**

# कांग्रेसी बबूलों को राजस्थान में नहीं रहने देंगे: दिलावर

विधानसभा संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को प्रश्नकाल और शून्यकाल में कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और नोंक-झोंक हुई। शून्यकाल में विपक्षी विधायकों ने लिफ्ट नहर में टेंडरों में कथित भ्रष्टाचार और अधिकारियों द्वारा सदन को गुमराह करने का मामला उठाया। वहीं अंग्रेजी बबूल के मुद्दे पर पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के 'कांग्रेसी बबूलों को समूल नष्ट करने' वाले बयान पर हंगामा होता दिखा।

दरअसल शून्यकाल में सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया ने अपने क्षेत्र में अंग्रेजी बबूल व जर्मन घास (झाड़ियों) का मामला उठाया। विधायक ने कहा किसानों को इसे हटाने में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। चरागाह भी इसकी चपेट में हैं। जर्मन घास जहरीली है, इससे प्राकृतिक औषधि वृक्ष व वनस्पतियां खत्म हो रही हैं। इससे हमारा पारिस्थितिक तंत्र गड़बड़ा रहा है, जबकि अंग्रेजी बबूल व जर्मन घास का उपयोग नहीं होता है। सरकार को चाहिए कि नरेगा के माध्यम से योजना बनाकर चरागाह भूमि को साफ करवाए।

पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने इसका जवाब देते हुए कहा कि यह बहुत गंभीर समस्या है। प्रतिदिन 30 लीटर पानी सोखने से जलस्तर नीचे जा रहा है। 1960 में तत्कालीन सरकार ने हेलिकॉप्टर से बीज बरसाए थे, जिससे यह सब जगह उग गए हैं। इसे लोग कांग्रेसी बबूल भी कहते हैं। राजस्थान सरकार इस पर विचार कर रही है कि इसे समूल नष्ट



कैसे किया जाए? उन्होंने कहा कि कांग्रेसी बबूलों को राजस्थान की धरती पर नहीं रहने देंगे। इनका समूल नष्ट करने पर कार्ययोजना बना रहे हैं। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताई और हंगामा भी हुआ।

### लिफ्ट नहर के टेंडर में अनियमितता का आरोप

तारानगर विधायक नरेंद्र बुढ़ानिया ने कुंभाराम लिफ्ट नहर में हुए दो टेंडर में अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह टेंडर जारी होने के बाद पिछले वर्ष 19 मार्च को खोले गए। छह फर्मों ने भाग लिया। तकनीकी बिड के बाद जब वित्तीय बिड खोली गई तो सभी की दरें निर्धारित राशि से कम मिलीं। इतनी कम दरों पर टेंडर आने से यह स्पष्ट हुआ कि इतनी बड़ी राशि की आवश्यकता नहीं थी।

### 'छोटे गहलोत' ने दिया पेंशन मिलते रहने का भरोसा

बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन में हो रही देरी का मुद्दा उठाया और कहा कि 91 हजार लोगों की पेंशन चार महीने रोक दी गई। मंत्री अविनाश गहलोत ने जवाब देते हुए कहा कि आपने चुनाव में जाते-जाते न्यूनतम पेंशन का कानून बनाया था, हमने इसमें बढ़ोत्तरी की है (अभी 1300 रुपए पेंशन दे रहे हैं)। गहलोत ने कहा कि आपको 'छोटा गहलोत' आश्वस्त करता है कि पेंशन निरंतर जारी रहेगी।

### प्रश्नकाल में उलझे राठौड़ और जूली

प्रश्नकाल में उद्योग, आयुर्वेद, जल आपूर्ति और नर्मदा नहर परियोजना से जुड़े मुद्दों पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। उद्यमियों को उद्योग के लिए सहायता देने के सवाल पर मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और नेता प्रतिपक्ष आपस में उलझ गए।
भोपालगढ़ विधानसभा की आसोप उपतहसील को क्रमोन्नत करने के सवाल पर राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और नेता प्रतिपक्ष में तीखी बहस हुई और हंगामा हो गया। मीणा ने जवाब देते हुए पूर्ववर्ती सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि कांग्रेस के समय तो जिलों को रेवड़ियों की तरह बांट दिया गया था।
अजेमर दक्षिण से विधायक अनीता भदेल ने पिछले बजट में उद्यमियों को विदेशी बाजार में व्यापार सहायता के लिए घोषित 30 करोड़ रुपए के प्रावधान पर सवाल किया। इस पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि बाजार सहायता योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेने पर 75 प्रतिशत या अधिकतम तीन लाख रुपए की सहायता दी जाती है। एसएमई पॉलिसी में 358 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 261 स्वीकृत, 192 को भुगतान हो चुका है, 80 लंबित और 17 निरस्त किए गए हैं। एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी के तहत 149 आवेदन आए, जिनमें 94 को भुगतान किया गया। वहीं 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में 351 आवेदन आए, 306 स्वीकृत हुए और 234 को भुगतान किया गया। मंत्री ने कहा कि यह नीति दिसंबर 2024 में शुरू हुई है, इसलिए खर्च धीरे-धीरे बढ़ेगा। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल उठाया कि मार्च अंत तक 30 करोड़ में से कितना खर्च हो पाएगा और झालावाड़ में एक उद्यमी को 3.60 लाख रुपए देने पर आपत्ति जताई। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 3 लाख की सीमा एक पॉलिसी पर लागू है और पात्रता के आधार पर भुगतान किया गया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री सवाल का जवाब नही दे पा रहे हैं और इधर-उधर की बात कर घुमाने की कोशिश कर रहे हैं।
खेतड़ी विधायक धर्मपाल के सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आयुष नीति 2021 के तहत चरणबद्ध तरीके से प्रस्तावों पर विचार होता है। फिलहाल नए ब्लॉक आयुर्वेद औषधालय खोलने का प्रस्ताव नहीं है। भविष्य में बजट उपलब्धता और प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा ने जमवारामगढ़ क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजनाओं की स्थिति पर सवाल किया तो मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय 217 योजनाएं स्वीकृत हुई थीं। इनमें से 62 पूर्ण, 43 प्रगति पर हैं। शेष 112 में से 58 न्यायालयीन मामलों के कारण रुकी हैं, जबकि 41 में संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।
सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी ने नर्मदा नहर परियोजना में रिक्त पदों और टेल क्षेत्र तक पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा उठाया तो जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर टेल तक पानी पहुंचाने के लिए 1.96 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की गई है और 26 दिसंबर 2025 को कार्यादेश जारी किया गया।

### ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल 28 से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल (जीएचडब्ल्यूएफ) बिड़ला ऑडिटोरियम में 28 फरवरी और 1 मार्च को आयोजित होगा। फेस्टिवल के फाउंडर हिम्मत सिंह नाथावत ने बताया कि जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस (जेएचडब्लू) की अगुवाई में यह फेस्टिवल अब तक का सबसे बड़ा होगा। इसके माध्यम से स्थानीय डॉक्टरों और अस्पतालों को अंतरराष्ट्रीय मेडिकल स्पेशलिस्ट से साथ जुड़ने का अवसर दिया जाएगा। इस वर्ष फेस्टिवल 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेगा, जो हेल्थ अवेयरनेस, इंश्योरेंस जागरूकता, वरिष्ठ नागरिक सशक्तिकरण, कॉर्पोरेट हेल्थ ट्रेनिंग, महिलाओं के स्वास्थ्य और बड़े पैमाने पर जनभागीदारी जैसे विषयों पर केंद्रित होंगे। इस बार दुबई और ऑस्ट्रिया के डॉक्टर एवं हेल्थ एक्सपर्ट डिजिटल माध्यम से जुड़कर एडवांस मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन पर अपने विचार साझा करेंगे। इसमें प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा।

### सेवा भारती जयपुर का सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रेल को

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सेवा भारती जयपुर द्वारा श्री राम जानकी सर्वजातीय 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रेल जानकी नवमी पर आदर्श विद्या मंदिर अंबाबाड़ी में आयोजित होगा। विवाह सम्मेलन के संयोजक नवल बगड़िया ने बताया कि 51 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री हनुमान सिंह भाटी ने बताया कि 14 वर्षों में 574 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से शादी कराई गई। कोषाध्यक्ष हरिकिशन गोयल ने बताया कि सर्व समाज के सहयोग से इस कार्यक्रम को संपन्न कराया जाता है। इसमें जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह करने का अवसर प्राप्त होता है।

सेवा भारती कार्यालय सहकार मार्ग पर आयोजित मीटिंग में विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा, रामबाबू अग्रवाल, कैलाश शर्मा, द्वारका प्रसाद, मार्गदर्शक विवाह सम्मेलन संजना अग्रवाल, डॉ. ओमप्रकाश भारती एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। विवाह सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल 95290 40360 एवं 01412740799 पर संपर्क किया जा सकता है।

**राजस्थान वन विकास निगम की हरित पहल**

### केमिकल मुक्त हर्बल गुलाल का वन मंत्री संजय शर्मा ने किया विमोचन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के जरिए उदयपुर क्षेत्र में तैयार केमिकल मुक्त हर्बल गुलाल का विमोचन किया। मंत्री संजय शर्मा ने पर्यावरण-अनुकूल पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास राज्य के वनवासी एवं ग्रामीण समुदायों, खासकर महिलाओं एवं वन सुरक्षा समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी अन्य लघु वन उपज की पहचान कर उनके संग्रहण एवं व्यवस्थित विपणन को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए। प्रबंध निदेशक वेंकटेश शर्मा ने निगम की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पॉलीथिन बैग निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, व्यावसायिक नर्सरी विकास जैसे कार्यों से वन विभाग को पौधरोपण के लिए गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध होगी। इससे रोजगार सृजन, मूल्य संवर्धन और ग्रामीणों के लिए स्थाई आजीविका के अवसर बढ़ेंगे। यह पहल ना केवल रंगों से होली मनाने की पारंपरिक खुशी को बनाए रखेगी, बल्कि रसायन मुक्त उत्पादों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। इस अवसर पर निगम के प्रबंध निदेशक वेंकटेश शर्मा, निदेशक जी.के. वर्मा, उदयपुर महाप्रबंधक उमेश बंसल, जयपुर महाप्रबंधक अभिषेक सिंह, प्रबंधक धर्मसिंह मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 1100 ध्वजों की विशाल षष्ठम निशान पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में 26 फरवरी को शाम 4:15 बजे आस्था और भक्ति से ओतप्रोत '1100 ध्वजों' की षष्ठम विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा ढेहर का बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, विजयवाड़ी तक पहुंचेगी। आयोजकों के अनुसार पदयात्रा सीकर रोड होती हुई खेतान हॉस्पिटल चौराहा, अलका सिनेमा, रोड नंबर 1, गौरस भंडार, प्रताप नगर चौराहा, भौमियाजी मंदिर मार्ग से होती हुई श्री श्याम मंदिर, पथ नंबर 7 पर संपन्न होगी।

यात्रा के दौरान 1100 निशान-ध्वजों के साथ श्याम नाम की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहेगा। विधायक बालमुकुंदाचार्य ने यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अंकुश लंबोरिया, पंकज गोयल, सुरेश जांगिड़, मनीष चोमाल मौजूद रहे।

### भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना-प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय मजदूर संघ जयपुर की ओर से बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता रणजीत गुर्जर ने की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला मंत्री महेंद्र सैनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की श्रमिक नीतियों पर चिंता जताते हुए लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

### शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था का होली धमाल कल

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था का होली धमाल (चंग-ढ़प-गींदड) 27 फरवरी को विश्वकर्मा रेक्रेशन क्लब में शाम 6 बजे से आयोजित होगा। महासचिव अरुण काबरा ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान के समक्ष आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। उसके बाद सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम होंगे। बाद में रात 8 बजे से भोजन का आनंद ले सकेंगे।

### पंचायतीराज चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

**5,73,568 मतदाता बढ़े**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। इसके अनुसार प्रदेश में कुल मतदाता 4,02,20,734 हैं, जिनमें से 2,08,62,380 पुरुष, 1,93,58,147 महिला तथा 207 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद अंतिम प्रकाशन तक 5,73,568 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 1.45 प्रतिशत है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि बांसवाड़ा जिले में सर्वाधिक 4.55 प्रतिशत तथा फलोदी जिले में 4.46 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं टोंक जिले में सबसे कम 0.04 प्रतिशत एवं श्रीगंगानगर जिले में 0.19 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट प्रकाशन 29 जनवरी 2026 को किया गया था तथा प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के नियमानुसार निराकरण के पश्चात बुधवार को अंतिम प्रकाशन किया गया है। सिंह ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों ने 1 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की थी, उन्हें मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया है।

#### तीन तरह की तैयार हुई हैं मतदाता सूचियां

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम की धारा 18(1) के अनुसार तीन प्रकार की मतदाता सूचियां तैयार की गई हैं। इनमें ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड की मतदाता सूची, पंचायत समिति के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची और जिला परिषद के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूचियां संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध करा दी गई हैं।

### स्पीकर ने भरतपुर सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने वैवेकिक अनुदान कोष से भरतपुर निवासी महादेव को आर्थिक सहायता प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-21 पर 10 फरवरी को हुए भीषण सड़क हादसे में युवा लोकेश एवं मुकेश की मृत्यु हो गई। देवनानी ने दिवंगत युवाओं के गमगीन पिता महादेव को आर्थिक सहायता प्रदान की। देवनानी ने दिवंगत लोकेश एवं मुकेश के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही घायल अंजलि के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। देवनानी ने बताया महादेव को संबंधित जिलाधीश कार्यालय से अन्य सरकारी सहायता दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**स्कूल शिक्षा सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

### इस बार सत्र की शुरुआत में ही मिलेंगी किताबें और यूनिफॉर्म

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में इस बार अप्रेल से शुरू होने जा रहे शैक्षणिक सत्र के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को शुरुआत में ही निशुल्क किताबें और पाठ्यपुस्तकें देने की तैयारी की जा रही है। स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने बुधवार को शिक्षा संकुल में हुई बैठक में इस बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में शासन सचिव ने निपुण राजस्थान अभियान के तहत एफएलएन कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षण सामग्री को अधिक सरल बनाया जाए, ताकि छात्र उसे आसानी से समझ सकें। शासन सचिव ने इस बार पहली बार 1 अप्रेल से शुरू होने जा रहे नए सत्र की तैयारियों के संबंध में भी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नवीन सत्र की शुरुआत के साथ निशुल्क पाठ्यपुस्तकें व यूनिफॉर्म विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने पाठ्यपुस्तकों का मुद्रण व स्कूलों तक भेजने का कार्य व यूनिफॉर्म डीबीटी के लिए विद्यार्थियों की मैपिंग का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही 'प्रवेशोत्सव' के लिए तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना पर भी चर्चा की। बैठक में विद्यार्थियों के नामांकन के लिए डिजिटल मार्कशीट की वैधता पर विचार किया गया। गौरतलब है कि 25 मार्च को राज्यस्तर पर मेगा पीटीएम का आयोजन होगा, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा।

**पूर्व मुख्यमंत्री ने 12 मार्च को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर ली बैठक**

# दांडी मार्च जैसे आयोजन आज बहुत जरूरी : गहलोत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि देश में आज दांडी मार्च जैसे आयोजन बहुत जरूरी हैं। भारत सेवा संस्थान एवं अन्य गांधीवादी संस्थाओं द्वारा 'दांडी मार्च दिवस' पर 12 मार्च को राज्यभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए मंगलवार को अपने निवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए गहलोत ने, सत्तारूढ़ दल और सरकार पर आरोप लगाया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग



किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में हंगामा पहले भी होता था, लेकिन तब संसदीय कार्य मंत्री तुरंत विपक्षी खेमे में जाकर बात करते और सुलह-शांति का रास्ता निकाल लेते थे। आज वार्ता के बजाय स्वयं संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू विपक्ष के नेता को देश के लिए खतरा बता रहे हैं। गहलोत ने देश के वर्तमान समय को दांडी मार्च जैसे आयोजनों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने गांधी मार्ग को अतीत ही नहीं भविष्य बताया है और यह सदियों तक लागू रहेगा। गहलोत ने कहा कि जिलों तक ऐसे आयोजन होने से युवाओं के साथ आम जनमानस में व्यापक जागृति आएगी।

### 'देश को फिर गुलामी की ओर धकेल रही है वर्तमान सरकार'

बैठक में भारत सेवा संस्थान के सचिव और राज्य के पूर्व महाधिवक्ता जीएस बापना ने कहा कि वर्तमान सरकार अमेरिका से ट्रेड डील करके देश को फिर से गुलामी की ओर धकेल रही है। चर्चा में पूर्व कुलपति बीएम शर्मा और आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, जयपुर शहर और देहात कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं गोपाल मीणा, पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य, सेवानिवृत्त आईएएस पीके बोरड सहित सवाई सिंह, ध्याल सिंह, हनुमान शर्मा नायला, पुष्पेंद्र शर्मा, कुसुम जैन, ललिता संजीव महरवाल, संजय बापना, शशिकांत शर्मा, भवानी शंकर माली और एसएस जोशी ने भी विचार रखे। बापना ने कहा कि सभी विचारों के आधार पर 12 मार्च के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। बैठक में धर्मवीर कटेवा, केएन सिंह, डॉ. जोहेव नकवी, रूपिन काला, एसके जैन और हरकिशन सैनी भी मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# सीएम के आश्वासन और वार्ता के बाद सैनी-माली समाज का आरक्षण आंदोलन स्थगित

## बाईस गोदाम पर हजारों की तादाद में समाज के लोगों ने किया विधानसभा के पास प्रदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** माली-सैनी समाज की अलग 12 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर राज्यभर से आए समाज के लोगों ने विधानसभा के पास प्रदर्शन किया और धरना दिया। बाद में विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल से फोन पर आश्वासन मिलने और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक वार्ता होने के बाद आरक्षण आंदोलन स्थगित कर दिया गया। आरक्षण संघर्ष समिति के आह्वान पर माली, सैनी, कुशवाह, शाक्य, मौर्य व सुमन समाज के सैकड़ों लोगों की 11 सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान के गांव-गांव, कस्बों व शहरों से जन अधिकार यात्रा जयपुर पहुंची।

यात्रा का नेतृत्व कर रहे संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सीपी सैनी ने बताया कि भरतपुर से शुरू हुई जन अधिकार यात्रा में प्रदेशभर से लोग अपना हक मांगने आएंगे। उन्होंने बताया कि माली-सैनी समाज की मांग आज तक नहीं सुनी गई, जबकि प्रदेश की सौ से अधिक विधानसभा सीटों पर समाज के वोटर भारी तादाद में हैं। पूर्व में गहलोत सरकार के समय भी हमें खाली आश्वासन मिला और असलियत में कोई कार्रवाई नहीं हुई। यात्रा घाट की गूणी, आगरा रोड सीकर रोड, अजमेर रोड, कोटा राजमार्गों से होती हुई विधानसभा के पास बाईस गोदाम पहुंचकर सभा में बदल गई। शाम तक समाज के नेताओं ने जाम लगाने का फैसला किया। साथ ही सीएम से वार्ता की मांग रखी। शाम 7 बजे समाज के प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा बुलाया गया। वहां सीएम भजनलाल शर्मा से फोन पर बात कराई। उन्होंने होली के बाद मुख्यमंत्री निवास पर बैठक करने का वादा किया। साथ ही सामाजिक न्याय एवं बाल आधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत व भाजपा विधायक भागचंद टांकड़ा के साथ बाकायदा बैठक हुई।

आरक्षण संघर्ष समिति के महामंत्री विनोद भूदोली ने बताया कि सरकार से कमेटी की सकारात्मक वार्ता हुई है। यदि सरकार हमसे हुई वार्ता पर खरी नही उतरती है तो निश्चित रूप से आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सीपी सैनी ने सभी का आभार जताया।

### वार्ता का नतीजा यह रहा

- आरक्षण के लिए कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया।
- फूले बोर्ड व लवकुश बोर्ड की बहाली के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाई जाएगी।
- सैनी रेजिमेंट के गठन के लिए सेना से डाटा लिए जाएंगे।
- महात्मा ज्योतिबा फूले दंपती को भारत रत्न दिलाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा जाएगा।
- आंदोलनों के दौरान लगे मुकदमे वापस लेने के लिए कमेटी गठित कर गुर्जर आंदोलन की तर्ज पर हटाए जाएंगे।

## पंचायत व नगर निकाय चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता हटाने के निर्णय का स्वागत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सत्य बात फाउंडेशन ने राजस्थान सरकार द्वारा पंचायतीराज एवं नगर पालिका चुनावों में अभ्यर्थियों के लिए दो बच्चों की बाध्यता हटाने तथा अनिवार्य शिक्षा की शर्त लागू नहीं करने के निर्णय का स्वागत किया है। संस्था ने इसे लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

संस्था की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लिया गया यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने और जनभागीदारी बढ़ाने की दिशा में सराहनीय पहल है। संस्था ने इस निर्णय के लिए पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर तथा स्वायत्त शासन एवं स्थानीय निकाय मंत्री झाबर सिंह खर्रा का आभार जताया।

संस्था के अध्यक्ष नारायण राम चौधरी के अनुसार राजस्थान में अभी शत-प्रतिशत शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं की शिक्षा की स्थिति चिंताजनक है।

ऐसी परिस्थिति में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य शिक्षा की शर्त लागू करने से अनेक प्रतिभाशाली एवं समाजसेवी व्यक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया से वंचित हो सकते थे। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज एवं स्थानीय निकाय चुनावों में दो बच्चों की नीति हटाना जनभागीदारी बढ़ाने और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर पूर्व में प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से राज्य सरकार को सुझाव भी दिए गए थे, जिस पर सरकार ने सकारात्मक निर्णय लिया है।

## द्वितीय रक्तदान शिविर आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पिंकसिटी किराना एवं ड्राई फ्रूट ब्रोकर्स समिति की ओर से द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर 26 फरवरी को चांदपोल बाजार, दीनानाथजी की गली स्थित बाराहजी के चौक में सुबह 10 से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

पिंकसिटी किराना एवं ड्राई फ्रूट ब्रोकर्स समिति के अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल एवं कार्यक्रम संयोजक महेश रावत ने बताया कि रक्तदान शिविर में किराना एवं ड्राई फ्रूट ब्रोकर्स समिति के सदस्यों के अलावा व्यापारी भी भाग लेंगे।

## तीसरे दिन भी बसें नहीं चलने से लाखों यात्री हुए परेशान

# परिवहन मंत्री से वार्ता रही बेनतीजा, निजी बस ऑपरेटर्स की हड़ताल जारी

### 150 करोड़ का कारोबार प्रभावित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी सहित प्रदेश भर में निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते प्रदेशभर में करीब 35 हजार निजी बसों का संचालन पूरी तरह ठप रहा। इसका सीधा असर आमजन की आवाजाही और परिवहन कारोबार पर पड़ा। बस ऑपरेटरों का दावा है कि एक दिन में लगभग 150 करोड़ रुपए के कारोबार पर असर पड़ा है।

इधर, जयपुर में बुधवार को परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के निवास पर निजी बस ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी बातचीत हुई, लेकिन लंबी चर्चा के बाद भी सहमति नहीं बन सकी। बैठक के बाद ऑपरेटरों ने साफ कर दिया कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रहेगी। सरकार ने भी नियमों में ढील देने से पहले विधिक और प्रशासनिक पहलुओं पर विचार की बात कही।

हड़ताल के चलते विभिन्न स्थानों पर कुछ निजी बस संचालकों के बस चलाने को लेकर मामला गर्मा गया। जयपुर में मुरलीपुरा में बस ऑपरेटर्स के बीच हाथापाई की नौबत आ गई, बाद में पुलिस ने समझाइश कर मामला शांत कराया। हड़ताल के चलते रोडवेज प्रशासन ने अतिरिक्त 350 बसों का संचालन शुरू किया है। इस पर प्राइवेट व सरकारी बस संचालक आमने सामने हो गए। इसको लेकर परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा ने जयपुर पुलिस कमिश्नर और जयपुर ग्रामीण व सीकर के पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी से कुछ बस ऑपरेटर्स हड़ताल पर हैं, लेकिन स्टेज कैरिज (लोक परिवहन) बस ऑपरेटर्स नियमित रूप से बसें चलाना चाहते हैं। वे हड़ताल में शामिल नहीं हैं। हड़ताल के दौरान लोक परिवहन बसों, ड्राइवर, कंडक्टर और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। खासकर जयपुर-सीकर रूट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा गया है।



### वैकल्पिक साधनों के लिए देना पड़ रहा अतिरिक्त किराया

शहरी इलाकों में वैकल्पिक साधन जैसे ऑटो, टैक्सी और निजी वाहन उपलब्ध रहे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में हालात ज्यादा गंभीर रहे। कई गांवों से जिला मुख्यालय तक पहुंचने का एकमात्र साधन निजी बसें ही हैं। खासकर मजदूर वर्ग और दैनिक यात्रियों को अतिरिक्त किराया देकर वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा। कुछ स्थानों पर यात्रियों ने बस स्टैंडों पर धरना भी दिया और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।

### खाटू मेले के चलते सड़कों पर यात्रियों के जत्थे, परेशानी बढ़ी

प्रदेश का खाटू श्याम जी लक्खी मेला इन दिनों चरम पर है। 27 फरवरी को एकादशी को देखते हुए राजधानी में विभिन्न शहरों, गांवों व कस्बों से काफी संख्या में भक्त खाटू जाने के लिए पहुंच रहे हैं, ऐसे में परिवहन सेवा नही मिलने से परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। हड़ताल को लेकर यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में परिवहन व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो सकती है। स्कूल-कॉलेज, व्यापार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका असर गहराने की आशंका है।

### रोडवेज ने संभाला मोर्चा, लेकिन दबाव बढ़ा

हड़ताल के बीच राजस्थान रोडवेज ने 350 अतिरिक्त बसें संचालित कर यात्रियों को राहत देने की कोशिश की। प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त फेरे लगाए गए, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में निजी बसों के ठप होने से दबाव बढ़ गया है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि सीमित संसाधनों में अधिकतम सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यात्रियों का कहना है कि भीड़ के कारण कई बसों में खड़े होकर सफर करना पड़ा।

### बस ऑपरेटर्स ने चेताया-मांगें नहीं मानी तो उग्र होगा आंदोलन

जयपुर में प्राइवेट बस ऑपरेटर्स का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जाएंगी, किसी बस को चलने नहीं देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग मनमाना चालान करता है। इससे उन्हें नुकसान हो रहा है।

**इनका कहना है....**

- आरटीओं की टीमों द्वारा जांच के दौरान बसों को बीच रास्ते में रुकवाकर यात्रियों को उतार दिया जाता है और वाहन जब्त कर लिए जाते हैं। कई मामलों में आरसी निलंबित कर दी जाती है, जिससे संचालकों को आर्थिक नुकसान और यात्रियों को भारी असुविधा उठानी पड़ती है।

**राजेंद्र शर्मा,** अध्यक्ष-ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन

व्यावहारिक समाधान निकालने की दिशा में प्रयास होंगे, ताकि न तो नियमों से समझौता हो और न ही आमजन परेशान हों। हड़ताल के दौरान लोक परिवहन बसों, ड्राइवर, कंडक्टर और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, इसके लिए पुलिस प्रशासन को पत्र लिखा है। खासकर जयपुर-सीकर रूट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा गया है।

**- पुरुषोत्तम शर्मा,** परिवहन आयुक्त

## जेएनयू में कल मिलेट से बनाया जाएगा देश का सबसे बड़ा पिज्जा

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की तैयारी

**मिलेट्स पोषण सुरक्षा का भविष्य है : डॉ. संदीप बक्शी**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में 27 फरवरी को मिलेट (श्री अन्न) से देश का सबसे बड़ा पिज्जा तैयार किया जाएगा। इस अनूठे प्रयास को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा चुकी है। यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार इस पहल का उद्देश्य मिलेट्स को पोषण से भरपूर 'सुपरफूड' के रूप में बढ़ावा देना और आधुनिक खान-पान में उनकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वर्तमान समय में मिलेट्स को संतुलित आहार, पोषण सुरक्षा और सतत खाद्य पद्धतियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने कहा कि मिलेट्स पोषण सुरक्षा का भविष्य है। पारंपरिक अनाजों को आधुनिक व्यंजनों के साथ जोड़ना नवाचार और स्थिरता का प्रतीक है। इस प्रकार की पहलें विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं और उन्हें बदलते फूड ट्रेंड्स के प्रति जागरूक बनाती हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास नहीं है, बल्कि अनुभवात्मक शिक्षा और उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम भी है। इससे विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में होटल मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थी एवं शिक्षक सक्रिय रूप से भाग लेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति भी रहेगी। विश्वविद्यालय इस रिकॉर्ड प्रयास को रचनात्मक पाक-कला के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित खानपान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानता है।

## अधिवक्ता धनंजय राजावत बने एनसीपी के प्रदेश महासचिव

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) (दिवंगत अजीत पंवार) महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम सुनेत्रा पंवार के आदेशों एवं एनसीपी (एलसी) राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश बिधूड़ी से परामर्श से राजस्थान एनसीपी प्रदेशाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने अधिवक्ता धनंजय राजावत को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। साथ ही जयपुर जिलाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता सूर्यांश राजावत को मनोनीत किया है। प्रदेशाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही राजस्थान में एनसीपी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सूची जारी की जाएगी।

## एसबीआई, एडीबी, एमएनआरआई की सोलर सखी कार्यशाला का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा कार्यालय भारत सरकार (एमएनआरई) व एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के तत्वावधान में सोलर सखी (नारी सौर ऊर्जा अनुरक्षण अभियान) का आयोजन होटल होलिडे इन में किया गया। सोलर सखी कार्यक्रम में एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक जैसी पॉल (ईएसजी एवं सीएफयू, कॉर्पोरेट केंद्र मुंबई), एसबीआई जयपुर सर्कल महाप्रबंधक ऋतु गौड़, एसबीआई जयपुर सर्कल उपमहाप्रबंधक देव आनंद, एसबीआई जयपुर मंडल उप महाप्रबंधक प्राणेश प्रशांत तथा अतिरिक्त मुख्य अभियंता डिस्कॉम एसके राजपूत शामिल हुए। कार्यक्रम में एडीबी बैंक से जिगर भट्ट ने मुख्य संबोधन दिया तथा एडीबी की तकनीकी सहायता टीम से अरविंद करंदीकर ने सौर ऊर्जा पैनल और सिस्टम के रखरखाव व मुख्य घटकों के बारे में समझाया। वहीं प्लानेट सोलर जयपुर से सुरेंद्र ने सौर ऊर्जा सिस्टम के रखरखाव के तरीके का प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य में पीएम सूर्य घर सोलर योजना के अंतर्गत एसबीआई से लाभान्वित महिलाओं के लिए किया गया। इसमें सैकड़ों महिला प्रतिभागी सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के परिणामस्वरूप घरों पर लगे सौर ऊर्जा सिस्टम के उचित रखरखाव से बिजली उत्पादन की दर सुचारु रहेगी, जिसके फलस्वरूप बिजली की उच्च मांग वाले दिनों में बिजली उत्पादन ग्रिड पर दबाब कमतर रहेगा तथा राजस्थान राज्य सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन में अग्रणी राज्य बन सकेगा।

## गीता भवन में संत गंगाराम साहिब की 133वीं बरसी पर भव्य मेला कल से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आदर्श नगर स्थित गीता भवन में पूज्य संत श्री गंगाराम साहिब की 133वीं बरसी के उपलक्ष्य में 27 व 28 फरवरी को दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला संयोजक मोहन गंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 27 फरवरी को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण, शुभारंभ घट स्थापना एवं हवन से होगी। इसके पश्चात ज्योत प्रज्वलन, जनेऊ एवं मुंडन संस्कार, बहिराणा साहिब तथा संत मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल आरती, छेज, डांडिया एवं सामूहिक फेरे होंगे। रात्रि 7 बजे भारत की प्रसिद्ध बालक मंडली (गोरधन व दिलीप उदासी) कटनी द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम से जुड़े हेमन दास रामचंदानी ने बताया कि 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया जाएगा। 11 बजे गुरु ग्रंथ साहिब पाठ, भोग व अरदास का आयोजन होगा। दोपहर में जनेऊ एवं मुंडन संस्कार तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम (सिंधी भाषा में) प्रस्तुत किए जाएंगे। सायंकाल माता लीलावती दरबार मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे तथा आरती, छेज, डांडिया एवं सामूहिक फेरे होंगे। मेले का समापन 1 मार्च को सुबह 6 बजे बालक मंडली के भजन एवं 8 बजे आरती, महाप्रसाद, आस जो झोली, अरदास व पुष्प वर्षा के साथ किया जाएगा। आयोजन पूज्य संत श्री गंगाराम साहिब चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर के तत्वावधान में किया जा रहा है।



## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट-2026 और जोधपुर स्पेशल इवेंट पर गजसिंह का मार्गदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा के नेतृत्व में एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य संरक्षक जोधपुर पूर्व राजघराने के सदस्य गजसिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान वर्ष 2026 में प्रस्तावित पर्यटन गतिविधियों और विशेष आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य फोकस राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट-2026 की तैयारियों को अंतिम रूप देने और 2026 में जोधपुर में प्रस्तावित विशेष पर्यटन आयोजन के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त करना रहा। प्रतिनिधिमंडल ने जोधपुर को विरासत पर्यटन, डेस्टिनेशन वेडिंग और सांस्कृतिक अनुभवों के प्रमुख केंद्र के रूप में और सशक्त बनाने की रणनीति प्रस्तुत की। गज सिंह ने विरासत संरक्षण के साथ आधुनिक पर्यटन को संतुलित रूप से बढ़ावा देने के सुझाव दिए। साथ ही उन्होंने उन्होंने एफएचटीआर की आगामी पहलों को पूर्ण समर्थन प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना आज

### महाराजा एवं महारानी कॉलेजों की जमीन का नामांकरण जेडीए एवं नगर निगम के नाम किए जाने का विरोध



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में हाल ही पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महाराजा एवं महारानी कॉलेजों की जमीन का नामांकरण जेडीए एवं नगर निगम के नाम किए जाने का विरोध जताया गया। साथ ही 26 फरवरी को सुबह 11 बजे से राजस्थान विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर धरना कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर शर्मा एवं महासचिव डॉ. एनके लोहिया के अनुसार यह निर्णय शहर की शैक्षणिक विरासत के प्रतीकों की ऐतिहासिक पहचान और स्वायत्तता पर संकट उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि धरने में विश्वविद्यालय पेंशन की लंबित मांग के संबंध में भी राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। धरने को राजस्थान विश्वविद्यालय से संबंधित सभी पेंशनर्स एसोसिएशंस, रूटा एवं रूनसा सभी का सहयोग प्राप्त है।

# युवा प्रतिभाओं की कूची से सजी राजस्थान की कला

**45वीं छात्र कला प्रदर्शनी में 10 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी एवं कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के तत्वावधान में झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित अकादमी संकुल में आयोजित 45वीं छात्र कला प्रदर्शनी में 10 छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट कृतियों के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कलाकार डॉ. नाथूलाल वर्मा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए चयनित और पुरस्कृत प्रतिभाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कला, साहित्य एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और कलाकारों को भी इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, जिससे राजस्थान की समृद्ध कला परंपरा को वैश्विक मंच मिल सके।



अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इस प्रदर्शनी में युवा प्रतिभाओं की कलाकृतियां उच्च स्तर की रहीं। उन्होंने कहा कि उदयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि अकादमी कला मेले की रजत जयंती राजस्थान दिवस के अवसर पर 17 मार्च को आयोजित होगी। साथ ही 'मेरा गांव मेरी धरोहर' पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की कला-धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी उपलब्ध है। 45वीं छात्र कला प्रदर्शनी 5 मार्च तक अकादमी संकुल में दर्शकों के लिए निशुल्क खुली रहेगी।

## होली पर्व पर साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 09425 साबरमती-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 23 फरवरी से 23 मार्च तक (5 ट्रिप) साबरमती से प्रत्येक सोमवार को 18:45 बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर 06:10 बजे आगमन व 06:20 बजे प्रस्थान कर 20:30 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार 09426 हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 24 फरवरी से 24 मार्च तक (5 ट्रिप) हरिद्वार से प्रत्येक मंगलवार को 21:45 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 11:15 बजे आगमन व 11:25 बजे प्रस्थान कर 22:30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, जवाईबांध, फालना, रानी, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ कैंट, मुजफ्फरनगर व रूडकी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 2 सैकंड एसी, 4 थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

**मार्ग परिवर्तित रहेंगी ट्रेन :** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा रांची-लोहरदगा-टोरी रेलखंड के मध्य ब्रिज संख्या 115 पर तकनीकी कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण 08612 अजमेर-संतरागाछी स्पेशल ट्रेन जो 5 मार्च को अजमेर से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग वाया टोरी-बरकाकाना-मूरी होकर संचालित होगी। 08611, संतरागाछी-अजमेर स्पेशल ट्रेन जो 2 मार्च को संतरागाछी से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग वाया मूरी-बरकाकाना-टोरी होकर संचालित होगी।

## श्री जीण माताजी की 27वीं पदयात्रा का किया स्वागत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्री जीण माता की 27वीं पदयात्रा सिरसी रोड, जयपुर से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रवाना हुई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान टांटियावास टोल प्लाजा पर नायकी माता यात्रा विकास समिति जयपुर द्वारा पदयात्रियों का स्वागत किया गया। समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के अवसर पर राजेंद्र माथुर, सुरेश मीणा, मुकेशदत्त माथुर, ओमप्रकाश माथुर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। समिति की ओर से अध्यक्ष युगलकिशोर नेहवारिया, महासचिव राधामोहन माथुर, कोषाध्यक्ष साकेत माथुर एवं संयुक्त सचिव विजेंद्र माथुर ने पदयात्रियों का स्वागत किया।



## होली का धमाल 3 मार्च को

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अग्रयुवा शक्ति जयपुर द्वारा 3 मार्च को सांगानेरी गेट स्थित अग्रवाल कॉलेज में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रंग बरसे (होली धमाल) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष रूपकिशोर गोयल, महामंत्री किशन अग्रवाल ने बताया कि इसमें विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम होंगे। अग्रयुवा शक्ति द्वारा हर वर्ष इस तरह के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें प्रमुख अग्रबंधु क्रिकेट प्रीमियर लीग, महाकुंभ यात्रा है। इसके अलावा हाल ही इनके द्वारा निशुल्क अग्र मोक्ष वाहिनी का संचालन भी किया जा रहा है। वहीं अग्रवाल बंधुओं के लिए निशुल्क बुक बैंक भी स्थापित किया गया है।

## अग्रवाल महिला मंडल के फागोत्सव में सास-बहू का हुआ सम्मान



**सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य और राधा-कृष्ण की सजीव झांकी बनाई गई। सुनीता गुप्ता ने बताया कि फागोत्सव के साथ-साथ विशेष रूप से सास बहू सम्मान समारोह का आयोजित किया गया, जिसमें समाज की प्रेरणादायक सास-बहू जोड़ियों को सम्मानित किया गया। संगीता अग्रवाल ने समारोह के जरिए परिवार में आपसी प्रेम, सहयोग और संस्कारों की महत्वता पर प्रकाश डाला। अग्रवाल समाज मंडी रोड अध्यक्ष रामगोपाल सिंघल, हाउसिंग बोर्ड अग्रवाल समाज अध्यक्ष गिरिराज गर्ग एवं महिला मंडल अध्यक्ष हाउसिंग बोर्ड, शहर, बजरिया का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक कृष्णा गुप्ता, महामंत्री हर्षा सिंघल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं महिला कार्यकारिणी सदस्य मीनाक्षी गर्ग, संजू सिंघल, कुसुमलता गुप्ता, प्रेरणा गर्ग, नीलम गुता, दीपा गर्ग, ममता, राजकुमारी मंगल, अरुणा गर्ग, इंदिरा गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### होली की धमचक : लोक कला और संस्कृति से जुड़ी परंपराओं का निर्वहन

# थार मरुस्थल में बजने लगे चंग, महिलाएं लूर में मग्न

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** सरहदी जैसलमेर-बाड़मेर जिलों में मदोत्सव एवं रंगोत्सव की मस्ती छाई हुई है। आधुनिकता की दौड़ के बावजूद थार मरुस्थल में लोक कला और संस्कृति से जुड़ी परम्पराओं का निर्वाहन किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में होली की धूम मची है। ग्रामीण अंचलों में रंगोत्सव की मदमस्ती बरकरार है। ग्रामीण चौपालों पर सूरज ढलते ही ग्रामीण चंग की थाप पर फाग गाते नजर आते हैं। वहीं फागुनी लूर गाती महिलाओं के दल फागोत्सव के प्रति दीवानगी का एहसास कराते हैं।

जैसलमेर में होली (फाग) का उत्सव होलाष्टक से शुरू होकर एकादशी (ग्यारस) को विशेष रूप से लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में राजपरिवार की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया जाता है। यहां की 'शाही होली' में गैर नृत्य, पारंपरिक फाग गीत और गुलाल की होली की अद्भुत परंपरा है। फाल्गुन माह में पूरे शहर में भक्तिमय माहौल के साथ फूलों की होली और उत्सव चलते हैं। शहर के आराध्य देव लक्ष्मीनाथ जी के साथ होली खेलकर उत्सव की शुरुआत होती है। ग्यारस को महारावल (राजपरिवार) स्वयं मंदिर में आकर गुलाल और फाग का आनंद लेते हैं।

सीमावर्ती बाड़मेर-जैसलमेर जिले की लोक परम्पराओं का निर्वहन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हो रहा है। रंग और मद के इस त्यौहार के प्रति ग्रामीण अंचलों में दीवानगी बरकरार है। ग्रामीण चौपालों पर ग्रामीणों के दल सामुहिक रूप से चंग की थाप पर फाग गीत गाते नजर आते हैं। अलबता होली के धमाल के लिए प्रसिद्ध सनावड़ा गांव के बुजुर्ग रूपाराम ने बताया कि गांव के युवा रोजगार के लिए गुजरात गए हुए हैं। हमारे गांव में होली का रंग फीका नहीं पड़ता। होली से तीन चार दिन पहले ही रोजगार के लिए बाहर गए युवा पर्व मनाने पहुंच जाएगे।

होली से 15 दिन पूर्व गांव में चौपाल पर शाम होते-होते गांव के बड़े -बुजुर्ग, बच्चे सभी एकत्रित होने लगते हैं। चंग बजाने वालो की थाप पर ग्रामीण सामुहिक रूप से फाग गाते हैं। गांव की महिलाएं रात्रि में एक जगह एकत्रित होकर बारी-बारी से घरों के आगे फाग गाती हैं।

महिलाएं दो दल बनाकर लूर फाग गाती हैं। लूर में दोनों महिला दल आपस में गीतों के माध्यम से सवाल-जवाब करते हैं। लूर थार की परम्परा है। लुप्त हो रही लूर परम्परा सनावड़ा तथा सिवाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों तक सिमट कर रह गई है। फाग गीतों के साथ-साथ डाण्डिया गेर नृत्य का भी आयोजन होता है।

### नन्हे रसियों ने बजाई बांसुरी, एक साथ चंग-ढप पर दी थाप

**फतेहपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** फाल्गुन का महीना नजदीक आते ही शेखावाटी में जगह-जगह फागोत्सव की धूम मच जाती है। चंग और ढप की थाप पर और बांसुरी की धून में क्या बच्चे-क्या बुजुर्ग और क्या युवा, हर कोई इसे सुनने के लिए पहुंचता है। ऐसा ही नजारा फतेहपुर के अमृत कृपा भवन में देखा गया। जहां फागोत्सव का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चे जहां एक साथ चंग पर थाप देते नजर आए, वहीं बांसुरी



की सुरली आवाज ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में राजस्थान की प्रसिद्ध ढप और चंग की प्रस्तुति देने वाली गोवत्सव मंडली द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। मंगलवार देर रात तक रात अमृत कृपा पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विश्वनाथ बावलिया व काशीसैनी ने फाग की गीतों की प्रस्तुतियां देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान गोवत्स ढप मंडली मंडली एवं लक्ष्मीनाथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने ढप-चंग की थाप पर बांसुरी पर फाल्गुनी गीतों की प्रस्तुति दी।

## बोलता बालाजी धाम में फागोत्सव एवं चंग बांसुरी कार्यक्रम आयोजित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** माधव सागर तालाब स्थित श्री बोलता बालाजी धाम में बुधवार दोपहर फागोत्सव एवं रात्रि में चंग बांसुरी का आयोजन हुआ।

मंदिर कमेटी की मीडिया प्रभारी गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि मंदिर महंत सुनील तिवाड़ी महाराज के सान्निध्य में मातृशक्ति द्वारा फागोत्सव का कार्यक्रम एवं रात्रि में शुक्लेश्वर महादेव एवं शीतला बाल संघ द्वारा चंग बांसुरी का आयोजन धूमधाम से किया गया। भजन गायिका संतोष खंडेलवाल, सरोज शर्मा, कांता शर्मा, मंजू मिश्रा, पवन शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही फूलों की होली खेली गई। राधाकृष्ण की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में पिंकी तिवाड़ी, अर्चना पारीक, नीलम जांगिड़, कुसुम लता, शांति जांगिड़, गायत्री दाधीच, सुशीला शर्मा, मंगेशर, द्रौपदी जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

## विधानसभा घेराव को गए सैनी समाज के लोगों का किया स्वागत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**चाकसू।** जयपुर विधानसभा घेराव को लेकर भाग लेने जा रहे माली सैनी कुशवाह सुमन शाक्य समाज के युवा साथियों का बुधवार सवेरे माली सैनी समाज विकास समिति रामपुरा चाकसू समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा शिवदासपुरा द्वारा यहां रामपुरा चाकसू छात्रावास पर स्वागत किया गया। गौरतलब है कि आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विधानसभा घेराव करने के लिए कोटा, बूंदी, नैनवां, जहाजपुर, देवली, उनियारा, टोडारायसिंह, टोंक, निवाई के लोग चाकसू होकर ही गुजर रहे हैं। ऐसे में छात्रावास के बाहर समिति द्वार सभी का स्वागत किया गया। समिति के रामरतन सैनी ने बताया कि निवाई-टोंक रूट से हजारों लोगों ने जयपुर विधानसभा घेराव के लिए कूच किया। स्वागत के दौरान गिरिराज प्रसाद अजमेरा, लालाराम सैनी, शुभम सैनी, रामअवतार सैनी, माली सैनी समाज निवाई अध्यक्ष के साथ राजेश सैनी कनेसर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बालविवाह की रोकथाम के लिए जारी योजनाओं से कराया अवगत

### आशा, एलएसयूसी, एलएसयूएम एवं डॉन यूनिट के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बैठक का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**बाल विवाह का समर्थन नहीं करने की दिलाई शपथ**

इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम ने पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों के साथ मीटिंग का आयोजन कर उनके कार्यव्यवहार एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी के संबंध में विचार-विमर्श कर उन्हें नालसा एवं रालसा योजनाओं, पोश एक्ट, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, मध्यस्थता कानूनों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर अपराधों की रोकथाम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना, हिट एण्ड रन योजना आदि विषयों के संबंध में अधिकाधिक आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह का समर्थन नहीं करने एवं बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित विभागों को सूचित करने के संबंध में शपथ दिलाई गई।

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बुधवार को एडीआर सेन्टर सवाई माधोपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर आशा योजना-2025 के प्रावधानों, बाल विवाह की व्यापकता एवं जोखिम वाले क्षेत्रों में बाल विवाह के पीड़ितों की पहचान कर बालविवाह की तत्काल रोकथाम करने एवं दीर्घकालिक सामुदायिक जागरूकता को मजबूत करने के लिए संचालित 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान 'बालविवाह मुक्त भारत अभियान', बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 'पोक्सो एक्ट' 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित आशा यूनिट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, बाल विवाह की शिकायत के निवारण में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की भूमिका आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही नालसा (बालकों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 का उद्देश्य, बच्चों से संबंधित अपराधों के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने, आपराधिक न्याय प्रक्रिया में बच्चों के लिए कानूनी सहायता, बच्चों के संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों के साथ सम्पर्क स्थापित कर बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों तक पहुंचाना, उनकी सुरक्षा के लिए प्रयासों तथा नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2024 के तहत मानसिक बीमारी एवं बौद्धिक असक्षता वाले व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों, उन्हें सभी प्रकार के सिविल, प्रशासनिक, आपराधिक एवं अन्य मामलों में कानूनी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए किए जा सकने वाले प्रयासों आदि के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। वहीं नशीली दवाओं के उपयोग से होने वाले नुकसान, मादक पदार्थों की अवैध तस्करी, शिक्षा के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के उन्मूलन, नालसा ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन, फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया स्कीम (डॉन) 2025 के तहत पात्र व्यक्तियों तक विधिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, पीड़ितों के पुनर्वास एवं सामाजिक पुनः एकीकरण की प्रक्रिया एवं विधिक सेवा ढांचे को मजबूत करने में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिका के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

## 'घर-घर गीत हर घर गीत' अभियान जारी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे में सन्तान संस्कृति के 16 संस्कारों की क्लास व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में सैकड़ों बच्चे भाग ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता उपदेशक योगी मोहननाथ महाराज के सान्निध्य में चल रहे 'घर-घर गीत हर घर गीत' अभियान व श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान उपदेश दोपहर 1 से 3:30 बजे तक व सायं हनुमान चालीसा के पाठ आयोजित किए जा रहे हैं। हनुमान की ढाणी स्थित ढहर का बालाजी के पुजारी अनिल शर्मा मोंटू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं व बाल गोपाल संस्कृति का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

## केसरिया फाग महोत्सव आज



**नीमकाथाना (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य धार्मिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में 'हमारी संस्कृति हमारी धरोहर' कार्यक्रम के अंतर्गत केसरिया फाग महोत्सव 26 फरवरी को सायं 7 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांतीय सह प्रचारक विशाल व सूर्य पीठ लोहार्गल धाम संत शिरोमणि अवधेशानंद महाराज के मुख्य सान्निध्य में रामलीला मैदान पर आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष मनोज बंसिया ने बताया कि होली महोत्सव में राजस्थानी लोकगीत गायिका मनीषा सैनी, हास्य कवि अमित मंगल हारा, हरीश हिंदुस्तानी, योगेश शर्मा, राधा हिंदुस्तानी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में सवाई माधोपुर अग्रणी



### 15 हजार 856 पशुओं का बीमा, 7 हजार 494 पशुपालकों को मिला आर्थिक सुरक्षा कवच

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पशुपालन क्षेत्र को मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में सवाई माधोपुर जिले में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अब तक 15 हजार 856 पशुओं का निशुल्क बीमा किया जा चुका है, जिससे 7 हजार 494 पशुपालकों को सीधे आर्थिक सुरक्षा का लाभ मिला है।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि पंजीकरण एवं स्वास्थ्य प्रमाणन की उपलब्धि के आधार पर सवाई माधोपुर राज्य में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 28,150 पशुओं के बीमा का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 22,749 पशुओं का पंजीकरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 81 प्रतिशत है।

पशुपालन विभाग के अनुसार, अब तक 9,899 पशुपालकों (जनाधार) का पंजीकरण किया गया है। पंजीकृत पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 16,857 पशु बीमा के लिए उपयुक्त पाए गए, जबकि कुछ पशु अनुपलब्ध अथवा अयोग्य रहे। सर्वेक्षण प्रक्रिया के दौरान 15,967 पशुओं की फोटो अपलोड की गई, जिनमें तकनीकी कारणों से मात्र 41 फोटो अस्वीकृत हुई।

## अरावली संरक्षण यात्रा पहुंची स्यालोदड़ा

### ग्रामीणों ने किया स्वागतः गुजरात से दिल्ली तक निकाली जा रही है यात्रा

महानगर टाइम्स संवाददाता




**नीमकाथाना।** गुजरात से दिल्ली जा रही अरावली संरक्षण यात्रा बुधवार को सीकर जिले के नीमकाथाना इलाके के हरियाणा सीमा से सटे अंतिम गांव स्यालोदड़ा पहुंची। यात्रा का नेतृत्व पीपुल्स फॉर अरावली की संस्थापक नीलम आहुलवालिया कर रही हैं। यात्रा दल के स्यालोदड़ा पहुंचने पर ग्रामवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर यात्रा दल ने आस-पास के क्षेत्र के लोगों से संवाद कर चिड़ीमार पहाड़ में चल रहे अवैध खनन, अवैध क्रेशरों तथा कृषि व श्वसन, खाद्यान्न में फैल रहे भारी धूल प्रदूषण और उससे हो रही धूलजनित बीमारियों की वास्तविक स्थिति जानी। यात्रा टीम ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही धूलजनित बीमारियों पर गहरी चिंता जताई।

इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चिड़ीमार पहाड़ राजस्थान-हरियाणा की सीमा पर स्थित है। एक ओर यह क्षेत्र राजस्थान में वन क्षेत्र (फॉरेस्ट पार्ट) में आता है, जबकि दूसरी ओर हरियाणा में इसे ग्राम पंचायत के राजस्व रिकॉर्ड में दर्शाया गया है। इसी कानूनी विसंगति का लाभ उठाकर हरियाणा सरकार के अधीन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वैध एवं अवैध खनन किया जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि चिड़ीमार पहाड़ की वास्तविक ऊंचाई लगभग 500 से 600 मीटर होने तथा एनसीआर क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद, कम ऊंचाई दर्शाकर पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करते हुए खनन पट्टा जारी है, जिससे एनसीआर के 'फेफड़े' कहे जाने वाले अरावली पर्वतमाला को हरियाणा सरकार से गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

## सवाई माधोपुर जिले से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता 28 को जाएंगे अजमेर

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अजमेर में आयोजित जनसभा को लेकर भाजपा सवाई माधोपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक बुधवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में हुई।

जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने को लेकर योजना तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में जिले से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बस एवं निजी साधनों से अजमेर कायड़ विश्राम स्थली सभास्थल पर पहुंचेंगे। इसके लिए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल को विधानसभा प्रभारी एवं लालचंद गौतम को सहप्रभारी नियुक्त किया। वहीं प्रत्येक मंडल पर प्रभारी और सहप्रभारी तय किए गए। बजरिया मंडल में ओमप्रकाश शर्मा प्रभारी और केशव शर्मा सहप्रभारी, शहर मंडल में रामपाल बालोत प्रभारी और बाबूलाल महावर सहप्रभारी, कुंडेरा मंडल में मनीष शर्मा प्रभारी और भगवान सैनी सहप्रभारी, ग्रामीण मंडल में हाबूलाल मीणा प्रभारी और प्रेमराज मीणा सहप्रभारी, मलारना डूंगर मंडल में प्रभारी हनुमान मीणा और हुकुम सोनी सहप्रभारी नियुक्त किए हैं।

**पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा :** बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, पंचायतराज चुनाव की तैयारी और पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भी चर्चा की। बैठक में कार्यक्रमों को गति प्रदान करने की भूमिका बनाते हुए आगामी 8 मार्च को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय किया गया।

### तीन दिवसीय दादागुरु इकतीसा पाठ एवं चादर महोत्सव 6 मार्च से

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया पोस्टर का विमोचन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर 6 से 8 मार्च को जैसलमेर में आयोजित होने जा रहे त्रिदिवसीय दादागुरु इकतीसा पाठ एवं चादर महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान की पावन भूमि संत परंपरा, आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक एकात्मता की धरोहर रही है तथा यह आयोजन सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने 1 करोड़ 8 लाख सामूहिक दादागुरु इकतीसा पाठ के संकल्प को युगांतकारी आध्यात्मिक पहल बताते हुए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

चादर महोत्सव का मुख्य आकर्षण दादागुरु इकतीसा पाठ 6-8 मार्च को गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरी की पावन निश्रा में आयोजित होने जा रहे त्रिदिवसीय चादर महोत्सव का मुख्य आकर्षण 7 मार्च को विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक 'दादागुरु इकतीसा पाठ' का ऐतिहासिक महासंकल्प रहेगा। निर्धारित समय पर देश-विदेश में श्रद्धालु एक साथ पाठ करेंगे, जिससे वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इस विराट महोत्सव के प्रेरणास्रोत आचार्य जिनमनोज्ञ सागर हैं। चादर महोत्सव समिति के चेयरमैन महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा एवं संयोजक जीतो के पूर्व चेयरमैन तेजराज गोलेछा हैं। पोस्टर विमोचन अवसर पर ज्योति कुमार कोठारी, राष्ट्रीय संयोजक, दर्शन कोठारी ट्रस्टी खरतरगच्छ संघ एवं संयुक्त सचिव राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स, शांतिलाल गोलेछा अध्यक्ष तेरापंथी सभा, रणजीत हीरावत सहमंत्री तेरापंथी सभा और राजेश सिंघवी मंत्री जीतो राजस्थान मौजूद रहे।

## सीकर से जाएंगे 7500 कार्यकर्ताः बाटड़



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 को अजमेर में आयोजित जनसभा व पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिले के संगठन प्रभारी व पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने कहा कि सीकर जिले की सभी आठों विधानसभा से हजारों से संख्या में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जाएंगे। उन्होंने कहा कि साथ ही पंचायती राज व निकाय चुनावों की तैयारियों में अभी से जुट जाएं। सीकर की पंचायतों, जिला परिषद व निकायों में भाजपा की जीत का परचम लहराना है। सह जिला संगठन प्रभारी अनिता गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अजमेर में होने वाली जनसभा में प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ता जाएं। पंचायती राज व निकाय चुनावों के लिए गुर्जर ने कहा कि भाजपा को अधिक मजबूती के साथ पंचायती राज व निकाय चुनावों में विजयी बनाएं।जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभा में जिले से 7500 से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व निकाय चुनावों में भाजपा जीते, ऐसे प्रयास सभी को मिलकर करने हैं। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि सभी को एकमत होकर पंचायती राज व निकाय चुनावों में उतरना है।

बैठक में पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व राजकुमारी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, दिनेश जोशी, प्रदेश प्रवक्ता महिपाल महला व भूपसिंह पूनियां, नीलम मिश्रा आदि मंचस्थ रहे। संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया।

# संयोग : कल एक साथ मनाई जाएगी अमला और रंगभरी एकादशी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** फाल्गुन शुक्ल एकादशी (27 फरवरी) को रंगभरी एकादशी मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 27 फरवरी को रात्रि 12:33 बजे से एकादशी प्रारंभ होकर उसी दिन रात 10:32 बजे तक रहेगी। उदय तिथि के आधार पर 27 फरवरी को ही एकादशी व्रत रखा जाएगा।

इसी दिन अमला एकादशी और रंगभरी एकादशी का संयोग भी रहेगा, जिससे इस तिथि का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। व्रत का पारण 28 फरवरी को सुबह 6:47 बजे से 9:06 बजे के बीच करना शुभ रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के ज्योतिषाचार्य पं. बंशीलाल शास्त्री के अनुसार फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाने वाली रंगभरी एकादशी आध्यात्मिक दृष्टि से शुभ मानी जाती है। यह दिन भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा और व्रत व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इसे आमलकी एकादशी या आंवला एकादशी भी कहा जाता है। इस पावन तिथि पर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करने और व्रत रखने से पापों का क्षय होता है, कॅरियर में उन्नति के द्वार खुलते हैं और जीवन में सुख-शांति का वास होता है।

### जीवन में मिलती है सुख-शांति

**रंगभरी एकादशी** पर प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। संभव हो तो किसी पवित्र नदी में स्नान करें, अन्यथा स्नान जल में गंगाजल मिलाकर भी स्नान किया जा सकता है। स्नान के बाद भगवान श्रीहरि विष्णु की विधि-विधान से पूजा करें। पूजा में तुलसी दल अर्पित करें और श्रद्धा से आंवला भगवान को समर्पित करें। शास्त्रों में आंवले को अत्यंत पवित्र माना गया है। विश्वास है कि इस उपाय से भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है।

### जीवन में मिलेगी सफलता

**रंगभरी एकादशी** के दिन भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए पीले पुष्पों की माला अर्पित करें। इसके साथ ही खीर का भोग लगाएं और 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का श्रद्धापूर्वक जप करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह उपाय व्यक्ति के प्रयासों में सफलता दिलाता है और अटके हुए कार्यों में गति प्रदान करता है।

### कार्यक्षेत्र में मिलेगी तरक्की

**रंगभरी एकादशी** के दिन आंवले के वृक्ष को जल अर्पित करें और सच्चे मन से प्रार्थना करें। वृक्ष की जड़ की थोड़ी सी मिट्टी लेकर अपने माथे पर तिलक लगाएं। ऐसा करते समय मन में अपने लक्ष्य और उन्नति की कामना करें। मान्यता है कि यह उपाय कार्यक्षेत्र की रुकावटों को दूर करता है और तरक्की के नए मार्ग खोलता है।

16 मार्च से तीन राशियों पर बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा

## मंगल-चंद्र की युति से चमकेगा भाग्य

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** ग्रहों की चाल से 16 मार्च को ऐसा संयोग बन रहा है, जो किस्मत पलटने की ताकत रखता है। अंतरिक्ष में मंगल और चंद्रमा की जुगलबंदी से महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को सुख-समृद्धि और अटूट धन-संपत्ति का कारक माना जाता है। वैसे तो इस राजयोग का असर सभी 12 राशियों पर पड़ेगा, लेकिन तीन राशियां ऐसी हैं जिन्हें छप्पर फाड़कर खुशियां और पैसा मिलने वाला है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार जब ग्रहों के सेनापति मंगल की शुभ दृष्टि चंद्रमा पर पड़ती है या ये दोनों केंद्र भाव में एक साथ मजबूत स्थिति में होते हैं, तब बनता है महालक्ष्मी राजयोग। यह योग ना केवल आर्थिक तंगी दूर करता है, बल्कि कॅरियर में ऊंचाइयां और मान-सम्मान भी दिलाता है।

### इन राशियों को विशेष लाभ

**मकर राशिः** मकर राशि वालों के लिए यह राजयोग उनके धन और वाणी के स्थान पर बन रहा है।

**फायदा :** अगर आपका पैसा कहीं लंबे समय से फंसा हुआ था, तो वह वापस मिल सकता है।

**कॅरियर :** ऑफिस में आपकी बातों को तवज्जो मिलेगी। उच्चाधिकारी आपकी राय को अहमियत देंगे, जिससे प्रमोशन के रास्ते खुलेंगे।

**बिजनेस :** व्यापारियों को कोई ऐसी बड़ी डील मिल सकती है, जिसका उन्हें सालों से इंतजार था।

**वृष राशि :** वृष राशि के जातकों के लिए यह योग उनके कर्म भाव में बन रहा है, जो सीधे तौर पर आपके काम और ऐशो-आराम से जुड़ा है।

**अचानक लाभ :** पैतृक संपत्ति या पुराने निवेश से अचानक बड़ा मुनाफा होने के संकेत हैं।

**नई शुरुआत :** अगर आप नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी बदलना चाहते हैं तो 16 मार्च के बाद का समय सबसे सटीक है।

**विदेश योग :** जो लोग विदेश जाने या विदेशी कंपनियों के साथ जुड़कर काम करना चाहते हैं, उनके लिए रास्ते साफ होंगे।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि वालों के लिए यह राजयोग उनके भाग्य स्थान पर सक्रिय हो रहा है।

**तरक्की :** नौकरी में बेहतरीन ऑफर मिल सकते हैं। आपकी आमदनी के नए और स्थाई स्रोत बनेंगे।

**यात्रा :** बिजनेस के सिलसिले में की गई यात्राएं बेहद सफल और लाभदायक रहेंगी।

**योजनाएं :** आपकी लॉन्ग-टर्म फाइनेंशियल प्लानिंग अब रंग लाने लगेगी, जिससे भविष्य सुरक्षित महसूस होगा।

### मंगल करेंगे राहु के नक्षत्र में प्रवेश, होगा सकारात्मक असर

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 16 मार्च के अलावा 3 मार्च से भी ग्रहों की चाल बदलनी शुरू हो जाएगी। मंगल देव राहु के नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक असर सिंह, धनु और कुंभ राशि वालों पर भी देखने को मिलेगा। चूंकि यह बदलाव होली के आसपास हो रहा है, इसलिए ज्योतिषियों का मानना है कि इस दौरान हनुमानजी की पूजा करें और जरूरतमंदों को गुड़ या लाल रंग की मिठाई का दान करें। इससे मंगल का शुभ प्रभाव और बढ़ जाएगा। 16 मार्च से शुरू होने वाला यह दौर निवेश और कॅरियर के बड़े फैसलों के लिए उत्तम है।

## श्रीनहर के गणेशजी मंदिर में फागोत्सव की धूम



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** ब्रह्मपुरी माउंड रोड स्थित अतिप्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज मंदिर में बुधवार को विशाल फागोत्सव मनाया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि यह उत्सव मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में गणपति की पूजा-अर्चना करके रंग-बिरंगी फागुणिया पोशाक पहनाकर प्रारंभ हुआ। मंदिर में रंग-बिरंगे परिधानों एवं ढप-चंग-पिचकारी, रंग-बिरंगी गुलाल से नयनाभिराम फागुणियां झांकी सजाई गई। दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक पद्मश्री गुलाबो सपेरा व साथी कलाकार, सुरेश पांचाल, नृत्य गुरु राजेंद्र राव व उनके शिष्यगण, गोपालसिंह राठौड़ एवं भवई नृत्यांगना आचुकी सागर के भवई तथा मीनाक्षी डांसर व श्यामजी झांकी वालों की झांकियों तथा परवीन मिर्जा, उग्रसेन तंवर के कार्यक्रम हुए। आरती के बाद राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कथक कलाकारों के नृत्य के कार्यक्रम हुए। इनमें प्रमुख रूप से नृत्यगुरु शशि सांखला व शिष्यगण, संगीता सिंघल व शिष्यगण, शिवी जोशी, मोनिका अग्रवाल, नलीनी, रोहित मदन महाराज, जयराज जबड़ा व शिष्यगण, परमेश्वर कथक, सांवरमल कथक, दिलशाद इत्यादि के कार्यक्रम हुए। मंच संचालन राजेश आचार्य व आरडी अग्रवाल ने किया। हाजिरी देने वाले सभी कलाकारों का मंदिर परिवार की ओर से सम्मान किया गया।

## माथुर चतुर्वेदी महापरिषद राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** माथुर चतुर्वेदी महापरिषद रजि. के स्थापना दिवस की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर महापरिषद की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। यह पुनर्गठन प्रदेशाध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी तथा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) व राजस्थान प्रदेश प्रभारी प्रणव चतुर्वेदी (कानपुर) के अनुमोदन एवं सहमति से घोषित किया गया।

कार्यकारिणी में कुंदन लाल चतुर्वेदी, सुरेश चतुर्वेदी, केदार चतुर्वेदी, कुलदीप नाथ मिश्रा एवं विवेक चतुर्वेदी को प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि हृदयेश चतुर्वेदी को प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर सुयश चतुर्वेदी (उदयपुर), सपन मिश्रा चतुर्वेदी (जयपुर), सीमांतनी चतुर्वेदी (जवाहर नगर, जयपुर), ओमप्रकाश चतुर्वेदी (भवानी मंडी), नीलकमल चतुर्वेदी (कोटा) एवं मोहन चतुर्वेदी (भरतपुर-जयपुर) को नियुक्त किया गया है। महामंत्री (संगठन) पद पर गिरीश चतुर्वेदी, महामंत्री पद पर जयेंद्र चतुर्वेदी तथा कोषाध्यक्ष पद पर अमित चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार मंत्री, संगठन मंत्री, संयुक्त मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री, मीडिया प्रभारी-प्रवक्ता, कार्यकारिणी सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य सहित विभिन्न पदों पर समाज के सक्रिय एवं अनुभवी सदस्यों को दायित्व प्रदान किए गए।

## भौमियाजी महाराज का फागोत्सव 1 मार्च को

**जयपुर, महानगर टाइम्स संवाददाता।** त्रिपोलिया बाजार स्थित मनिहारों का रास्ता में नाटाणी परिवार द्वारा 250 वर्ष प्राचीन आराध्य भौमियाजी महाराज का पारंपरिक फागोत्सव 1 मार्च को मनाया जाएगा। आयोजन स्थल 561, नाटाणी भवन में सायं 7 बजे से देर रात्रि तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन से जुड़े विकास नाटाणी, गोविंद नाटाणी, त्रिलोक नाटाणी, अभिताभ नाटाणी एवं राजेश नाटाणी ने बताया कि फाल्गुन माह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस फागोत्सव में फूलों की फुहार और रंग-बिरंगी गुलाल के साथ पारंपरिक उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। फागोत्सव के दौरान महाआरती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जल संरक्षण का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में खंडेलवाल वैश्य समाज के जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय विधायक एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।



श्री राधा गोविंद मंदिर में पारंपरिक होलिकोत्सव आयोजित

# भक्ति, संगीत, नृत्य, रंगों का दिखा अनुपम संगम







महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्री राधा गोविंद मंदिर में आयोजित पारंपरिक होलिकोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को भक्ति, संगीत, नृत्य और रंगों का अनुपम संगम देखने को मिला। फागुनी उल्लास से सराबोर वातावरण में राधा-कृष्ण के दिव्य स्वरूपों की मनोहारी झांकी, ब्रज रस से ओतप्रोत भजनों की मधुर स्वर लहरियां तथा भक्तों द्वारा खेली गई फूलों की होली ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। आयोजन स्थल पर 'जय श्रीकृष्ण' एवं 'राधे-राधे' के जयघोष निरंतर गूंजते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जगदीश शर्मा द्वारा प्रस्तुत मंगलमयी गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात मंजू शर्मा ने 'चालो देखण ने राधा जी' भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को ब्रज की अलौकिक लीलाओं का भावानुभव कराया। नृत्य गुरु जय कुमार के निर्देशन में उनकी शिष्याओं ने मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत कर राधा-कृष्ण की रसमयी लीलाओं को सजीव कर दिया। संजय रायजादा ने 'श्याम रंग में रंगी चुनरिया' भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

मोहन बालोदिया द्वारा 'आयो आयो फागण आयो' की प्रस्तुति ने फागुनी उमंग को और प्रगाढ़ किया। कुंजबिहारी जाजू द्वारा प्रस्तुत 'म्हारा गोविंद रसिया छैला म्हें तो थांसें होली खेलां' पर अंकिता माहेश्वरी समूह ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें दीपक शर्मा ने सहगायन किया। जोधपुर से आए बनारसी बाबू ने 'सपना में सखी देख्यो नंद को लाल' भजन प्रस्तुत कर नंदलाल की बाल लीलाओं का सजीव चित्र उपस्थित किया। रेखा सैनी एवं उनकी शिष्य मंडली ने मुन्नालाल भाट की गाई ठुमरी 'होरी मैं खेलूंगी' पर भावपूर्ण कथक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसका पठंत रवि यादव ने किया। नृत्य गुरु स्वाति गर्ग एवं उनकी शिष्या गौरवी तथा नृत्य गुरु श्वेता गर्ग के दल ने भी कथक की सशक्त प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कमल कांत कौशिक ने 'राधा गोविंद होली खेले' भजन प्रस्तुत किया। वर्तिका तिवाड़ी एवं उनके समूह ने ठुमरी 'ऐसो नंद को छैल' पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं चेतन जबड़ा एवं भवदीप जबड़ा ने भी प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुति दी।

भवाई नृत्य के पर्याय डॉ. रूपसिंह एवं उनके दल ने 'म्हें तो गुण गोविंद का गास्यां' सहित अन्य लोकगीतों पर अद्भुत भवाई नृत्य प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की सजीव झलक दिखाई। शेखावाटी क्षेत्र के कलाकारों के साथ सोहन सिंह तंवर एवं उनके समूह ने चंग नृत्य और धमाल की प्रस्तुति देकर वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। डॉ. अंकित पारीक एवं डॉ. तरुणा जांगिड़ समूह ने 'बिरज में होरी खेले नंदलाल' ठुमरी पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। पं. आलोक भट्ट ने 'जय जय राधा रमण हरि बोल' तथा 'फगवा देखन ब्रज को चलो री' भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को ब्रजधाम की अनुभूति कराई। पं. अविनाश शर्मा एवं उनके शिष्यमंडल के लगभग तीन दर्जन कलाकारों ने सामूहिक रूप से गायन, वादन एवं नृत्य की विशेष प्रस्तुतियां दीं।

### फूलों की होली खेलकर बिखेरे प्रेम, समर्पण और आस्था के रंग

**फागोत्सव के** दौरान राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूपों के समक्ष भक्तों ने फूलों की होली खेलकर प्रेम, समर्पण और आस्था के रंग बिखेरे। भजन-कीर्तन, नृत्य और लोक प्रस्तुतियों से सुसज्जित इस आयोजन में ब्रज के लाड़ले नंदलाल की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस, श्रृंगार और उल्लास से सराबोर रहा। संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने प्रभावी मंच संचालन करते हुए कलाकारों और श्रोताओं को एक-दूसरे से जोड़े रखा। कार्यक्रम संयोजक गौरव धामानी ने बताया कि होलिकोत्सव के तृतीय दिवस 26 फरवरी को भक्ति, संगीत और नृत्य से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न ख्याति प्राप्त कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। गायन प्रस्तुति में जगदीश शर्मा, अविनाश शर्मा, कुंज बिहारी जाजू, कौशल कांत (गिरधारी महाराज), ज्योति भारती गोस्वामी, संजय रायजादा, मंजू शर्मा, गोपाल सिंह राठौड़, ऋचा गुप्ता, घनश्याम गंगानी तथा गाजी खां भक्ति एवं फाग गायन से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। अंजू माथुर, पुजा, माही एवं अदिती सोगानी आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां देंगी। आयोजन सबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा।

## शीतलाष्टमी (बास्योड़ा) और कालाष्टमी का अद्भुत संयोग 11 मार्च को



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वर्ष 2026 में 11 मार्च को दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन शीतलाष्टमी और चैत्र कालाष्टमी दोनों एक साथ होंगी। हिंदू धर्म में शीतला माता को चेचक, खसरा और त्वचा रोगों से बचाने वाली देवी माना जाता है, वहीं भगवान काल भैरव (कालाष्टमी के स्वामी) नकारात्मक ऊर्जा और भय का नाश करते हैं। शीतला अष्टमी के दिन बास्योड़ा मनाने की परंपरा है। इस दिन घर में ताजा खाना नहीं बनाया जाता। मान्यता है कि इस दिन मां शीतला को ठंडे पकवानों (जैसे मीठे चावल, दही, राबड़ी) का भोग लगाया जाता है और परिवार वही प्रसाद ग्रहण करता है। हालांकि इसके पीछे वैज्ञानिक तर्क भी हैं, इनमें यह बासी खाना शरीर के लिए लाभदायक बताया जाता है। आयुर्वेद और विज्ञान के अनुसार होली के बाद जब मौसम तेजी से बदलता है तो शरीर में पित्त और गर्मी बढ़ने लगती है। इस समय ठंडा और हल्का भोजन करने से शरीर का तापमान संतुलित रहता है और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है।

मान्यता के अनुसार शीतलाष्टमी से एक दिन पूर्व रात को ही (10 मार्च की रात) अगले दिन के लिए खाना बना लिया जाएगा, वहीं 11 मार्च को गरम खाना नहीं बनाया जाएगा। माता शीतला को नीम प्रिय होने के कारण इस दिन नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डालना और घर के मुख्य द्वार पर नीम की टहनी लगाना शुभ और स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। वहीं किसी जरूरतमंद को ठंडा भोजन या पानी पिलाने से पुण्य की प्राप्ति होती है और कुंडली के 'राहु-केतु' दोष भी शांत होते हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार दिन में जहां शीतलाष्टमी मनाई जाएगी, वहीं सूरज ढलते ही कालाष्टमी का प्रभाव शुरू हो जाएगा। मान्यता है कि सूर्यास्त के बाद भगवान काल भैरव के नाम पर सरसों के तेल का दीपक जलाने से घर की सारी नेगेटिविटी तुरंत खत्म हो जाती है।

## 'कॉस्मिक हीलिंग एवं इन-पर्सन रिट्रीट' एवं मैनिफेस्टेशन पर कार्यशाला



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** 'कॉस्मिक हीलिंग एवं इन-पर्सन रिट्रीट' एवं मैनिफेस्टेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वृंदा गार्डन सोसाइटी किया गया। कार्यशाला का रिट्रीट का आयोजन चेतना साधक संदीप दाश, संस्थापक एकेडमी ऑफ अनलिमिटेड माइंड द्वारा किया गया। कार्यशाला के संयोजक कॉस्मिक हिलर ए.के. राहुल ने बताया संस्थापक संदीप द्वारा रिट्रीट कॉस्मिक हीलिंग एवं क्वांटम मैनिफेस्टेशन पर ध्यान केंद्रित का ऐसा माध्यम है, जिसमें प्रतिभागियों को डिजिटल माध्यमों से परे एक लाइव, अनुभवात्मक आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त होता है। कार्यक्रम एक सीमित क्यूरेटेड समूह के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें सामूहिक ऊर्जा साधना, अनुभवात्मक अभ्यास के साथ प्रत्यक्ष संवाद पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने सूक्ष्म शरीर जागरूकता, पंच कोश हीलिंग, कल्पवृक्ष मैनिफेस्टेशन, कर्मिक हीलिंग एवं थर्ड आई प्रोजेक्शन जैसे मार्गदर्शित सत्रों में भाग लिया, जिसका समापन एक शक्तिशाली कॉस्मिक कम्यूनियन साधना के साथ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष कम्युनिटी मेंटर दीक्षांत समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें ए.के. राहुल, नीना, गीता एवं रश्मि को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य नौ कॉस्मिक हीलिंग एवं इन-पर्सन रिट्रीट के प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वृंदा गार्डन सोसाइटी के निवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और प्रत्यक्ष रूप से लाइव कॉस्मिक ऊर्जा का अनुभव किया, जिससे पूरे रिट्रीट में सकारात्मक, ऊर्जावान और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में 'रूट्स टू विंग्स' थीम पर होगा आयोजन

# 'विमेंस इंटरनेशनल समिट ऑन एंटरप्रेन्योरशिप-2026' कल से

- पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी वीसी के माध्यम से करेंगी उद्घाटन
- पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 'सीओडब्ल्यूई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स' समारोह में होंगी शामिल



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कॉन्फिडरेशन ऑफ विमेन इंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया (सीओडब्ल्यूई) के राजस्थान चैप्टर की ओर से 27 और 28 फरवरी को दो दिवसीय 'विमेंस इंटरनेशनल समिट ऑन एंटरप्रेन्योरशिप (वाइज)-2026' का आयोजन किया जाएगा। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में दोनों दिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक समिट होगी। इस वर्ष समिट की थीम 'रूट्स टू विंग्सः स्पॉटलाइटिंग विमेंस एंटरप्रेन्योर्स फ्रॉम ग्रासरूट्स इनोवेशन टू ग्लोबल लीडरशिप' रखी गई है। 'वाइज' समिट के उद्घाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुख्य अतिथि के रूप में वीसी के माध्यम से संबोधित करेंगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 'सीओडब्ल्यूई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स' समारोह में शिरकत करेंगी और महिला उद्यमियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित करेंगी। यह जानकारी सीओडब्ल्यूई राजस्थान की फाउंडर प्रेसिडेंट निधि तोशनीवाल ने दी।

निधि ने आगे बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना, प्रेरित करना और उनके उद्यमिता सफर में सार्थक नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करना है। इन दो दिनों में उद्यमियों, स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम पार्टनर्स और उभरती महिला उद्यमियों को पैनल स्पीकर्स और इंडस्ट्री के लीडर्स से सीधा संवाद करने और नेटवर्क स्थापित करने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में पूरे भारत से महिला एंटरप्रेन्योर, सीओडब्ल्यूई नेशनल कमेटी और चैप्टर कमेटी की सदस्य शामिल होंगी।

28 फरवरी को सुबह 10:30 बजे सेशंस शुरू होंगे। इस दिन 'ग्रीन टेक्नोलॉजी और क्लाइमेट एक्शन-विमेन लेड इनोवेशन्स', 'हेरिटेज, हैंडीक्राफ्ट्स एंड टूरिज्म-लोकल रूट्स, ग्लोबल इम्पैक्ट' और 'स्टार्ट अप पिचिंग' सेशन होंगे। 'स्टार्ट अप पिचिंग' सेशन का आयोजन समिट के अंतर्गत सीओडब्ल्यूई राजस्थान द्वारा एसीआईसी वीजीयू के सहयोग से किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन अपराह्न 3:30 बजे से होगा।

### ये होंगे कार्यक्रम

**27 फरवरी** को सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र के बाद 11 बजे से सेशंस शुरू होंगे। पहले दिन के सेशंस 'अनलॉकिंग कैपिटल-फाइनेंसिंग स्कैलेबल एंड इम्पैक्ट-ड्रिवन एंटरप्राइजेज', 'एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन- क्राफ्टिंग फ्यूचर-रेडी बिजनेस' और 'लीडिंग विद इम्पैक्ट-बिल्डिंग रेजिलिएंट ऑर्गेनाइजेशन' विषय पर आयोजित होंगे। शाम 4 बजे से 'सीओडब्ल्यूई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स' समारोह होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# लापरवाही की भेंट चढ़ती जिंदगी

## लगातार विमान हादसों से आखिरकार कब मिलेगी निजात

**रांची** से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सभी 7 लोग काल का ग्रास बन गए। इस दुखद समाचार ने हमें एक बार फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर एयरप्लेन हादसे क्यों नहीं रुक रहे। इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि आदमी के चांद पर पहुंचने के बाद भी विज्ञान का क्षेत्र यहां अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो इस अभागे विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता लगाया जा सकता था या फिर इस विमान में अचानक खराबी कैसे आ गई। हैरत इस बात को लेकर भी है कि विमान बनाने वाली कंपनियां ऐसी तकनीक क्यों तैयार नहीं कर पाई हैं कि अगर कोई तकनीकी खराबी आती है तो मानव जिंदगियों को बचाया जा सके। झारखंड के चतरा जिले के कर्माटाड जंगल में सोमवार शाम एक चार्टर्ड एअर एंबुलेंस के हादसे का शिकार होने और उसमें सभी सात लोगों की मौत ने एक बार फिर इस सवाल को गहरा किया है कि क्या दिनोंदिन विमान सेवाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। गौरतलब है कि एक मरीज और उनके परिजनों को दिल्ली ले जा रही एअर एंबुलेंस मौसम खराब होने की वजह से मार्ग बदलने की कोशिश कर रही थी। मगर थोड़ी देर बाद यह विमान रडार से गायब हो गया और कुछ समय बाद उसका मलबा घने जंगल में मिला। यह हादसा पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रही वैसी घटनाओं की एक कड़ी है, जिनसे विमान यात्रा के पूरे तरह सुरक्षित होने की धारणा कमजोर होती जा रही है। झारखंड में हुए हादसे के अगले ही दिन मंगलवार को दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारना पड़ा। इसके अलावा, सरकारी कंपनी पवन हंस के एक हेलिकॉप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में आपात अवस्था में उतारना पड़ा। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी सात लोगों को बचा लिया गया। दो दिन के भीतर होने वाली ये तीन घटनाएं बताती हैं कि हाल के वर्षों में यात्रा के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही विमान सेवा अब कई स्तर पर जोखिम से गुजर रही है। जबकि विमान यात्रा को कहीं आने-जाने का सबसे सुरक्षित जरिया माना जाता रहा है। आखिर क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार विमानों के हादसे का शिकार होने से लेकर उड़ान के बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है? विमान सेवाओं के मामले में एक आम स्थिति यह है कि समय-समय पर तकनीकी स्तर पर हर पहलू से उच्च स्तरीय जांच होती है और हर कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही उसे उड़ान के लिए तैयार माना जाता है। हर उड़ान के पहले सुरक्षा जांच की एक सघन प्रक्रिया पूरी की जाती है, ताकि बीच रास्ते में कोई अड़चन न आए। मगर हाल के समय में कई विमानों की उड़ान के बाद रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने पर वापस उतारने की घटनाएं यह बताती हैं कि या तो तकनीकी स्तर पर उसमें कोई खराबी थी या फिर सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर कमी की गई। इसी महीने के शुरू में सरकार ने लोकसभा में बताया था कि भारतीय विमान सेवा के जिन विमानों की तकनीकी जांच हुई, उनमें से लगभग आधे में बार-बार खराबी पाई गई। इस क्रम में पिछले वर्ष जनवरी से छह बड़ी एअरलाइंस के 754 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 377 में बार-बार खामी आने की बात सामने आई। सवाल है कि इन विमानों में जो गड़बड़ियां पाई गईं, वे कितनी संवेदनशील थीं और उनसे पैदा होने वाले जोखिम का स्तर क्या था। अगर किसी तकनीकी खामी को नजरअंदाज करके या उसे सुरक्षा से संबंधित नहीं मान कर उड़ान की इजाजत दी जाती है, तो अक्सर ऐसी घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं कि किसी तकनीकी खराबी की वजह से विमान को बीच सफर से आपात स्थिति में वापस उतारा गया! विमान यात्रा को सबसे सुरक्षित जरूर माना जाता है, लेकिन इसकी सुरक्षा से जुड़े हर पहलू बेहद संवेदनशील भी होते हैं। इसमें किसी भी स्तर पर अनदेखी, कोताही या खराबी की आशंका के बावजूद उड़ान की इजाजत देने के गंभीर और त्रासद नतीजे सामने आ सकते हैं। हवाई सेवा सुरक्षित, त्वरित व पेशेवर परिवहन प्रणाली मानी जाती है और इसके लिए उपभोक्ताओं से भारी कीमत भी वसूली जाती है। इसमें यदि ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, एयर एंबुलेंस और पवनहंस हेलिकॉप्टर की दुर्घटना के असली कारण जांच के बाद पता चलेगा, मगर नागरिक उड्डयन विभाग के लिए यह आत्मचिंतन का समय है। अगर इसी तरह हादसे होते रहे, तो लोगों का इस क्षेत्र से भरोसा उठने लगेगा। विकसित भारत का सपना देख रहे देश के लिए यह अच्छी बात नहीं होगी। गौर कीजिए, पिछले एक दशक में अमेरिका में सालाना उड़ानों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, जबकि हमारे यहां कई हवाई अड्डों से नियमित उड़ानों के बंद होने की खबरें सुनाई देती हैं। इसलिए विमानन क्षेत्र की सुरक्षा संबंधी खामियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यह क्षेत्र लगातार नकारात्मक वजहों से सुर्खियां बटोर रहा है और इससे देश के संपूर्ण परिवहन क्षेत्र की छवि प्रभावित होती है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब इंडिगो विवाद ने देश-दुनिया में हमारी किरकिरी कराई थी। हजारों उड़ानें रद्द हुईं और मुसाफिरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इसलिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपने तंत्र को चाक-चौबंद करने के लिए काफी मेहनत करने की आवश्यकता है। एयर एंबुलेंस हादसे का एक पहलू यह भी है कि अगर रांची में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा होती, तो शायद यह नौबत ही नहीं आती। यह अकेले झारखंड की बात नहीं है। नई दिल्ली के निजी-सार्वजनिक अस्पतालों में जिस तरह देशभर के मरीजों का तांता लगा रहता है, वह अपने आप में इस क्षेत्र की दयनीय स्थिति का इश्तिहार है। आखिर एक मध्यवर्गीय परिवार के लिए छह लाख की राशि कोई कम नहीं होती, मगर अपनों को बचाने की बेचैनी में कोई भी जोखिम उठाने को वे विवश हैं। झारखंड का यह हादसा तमाम सरकारों को आईना दिखाता है कि चिकित्सा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश करने और इलाज की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है।



हवाई सेवा सुरक्षित, त्वरित व पेशेवर परिवहन प्रणाली मानी जाती है और इसके लिए उपभोक्ताओं से भारी कीमत भी वसूली जाती है। इसमें यदि ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, एयर एंबुलेंस और पवनहंस हेलिकॉप्टर की दुर्घटना के असली कारण जांच के बाद पता चलेगा, मगर नागरिक उड्डयन विभाग के लिए यह आत्मचिंतन का समय है। अगर इसी तरह हादसे होते रहे, तो लोगों का इस क्षेत्र से भरोसा उठने लगेगा। विकसित भारत का सपना देख रहे देश के लिए यह अच्छी बात नहीं होगी।

# टैरिफ हटाने का फैसला: भारतीय निर्यातकों के लिए अब खुले समृद्धि के नए द्वार

राजेन्द्र मोहन शर्मा

**अमेरिकी** सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक टैरिफ (आयात शुल्क) को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने के इस फैसले के लोकतांत्रिक पहलु कोरे आंकड़ों का मामला नहीं, बल्कि संवैधानिक संतुलन और शक्तियों के पृथक्करण की ऐतिहासिक जीत है और यह विश्व भर के लिए एक न्यायिक विजय का जयघोष है जिसपर आम आदमी की उम्मीदों का परचम लहरा गया है। लोकतंत्र की बुनियाद इस सिद्धांत पर टिकी होती है कि किसी भी एक व्यक्ति या संस्था के पास असीमित शक्तियां नहीं होनी चाहिए। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी 'चेक एंड बैलेंस' (नियंत्रण और संतुलन) की व्यवस्था को पुरजोर तरीके से पुनर्स्थापित करता है।

**संस्थागत मर्यादा की रक्षा:** लोकतंत्र में संसद (कांग्रेस) जनता की प्रतिनिधि होती है और कराधान का अधिकार उसी के पास सुरक्षित है। जब कार्यपालिका (राष्ट्रपति) 'राष्ट्रीय सुरक्षा' या 'आपातकाल' जैसे शब्दों की आड़ में कर लगाने की शक्ति अपने हाथ में ले लेती है, तो वह विधायी प्रक्रिया को दरकिनार कर देती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति नीति लागू कर सकते हैं, लेकिन वे नीति-निर्माता या स्वयंभू कर-अधिकारी नहीं बन सकते। तानाशाही और लोकतंत्र के बीच सबसे बड़ा अंतर 'जवाबदेही' का है। राष्ट्रपति के टैरिफ फैसलों को अपारदर्शी और व्यक्तिगत राजनीतिक हितों से प्रेरित माना गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन फैसलों को पलटना यह दर्शाता है कि लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति या पद कानून से ऊपर नहीं है। यह निर्णय नागरिक समाज और वैश्विक व्यापारिक समुदाय को यह भरोसा दिलाता है कि यदि सरकार अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करती है, तो न्यायपालिका एक रक्षक के रूप में खड़ी है। एक स्वस्थ लोकतंत्र केवल अपनी सीमाओं के भीतर ही न्याय नहीं करता, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों और नियमों का भी सम्मान करता है। एकतरफा टैरिफ थोपना 'नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था' पर सीधा प्रहार था। कोर्ट ने परोक्ष रूप से यह माना कि मनमाने फैसले न केवल घरेलू लोकतंत्र को कमजोर करते हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर देश की विश्वसनीयता को भी धूमिल करते हैं। अंततः, यह फैसला 'संविधानवाद' की जीत है, जो किसी भी परिपक्व लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने का फैसला वैश्विक व्यापार के इतिहास में एक युगांतरकारी घटना है। 6:3 के बहुमत से आए इस निर्णय ने न केवल अमेरिकी राष्ट्रपति की आर्थिक शक्तियों की सीमाएं तय कर दी हैं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और भारत जैसे प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के लिए संभावनाओं के नए द्वार भी खोल दिए हैं। यह फैसला उस समय आया है जब दुनिया एक अस्थिर व्यापारिक माहौल और संरक्षणवाद की लहर से जूझ रही थी। इस ऐतिहासिक निर्णय का सबसे गहरा प्रभाव अंतरराष्ट्रीय व्यापार की कानूनी व्याख्या



और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट' के तहत राष्ट्रपति को असीमित और अनिश्चितकालीन टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है। कोर्ट का तर्क था कि संविधान के अनुसार कर लगाने और व्यापार को विनियमित करने की प्राथमिक शक्ति कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है। इस फैसले के साथ ही, ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए वे भारी-भरकम टैरिफ अब कानूनी रूप से शून्य हो गए हैं, जिन्होंने पिछले कुछ समय से वैश्विक बाजारों में खलबली मचा रखी थी। विशेष रूप से चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा, मैक्सिको और भारत जैसे देशों पर थोपे गए दंडात्मक शुल्कों को अब वापस लेना होगा, जिससे वैश्विक व्यापार में लागत कम होने और प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है। भारत के संदर्भ में, यह फैसला एक बड़ी आर्थिक और रणनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। भारत उन देशों में शामिल था जिन पर ट्रंप प्रशासन ने सबसे कड़े टैरिफ लगाए थे। विशेष रूप से रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25फीसदी दंडात्मक शुल्क लगाया गया था, जिससे कुल टैरिफ 50फीसदी तक पहुंच गया था। हालांकि हाल ही में एक द्विपक्षीय समझौते के जरिए इसे घटाकर 18 फीसदी करने की बात हुई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के इस नए फैसले ने उस 18 फीसदी शुल्क की वैधता पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। अब भारत के लगभग 55फीसदी निर्यात, जो इन अतिरिक्त शुल्कों की मार झेल रहे थे, फिर से सामान्य सीमा शुल्क दरों पर अमेरिका भेजे जा सकेंगे। भारतीय निर्यातकों के लिए यह निर्णय एक 'ऑक्सीजन' की तरह है। कपड़ा,रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और हस्तशिल्प जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को इससे सबसे अधिक लाभ होगा। पिछले साल में इन क्षेत्रों के निर्यात में भारी गिरावट देखी गई थी क्योंकि अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान महंगा हो गया था। अब शुल्क हटने से न केवल भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी, बल्कि छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इसके अलावा, दवा (फार्मा) और आईटी सेवाओं जैसे क्षेत्रों को, जो पहले से ही काफी हद तक सुरक्षित थे, अब एक अधिक स्थिर और पूर्वानुमानित नीतिगत माहौल मिलेगा। वैश्विक व्यवस्था पर इसके व्यापक प्रभाव को देखें तो यह फैसला 'संरक्षणवाद' के खिलाफ एक मजबूत संदेश है। पिछले कुछ वर्षों में 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक नियम कमजोर हुए थे और विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं की प्रासंगिकता पर सवाल उठ रहे थे। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने यह साबित कर दिया है कि घरेलू कानून भी मनमाने आर्थिक फैसलों पर अंकुश लगा सकते हैं। इससे वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा क्योंकि उन्हें अब यह स्पष्ट है कि अमेरिका में व्यापार नीतियां केवल एक व्यक्ति की इच्छा पर नहीं, बल्कि संवैधानिक प्रक्रियाओं पर आधारित होंगी। आपूर्ति श्रृंखला के मोर्चे पर, यह फैसला लागत कम करने में सहायक होगा। पिछले कुछ समय में उच्च टैरिफ के कारण कंपनियों को अपनी उत्पादन लागत में वृद्धि देखनी पड़ी थी, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर महंगाई के रूप में पड़ रहा था। अब जब टैरिफ हटने का रास्ता साफ हो गया है, तो वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आ सकती है। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में, जहां कच्चे माल और कंपोनेंट्स का सीमा पार व्यापार अधिक होता है, वहां उत्पादन प्रक्रिया अधिक सुचारू और सस्ती हो जाएगी। हालांकि, यह स्थिति अपने साथ कुछ जटिलताएं भी लेकर आई है। सबसे बड़ा सवाल उन 175 अरब डॉलर का है जो ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ के रूप में वसूले हैं। अमेरिकी कंपनियां और अंतरराष्ट्रीय निर्यातक अब इन शुल्कों की वापसी की मांग कर रहे हैं। यदि अमेरिकी सरकार को यह भारी भरकम राशि लौटानी पड़ती है, तो इसका असर अमेरिकी राजकोष पर पड़ेगा और इससे वित्तीय अस्थिरता पैदा हो सकती है। अमेरिकी वित्त विभाग ने पहले ही संकेत दिया है कि रिफंड की प्रक्रिया अत्यंत जटिल और लंबी हो सकती है।

रणनीतिक रूप से, यह फैसला अमेरिका के अपने सहयोगियों के साथ संबंधों को पुनर्परिभाषित करेगा। भारत जैसे देशों के लिए, जिन्होंने टैरिफ के दबाव में अमेरिका के साथ कुछ व्यापारिक रियायतें देने के समझौते किए थे, अब उन समझौतों पर पुनर्विचार करने का अवसर है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव जैसे थिंक टैंकों का मानना है कि चूंकि अब टैरिफ का खतरा टल गया है, इसलिए भारत को अपनी व्यापारिक शर्तों को अधिक मजबूती से रखना चाहिए। यह फैसला दिखाता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आर्थिक दबाव को हमेशा कानूनी चुनौती दी जा सकती है। अंततः, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय वैश्विक व्यापार के एक नए अध्याय की शुरुआत है। इसने व्यापार नीति में पारदर्शिता, कानून के शासन और संवैधानिक संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित किया है। भारत के लिए यह अपनी निर्यात क्षमता को पुनर्जीवित करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का एक सुनहरा मौका है। हालांकि आने वाले हफ्तों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ट्रंप प्रशासन इस कानूनी झटके की भरपाई किन वैकल्पिक नीतिगत उपकरणों जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा प्रावधानों के जरिए करने की कोशिश करता है। फिर भी, वर्तमान में यह फैसला वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत और न्याय की जीत है।

# महंगाई बनाम विकास : संतुलन कैसे बने

राम शर्मा

आर्थिक नीतियों की दुनिया में 'महंगाई' और 'विकास' दो ऐसे पहिए हैं जिन पर किसी भी देश की अर्थव्यवस्था चलती है। यदि विकास तेज हो लेकिन महंगाई अनियंत्रित हो जाए, तो आम जनता की क्रय शक्ति घटती है और जीवन स्तर प्रभावित होता है। वहीं यदि महंगाई नियंत्रित रखने के लिए विकास को धीमा कर दिया जाए, तो रोजगार के अवसर घटते हैं और आर्थिक गतिविधियां ठहर जाती हैं। इसलिए किसी भी सरकार और केंद्रीय बैंक के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि विकास और महंगाई के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि महंगाई केवल कीमतों के बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह आर्थिक गतिविधियों की गति से जुड़ा संकेतक भी है। सामान्य स्तर की महंगाई (मॉडरेट इंफ्लेशन) अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी मानी जाती है क्योंकि इससे उत्पादन, निवेश और उपभोग को प्रोत्साहन मिलता है। किंतु जब महंगाई नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तब यह अर्थव्यवस्था के लिए संकट बन जाती है। खाद्य पदार्थ, ईंधन, आवास और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर विकास का अर्थ केवल जीडीपी की वृद्धि दर नहीं है। वास्तविक विकास तब माना जाता है जब आर्थिक वृद्धि के साथ रोजगार सृजन, आय में वृद्धि, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। यदि विकास केवल आंकड़ों तक



सीमित रह जाए और आम नागरिक के जीवन में सुधार न दिखे, तो वह विकास अधूरा माना जाता है। इसलिए विकास और महंगाई का संबंध केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक भी है। महंगाई बढ़ने के कई कारण होते हैं। मांग और आपूर्ति में असंतुलन, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, वैश्विक संकट, प्राकृतिक आपदाएं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान इसके प्रमुख कारण हैं। उदाहरण के लिए यदि किसी वर्ष फसल खराब हो जाए तो खाद्य महंगाई बढ़ जाती है। इसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने पर परिवहन लागत बढ़ती है और उसका असर लगभग हर वस्तु की कीमत पर पड़ता है। इसलिए महंगाई को केवल घरेलू नीति से नियंत्रित नहीं किया जा सकता; इसके लिए वैश्विक परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना पड़ता है। विकास को गति देने के लिए सरकारें अक्सर सार्वजनिक खर्च बढ़ाती हैं, बुनियादी ढांचे में निवेश करती हैं और उद्योगों को प्रोत्साहन देती हैं। इससे अर्थव्यवस्था में धन का प्रवाह बढ़ता है और मांग में वृद्धि होती है। लेकिन यदि उत्पादन क्षमता उसी अनुपात में नहीं बढ़ती, तो यही अतिरिक्त मांग महंगाई को जन्म देती है। यही कारण है कि आर्थिक नीति-निर्माताओं को हर कदम सोच-समझकर उठाना पड़ता है ताकि विकास की रफ्तार बनी रहे और महंगाई भी नियंत्रित रहे। इस संतुलन को बनाए रखने में मौद्रिक नीति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बदलाव करके बाजार में धन की उपलब्धता को नियंत्रित करता है। जब महंगाई बढ़ती है तो ब्याज दरें बढ़ाकर ऋण को महंगा किया जाता है, जिससे खर्च और निवेश कम होते हैं और महंगाई पर अंकुश लगता है। इसके विपरीत जब विकास धीमा पड़ता है तो ब्याज दरें घटाकर निवेश और उपभोग को बढ़ावा दिया जाता है। किंतु यह प्रक्रिया भी जोखिम से भरी होती है क्योंकि ब्याज दरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव निवेशकों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। राजकोषीय नीति भी संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाती है। सरकार यदि अनावश्यक खर्च कम करे, कर प्रणाली को सरल बनाए और उत्पादक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाए, तो विकास को बढ़ावा देते हुए महंगाई को नियंत्रित रखा जा सकता है। विशेष रूप से कृषि, लघु उद्योग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार से आपूर्ति बढ़ती है और कीमतों पर दबाव कम होता है। साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों को राहत देना भी आवश्यक है, ताकि महंगाई का बोझ सीधे उनके जीवन पर न पड़े। तकनीक और नवाचार भी इस संतुलन का स्थाई समाधान प्रदान कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स, स्मार्ट सप्लाई चेन और कृषि तकनीक जैसे नवाचार लागत कम करते हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ाते हैं। इससे एक ओर विकास को गति मिलती है, दूसरी ओर कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। उदाहरण के तौर पर यदि किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन करें, तो बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी और खाद्य महंगाई स्वतः कम हो सकती है। इसके अतिरिक्त नीति-निर्माताओं को क्षेत्रीय असमानताओं पर भी ध्यान देना होगा। कई बार राष्ट्रीय स्तर पर विकास दर अच्छी होती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में महंगाई अधिक और आय कम होती है। ऐसी स्थिति सामाजिक असंतोष को जन्म दे सकती है। इसलिए संतुलित क्षेत्रीय विकास, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी जरूरी है। अंततः महंगाई और विकास के बीच संतुलन कोई स्थिर लक्ष्य नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियां, तकनीकी बदलाव, जलवायु संकट और भू-राजनीतिक घटनाएं अर्थव्यवस्था को लगातार प्रभावित करती रहती हैं। इसलिए सरकार, केंद्रीय बैंक, उद्योग जगत और नागरिक समाज–सभी को मिलकर ऐसी नीतियां अपनानी होंगी जो टिकाऊ विकास सुनिश्चित करें और महंगाई को नियंत्रित दायरे में रखें। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि स्वस्थ अर्थव्यवस्था वही है जहां विकास तेज हो लेकिन महंगाई नियंत्रित रहे, और आम नागरिक को आर्थिक प्रगति का वास्तविक लाभ मिले। संतुलित नीति, पारदर्शी शासन, मजबूत संस्थान और नवाचार-आधारित उत्पादन प्रणाली ही वह रास्ता है जिससे महंगाई और विकास के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। यही संतुलन किसी राष्ट्र को आर्थिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से स्थिर बनाता है।

## राशिफल

**आज दिनांक 26फरवरी, 2026, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी, मृगशीर्षा नक्षत्र, तैतिल करण, प्रीति योग, राहुकालः दोपहर 2:05 से 3:32 बजे, सूर्योदय सुबह 6:54 बजे, सूर्यास्त सायं 6:24 बजे, चंद्रोदय सुबह 1:16 बजे, चंद्रास्त रात 3:35 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:16 बजे से 1:02 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:18 से 6:05 बजे तक, चंद्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।**

मेष: आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आसानी से सफल होंगे, जिससे धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

वृषभ: आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा। बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

मिथुन: आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की संभावना रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहने से मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा। जिद्दी वाला रवैया छोड़ना होगा, अन्यथा परेशानी में पड़ सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखना होगा, अन्यथा वाद-विवाद में फंस सकते हैं।

कर्क: आज का दिन अच्छा रहेगा। गृहों की स्थिति आपके अनुकूल बनने से आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, जो लाभदायक रहेगी। मन प्रफुल्लित रहने से मानसिक रूप से हल्का महसूस करेंगे।

सिंह: आपका संयम और विनम्रता रखना दूसरों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। बेकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अपने कार्यों में ही व्यस्त रहें। निश्चित ही आपको सफलता मिलने वाली है। परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में समय व्यतीत करने से शांति महसूस होगी। दांपत्य संबंधों में पुनः मधुरता आएगी।

कन्या: आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिजनों और सहयोगियों की मदद से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे, जिससे समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शारीरिक रूप से भी स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा।

तुला: आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। किसी के भी साथ धन से सम्बंधित व्यवहार न करें। किसी भी विवाद में पड़ने से बचना होगा। मन एकाग्र करने का प्रयास कीजिएगा। आज खर्च पर संयम रखना होगा। स्वजनों के व्यवहार से मन दुखी हो सकता है।

वृश्चिक: आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्य सफल होने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आध्यात्मिकता के प्रति रुझान बढ़े। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। नकारात्मक विचारों को मन से निकालना होगा।

धनु: आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे और बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यों में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे, लेकिन व्यावसायिक स्थल पर अधिकारियों की वजह से परेशान हो सकते हैं।

मकर: आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों-परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य आसानी से पूरे होंगे। आकस्मिक धनलाभ की भी संभावना रहेगी। विवाह के उत्सुक युवकों को जीवनसाथी मिलने का योग है।

कुंभ: आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। अनावश्यक खर्च अधिक होने की संभावना रहेगी।

मीन: आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़ी मेहनत से कार्य सफल होंगे। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। परिजनों-मित्रों के साथ पर्यटन की भी संभावना है।

## दगड़ू के स्वप्न

प्रेरक प्रसंग

**घनघोर** अंधेरी रात में राजा विक्रम अपनी खुली तलवार लिए बेताल को पकड़ने आगे बढ़ते हैं। और अपने पराक्रम से बेताल को वश में करके अपने पीठ पर लाद कर ले जाने लगते हैं। सफर लंबा होने के कारण बेताल राजा विक्रम को कहानी सुनाता है और हमेशा की तरह शर्त रखता है कि- अगर कहानी सुनने के बाद तुमने उत्तर देने के लिए मुंह खोला तो में उड़ जाऊंगा। बेताल कहानी सुनाना शुरू करता है- चंदनपुर गांव में एक वृद्ध स्त्री रहती थी। उसका एक बेटा था जिसका नाम दगडू था। वह स्त्री नए-पुराने कपड़े सिलने का काम करके अपना और अपने बेटे का पेट पालती थी। दगडू एक कामचोर और आलसी लड़का था। और दिन रात सपने देखा करता था। उसके साथ एक बड़ी परेशानी थी कि उसे अक्सर बुरे सपने ही आते थे। और जब भी कोई बुरा सपना आता था, वह सपना हकीकत बन जाता था। एक दिन दगडू को सपना आता है कि कुछ लोग नवविवाहित दंपती और बारात को लूट रहे हैं। और उनसे मारपीट भी कर रहे हैं। दगडू ने जिसे सपने में देखा होता है। वही दुल्हन बनने वाली लड़की अपनी शादी का लहंगा सिल जाने के बाद वापस लेने दगडू की मां के पास आती है। दगडू फौरन उसे सपने वाली बात कह देता है। वह लड़की अपनी मां और ससुराल वालो को यह बात बताती है। पर सब लोग इस स्वप्न वाली बात को वहम समझ कर अनसुना कर देते हैं। शादी के बाद जब वर-वधू बारात के साथ जा रहे होते हैं। तब सपने वाला वाकया सच में घटित हो जाता है। और इस पूरी घटना में दगडू पर आरोप लगते हैं कि वही लुटेरों से मिला होगा वरना उसे कैसे पता चल सकता है कि ऐसा ही होगा। और शक की बिनाह पर सारे लोग मिलकर दगडू की खूब पिटाई करते हैं।

इस घटना के कुछ दिनों बाद एक रात दगडू को सपना आता है कि मोहल्ले में रह रही चौधरायन का नया मकान गृहप्रवेश के दिन जल कर खाक हो जाता है। तभी अगले ही दिन चौधरायन उस मकान को बनवाने की खुशी में लड्डू लेकर दगडू की मां के पास पहुंचती है और गृहप्रवेश समारोह के दिन जलसे में आने का न्योता देती है। वहीं पर सपने की बात दगडू फौरन अपनी मां से और चौधरायन से कह देता है। चौधरायन गुस्से से लाल-पीली हो जाती है। और उल्टा दगडू की मां को ही कहने लगती हैं कि तुम्हारा बेटा ही काली जुबान वाला है और उसके बोलने से ही सब के साथ अनर्थ हो जाता है। चौधरायन गुस्से में जली कटी सुना कर मां बेटे को भला-बुरा कह कर वहां से चली जाती हैं।

गृहप्रवेश समारोह के दौरान कोई घटना ना हो इसके लिए पक्के इंतजाम किए जाते हैं; पर फिर भी किसी ना किसी तरह आग की चिंगारी चौधरायन के भव्य मकान के परदों में लग जाती है और देखते-देखते रौद्र रूप धाराण करके पूरा मकान जला कर खाक कर देती है। चूंकि दगडू इस बारे में पहले ही बोल चुका था इसलिए सब उसे काली जुबान का बोल उसपर टूट पड़ते हैं और उसे मारकर गांव से निकाल देते हैं।

दगडू समझ नहीं पाता है कि लोगों को सच सुनकर उसी पर क्रोध क्यों आता है। खैर, दगडू दूसरे राज्य में चला जाता है जहां उसे रात की पहर में महल की चौकीदारी करने का काम मिल जाता है।

वहां के राजा को अगले दिन सोनपुर किसी काम से जाना होता है। इस लिए वह रानी को कहते हैं कि उसे सुबह जल्दी उठा दें।

दगडू रात में महल के दरवाजे पर चौकीदारी कर रहा होता है। तभी अंधेरा होने पर उसे नींद आ जाती है। और फिर उसे सपना आता है कि सोनपुर में भूकंप आया है और वहां मौजूद सभी व्यक्ति मर गए हैं। दगडू चौंक कर जाग जाता है और अपनी चौकीदारी करने लगता है। दगडू सुबह राजा के सोनपुर जाने की बात सुनता है। तभी उनका का रथ रुकवा कर अपने स्वप्न वाली बात राजा को बता देता है। राजा सोनपुर जाने का कार्यक्रम रद्द कर देते है। और अगले ही दिन समाचार आता है कि सोनपुर में अचानक भूकंप आया है और वहां एक भी व्यक्ति जीवित नहीं बचा है। राजा तुरंत दगडू को दरबार में बुलाकर सोने का हार भेंट देते हैं और उसे नौकरी से निकाल बाहर करते हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter



# डॉक्टर्स के लिए जयपुर में पहली बार आयोजित होगी पिकल बॉल लीग

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर में पहली बार आयोजित होने जा रही डीपीपीएल-डॉक्टर्स प्रीमियर पिकल बॉल लीग सीजन 1 को लेकर शहर के डॉक्टरों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रथम संस्करण में आठ टीमें भाग लेंगी, जिसमें प्रत्येक टीम में 4 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी होंगे। यह प्रतियोगता जय क्लब में एक से पांच अप्रेल तक आयोजित की जाएगी। लीग कोआर्डिनेटर डॉ. रविन्द्र गोठवाल ने बताया कि पिकलबॉल लीग के लिए ट्रायल्स का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया।

लीग कॉर्डिनेटर प्रेम चौधरी ने बताया ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ अपने पिकलबॉल खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पिकल बॉल मैचों में डॉ. सुधांशु, डॉ. हनुमान, डॉ. मोहित सोमानी, डॉ. आई डी चारण, डॉ. राहुल यादव, डॉ. मनीष ठगरिया, डॉ. रूबी लड्ढा, डॉ. भावना, डॉ. सोनिया, डॉ. योगेश तरानी, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. विकास आदि प्रतिभागियों ने इस नई पहल की सराहना की।

# खाटूधाम में बाबा श्याम के फाल्गुनी सतरंगी मेले का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**खाटूश्यामजी।** विश्वविख्यात खाटूधाम में बाबा श्याम के फाल्गुनी वार्षिक सतरंगी मेले का शुभारंभ बुधवार को परंपरागत विधि-विधान के साथ किया गया। नवमी तिथि पर पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा पूजा-अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शक्तिसिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रविसिंह चौहान, ईओ ओमप्रकाश तथा थानाधिकारी पवनकुमार चौबे ने विधिवत पूजा कर मेले का शुभारंभ किया। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से भक्तिमय हो गया।



उल्लेखनीय है कि आठ दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले का प्रशासनिक शुभारंभ 21 फरवरी को किया जा चुका है, जबकि धार्मिक परंपराओं के अनुसार मेले की शुरुआत नवमी को हुई है। वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला 28 फरवरी द्वादशी को संपन्न होगा। मेले के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु खाटूधाम पहुंच रहे है। प्रशासन एवं श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## संगीतमय श्याम कथा में झूम उठे श्रद्धालु

**खाटूश्यामजी।** प्रसिद्ध बाबा श्याम की धार्मिक नगरी खाटूधाम में वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले के अवसर पर संगीतमय श्याम कथा वाचन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर, भाजपा नेता गजानंद कुमावत, पवन पुजारी, प्रताप सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कथा वाचन विश्व विख्यात कथा व्यास पप्पू शर्मा द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने श्याम नाम के जयकारों के साथ कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। यह आयोजन वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले के अंतर्गत



स्वदेशी जागरण मंच (जयपुर प्रांत) द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामोर, सहायक मेला मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह राजावत तथा थानाधिकारी पवन कुमार चौबे भी मौजूद रहे। इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक कश्मीरी लाल सहित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

# 20वीं ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल आज से



## खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे उद्घाटन राजस्थान टीम की कमान पूजा कंवर को

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** युवा मामले एवं खेल तथा उद्योग मंत्री, राजस्थान सरकार व ओलम्पिक रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ गुरुवार शाम 5 बजे सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित हो रही तीन दिवसीय 20वी ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप-2025-26 के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल, भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के हेड कोच सचिन चौधरी भी मौजूद रहेंगे।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यशप्रताप सिंह ने बताया कि लोकप्रिय राज्य कर्मचारी नेता एवं कुशल खेल प्रशासन रहे हनुमान सिंह की स्मृति में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ एवं हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेजबान राजस्थान सहित देश की 10 शीर्ष टीमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, नॉर्दर्न रेलवे, बीएसएफ, सीआईएसएफ व एलपीयू-फगवाड़ा भाग ले रही है।

सभी टीमों को दो पूल पूल एः- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, सीआईएसएफ, एलपीयू-फगवाड़ा, दिल्ली, पूल बीः- बीएसएफ, नॉर्दर्न रेलवे, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब में बांटा गया है। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को हनुमान सिंह ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार सुबह से मैच शुरू हो जाएंगे।

**राजस्थान टीमः-** पूजा कंवर (कप्तान), वर्षा जाखड़, रुक्मणी बीठू, रेखा, कशिश शर्मा, नोरती कुमारी मेवाड़ा, रेखा चौधरी, ममता, काजल गुर्जर, पूजा जाट, कनिका रॉय, मानसी रावत, रेखा, गुड्डी। कोचः- मनीषा राठौड़। फिजियोः- प्रेरणा हर्ष, एसएनसीः- परमदीप सिंह, साइक्लोजिस्टः- मलाइका गुप्ता।

# नीमकाथाना के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे सरकार : मोदी



## रेलवे फाटक पर आरयूबी सहित कई समस्याओं पर ठोस कार्रवाई की मांग की

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र में बुधवार को विधायक सुरेश मोदी ने नीमकाथाना क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाया और सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की।

विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि रेलवे फाटक संख्या 76 पर स्वीकृत आरयूबी गलत तरीके से निर्मित किया गया है, जिससे आधे नीमकाथाना की जनता के लिए समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के मंत्री भी इसी जिले से आते हैं और समस्या से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने मंत्री से इस मामले में तकनीकी खामियों को दूर कर आमजन को राहत प्रदान करने की मांग की।

### विधायक ने यह भी उठाए मुद्दे

नगरपालिका द्वारा मास्टर प्लान 2047 का ड्राफ्ट जारी किया गया, जिस पर आमजन द्वारा बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज करवाई गईं, किंतु आज तक उनका निस्तारण नहीं हुआ। जनता असमंजस में है कि कार्य पुराने मास्टर प्लान से होंगे या नए से। सरकार तत्काल स्थिति स्पष्ट करे।

पूर्व सरकार द्वारा प्रारंभ की गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पर वर्तमान सरकार ने रोक लगा दी। इस संबंध में ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

नगरपालिका के समस्त कार्यालय स्टाफ का तबादला कर दिया गया, जबकि नए कर्मचारी नियुक्त नहीं किए गए। वर्तमान में केवल एक एलडीसी कार्यरत है, न कोई अकाउंटेंट है और न पर्याप्त प्रशासनिक स्टाफ। यहां तक कि फायरमैन को कैश शाखा का कार्य करना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक अव्यवस्था का उदाहरण है।

नगरपालिका एवं वार्ड परिसीमन को विधायक ने भेदभावपूर्ण और नियमों के विरुद्ध बताया। कई वार्डों में 2500-3000 मतदाता हैं, तो कुछ में केवल 600-700 ही। आपत्तियों की सुनवाई किए बिना अधिसूचना जारी कर दी गई। उन्होंने पुनः निष्पक्ष परिसीमन के लिए सरकार से स्वतंत्र टीम गठित करने की मांग की। साथ ही मानपुरा, खादरा, माहवा, चला की ढाणी, मण्ढोली, पुरानाबास, गोवर्धनपुरा, नयाबास, कैरवाली, नापावाली जैसे क्षेत्रों को नगरपालिका सीमा से बाहर रखने पर भी आपत्ति जताई।

नगरपालिका द्वारा स्थापित एफएसटीपी प्लांट का निर्माण दो वर्ष पूर्व पूर्ण हो जाने के बावजूद आज तक जनता को उसका लाभ नहीं मिल रहा है।

पूर्व सरकार ने नीमकाथाना को नगर परिषद का दर्जा दिया था, किंतु वर्तमान सरकार ने इसे पुनः नगरपालिका बना दिया, जो क्षेत्र के विकास पर कुठाराघात है। उन्होंने नीमकाथाना को पुनः नगर परिषद बनाए जाने की मांग की।

शहर का विकास पूरी तरह ठप है, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, सड़कों के गड्ढों तक की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

पाटन, जो दूसरा ब्लॉक मुख्यालय है तथा जहां तहसील, पंचायत समिति, सरकारी कॉलेज, सीएचसी एवं स्टेट हाईवे स्थित है, उसे नगरपालिका बनाने की मांग की। इसी प्रकार गुहाला, जो बड़ी पंचायत एवं आस-पास की कई पंचायतों का केंद्र है, उसे भी नगरपालिका में क्रमोन्नत किया जाए।

नीमकाथाना में बुजुर्गों एवं स्वास्थ्य प्रेमी नागरिकों के लिए नेचर पार्क तथा टाउन हॉल निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने की भी मांग की।

सरकार से निवेदन है कि दो वर्षों में नीमकाथाना से जिला दर्जा छीना गया, सीकर संभाग समाप्त किया गया और नगर परिषद को हटाकर नगरपालिका बना दिया गया। सरकार नीमकाथाना के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे और विकास कार्यों में बाधा न डाले।

### नीमकाथाना के किसानों की बिजली समस्या का उठाया मामला

राजस्थान विधानसभा में विधायक सुरेश मोदी ने नीमकाथाना क्षेत्र के किसानों की बिजली समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि सर्दियों में किसानों को महज 2 महीने 15 दिन ही सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलती है, लेकिन दुर्भाग्यवश नीमकाथाना के बबाई क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण किसानों को 6 घंटे भी नियमित बिजली नहीं मिल पाई। विधायक मोदी ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने में 72 घंटे नहीं, बल्कि पूरे 72 दिन लग गए। सदन में जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि 72 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने का नियम डोमेस्टिक या कृषि कनेक्शन के ट्रांसफार्मर पर लागू होता है, न कि बड़े प्रसारण तंत्र के ट्रांसफार्मर पर। बबाई में 400 केवी ग्रेड सब स्टेशन पर 220/132/160 एमबीएस का ट्रांसफार्मर था, जिसकी क्षमता बढ़ाकर 200 एमबीएस की गई है। तकनीकी खराबी के कारण वोल्टेज की समस्या आई थी, लेकिन उस दौरान भी किसानों को दिन में 6 घंटे और रात में 6 घंटे बिजली दी गई। मंत्री ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर मंगवाने में समय लगा, क्योंकि बड़े ट्रांसफार्मर स्पेयर में नहीं रखे जाते और इन्हें विशेष ऑर्डर पर मंगवाना पड़ता है। विधायक मोदी ने सरकार से पूछा कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारी कौन है और क्या उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी? उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भविष्य में 72 घंटे से अधिक की देरी न हो, इसके लिए क्या ठोस व्यवस्था की जा रही है। मंत्री ने उत्तर में कहा कि बड़े ट्रांसफार्मर करोड़ों रुपए के होते हैं और सामान्यतः वर्षों तक चलते हैं, इसलिए उन्हें स्पेयर में रखना व्यावहारिक नहीं है।

# आयुक्त राजोरिया ने किया विभिन्न केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण



महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** महिला अधिकारिता विभाग के आयुक्त राकेश राजोरिया ने बुधवार को अजमेर में विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं केन्द्रों की प्रगति समीक्षा की तथा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

महिला अधिकारिता विभाग की उप निदेशक मेघा रतन ने बताया कि आयुक्त राकेश राजोरिया द्वारा हिंसा से पीड़ित एवं निराश्रित महिलाओं के लिए संचालित वन स्टॉप सेंटर सखी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया कि केन्द्र का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। कार्यप्रणाली एवं पीड़ित एवं निराश्रित महिलाओं को कैसे राहत प्रदान की जाती है, के विषय में जानकारी प्राप्त की। केन्द्र पर उपलब्ध रिकॉर्ड, केस रजिस्टर, प्रकरण पत्रावलियां व अन्य संसाधनों का भी अवलोकन किया

आयुक्त ने केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र प्रबन्धक एवं परामर्शदाताओं को निर्देशित किया कि केन्द्र के उद्देशात्मक पहलुओं की पूर्ति हर स्थिति में हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए, तभी केन्द्र के संचालन की सार्थकता परिलक्षित हो सकेंगी। आयुक्त ने पुलिस थाना गंज परिसर में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र को प्राप्त होने वाले प्रकरणों की प्रकृति एवं उनको निस्तारण करने के विषय में परामर्शदाताओं से जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने महिला एवं बाल विकास संकुल में संचालित कार्यालय एवं पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र एवं जिला हब के परामर्शदाताओं से योजना के विषय में जानकारी प्राप्त की।

# पीएम की यात्रा को सफल बनाने में जुटी भाजपा : मदन राठौड़



महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी को अजमेर आगमन से पूर्व बुधवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पीएम मोदी 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र, एचपीवी वैक्सीन की लॉन्चिंग सहित विभिन्न जनकल्याण को समर्पित कार्यों की सौगात देने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा को सफल बनाने के लिए बीजेपी एकजुट होकर काम कर रही है। पीएम की जनसभा को सफल बनाने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है। पीले चावल बांटे जा रहे हैं। प्रशासन भी अलर्ट हो चुका है।

# दो बदलाव के साथ उतरेगा भारत

## सुपर-8 में जिम्बाब्वे के साथ मैच आज

**चेन्नई।** टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण में गुरुवार को भारत और जिम्बाब्वे आमने-सामने होंगे। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है। एक ओर भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका से करारी हार का झटका लगा, तो दूसरी ओर जिम्बाब्वे की टीम भी वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी शिकस्त झेल चुकी है। ऐसे में चेन्नई के चेपॉक में होने वाला यह मुकाबला रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने संकेत दिए हैं कि संजू सैमसन को प्लेइंग 11 में शामिल किए जाने पर विचार किया जा सकता है। वे अभिषेक के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। ऐसे में तिलक वर्मा बाहर बैठ सकते हैं। वहीं उप कप्तान अक्षर पटेल की वाशिंगटन सुंदर की जगह वापसी तट मानी जा रही है।

# मेजबान श्रीलंका टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर, न्यूजीलैंड ने 61 रन से हराया

विशेष संवाददाता

**कोलम्बो।** मेजबान श्रीलंका टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। उसे बुधवार को न्यूजीलैंड ने छठे सुपर-8 मैच में 61 रन से हराया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए। 169 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन ही बना सकी। चार विकेट लेने वाले रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**सैंटनर-मैकॉन्ची की साझेदारी :** टॉस हारकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की टीम ने 84 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैकॉन्ची (31 रन) ने 47 बॉल पर 84 रन की साझेदारी करके टीम को 160 पार पहुंचा दिया।

**श्रीलंका की खराब शुरुआतः** 169 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहली बॉल पर पिछले मैच के शतकवीर पथुम निसांका (जीरो) का विकेट गंवाया। तीसरे ओवर की पहली बॉल पर चरिथ असलंका (5 रन) को कैच आउट कराके मेजबानों को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद मिडिल ओवर फेज में रचिन रवींद्र ने श्रीलंकाई टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने दुषन हेमंथ (3 रन), दसुन शनाका (3 रन), कुसल मेंडिस (जीरो) और पवन रत्नायके (10 रन) के विकेट झटके।

इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम 3 अंक के साथ सुपर-8 स्टेज में ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल के नंबर-2 पर है। श्रीलंका सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई है।

# सत्येंद्र योगी युवा संसद में जिला स्तर पर अव्वल



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया। सत्येंद्र योगी ने अपने उत्कृष्ट वक्तव्य, विषय की गहरी समझ एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने आपातकाल के पचास वर्ष भारत के लोकतंत्र के लिए सबक पर विचार रखे। अब वे राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद, जो राजस्थान विधानसभा में होगी, उसमें भाग लेंगे।

# लोग लोभी होते जा रहे हैंः राधेश्यामा नंदस्वामी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के उज्ज्वल सिटी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को कुन्ती-भीष्म स्तुति एवं वराह की कथा का वर्णन किया गया।

व्यासपीठ से कथावाचक राधेश्यामा नंदस्वामी महाराज ने बताया कि वर्तमान में लोग लोभी होते जा रहे हैं। दिन में चोरी, डकैती, हत्या, ये सब अनर्थ लालच होने के कारण ही हो रहा है। उन्होंने वर्तमान में लिव इन रिलेस्शनशिप पर चिंता जताई कि भारत में रहने वाले लोगों ने ऐसा कभी सोचा भी नहीं होगा कि ऐसा समय भी आएगा। जितना हम मॉडर्न होते जा रहे हैं, उतनी ही समस्या को बुलावा दे रहे है। कथा से पूर्व आयोजक परिवार नरोत्तमलाल जांगिड़, राकेश जांगिड़, नरेश जांगिड़ ने कथा वाचक का माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सायंकाल भागवत पोथी की आरती करके दूसरे दिन की कथा का विश्राम हुआ। गुरुवार को अजामिल व नरसिंह अवतार की कथा का वर्णन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगा।

# घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग, 5 प्रतिष्ठानों से 55 सिलेंडर जब्त



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिले में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में घरेलु सिलेण्डर के व्यावसायिक उपयोग की रोकथाम के लिए गठित टीम द्वारा जिले के 5 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए 55 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि गैस सिलेण्डर का अनधिकृत भण्डारण तथा अवैध रूप से ऊंचे दामों में विक्रय करने के कारण द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति संबंधी स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर सिलेण्डरों को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी में सौरभ जैन, गंगापुर सिटी के यहां से 41 गैस सिलेण्डर, मनोज कुमार शर्मा, बालाजी चौक, गंगापुर सिटी से 1 गैस सिलेण्डर, बनवारीलाल गर्ग, बजरिया सवाई माधोपुर से 8 सिलेण्डर, मैसर्स अर्जुन मिष्ठान भण्डार, सवाई माधोपुर शहर से 3 सिलेण्डर एवं टोकियो होटल रणथम्भौर रोड, सवाई माधोपुर से 2 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। इन पांचों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# भगवान जगदीश स्वामी मंदिर में भंडारा, संत सम्मेलन आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ शहर में शाहपुरा एवं श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्रों की सीमा में अरावली पर्वत शिखर पर स्थित धार्मिक आस्था के केन्द्र आराध्य देव भगवान जगन्नाथ, जगदीश स्वामी मंदिर में श्री खोजी द्वाराचार्य रामरिछपाल देवाचार्य महाराज, त्रिवेणी धाम के सान्निध्य में भण्डारा, संत सम्मेलन एवं भजन-



संध्या के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रातः गणेश वंदना के साथ आयोजन शुरू किया गया। हजारों लोगों ने भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन कर पुण्य प्राप्त किया। सुबह से बड़ी संख्या में साधु-संत पंहुचने शुरू हुए, जिन्हें भोजन प्रसादी के बाद दक्षिणा देकर एवं शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई।

साधु संतों में रामरिछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम, प्रहलाद दास महाराज कुंडा धाम,भींवादास महाराज बाड़ी जोड़ी, प्रभुदास महाराज हथौरा, हरिओमदास महाराज खोरी, हरिदास महाराज आसपुरा, सेडूदास महाराज नांगल सहित साधु-संत प्रमुख रहे। दोपहर से गायक कलाकार प्रकाश चन्द्र गुर्जर एण्ड पार्टी त्रिवेणी धाम का रंगारंग भजन-संध्या का कार्यक्रम शुरू हुआ।

डांसरों ने नृत्य द्वारा एवं कॉमेडियनों ने स्वस्थ कॉमेडी द्वारा सबका मनोरंजन किया। प्रातः 10 बजे से भण्डारा पंगत, प्रसादी वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। मंदिर पुजारी सुल्तान भोजगी ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र गुर्जर, ओमदत्त शर्मा टीलावत-नांगल, कैलाश यादव, भारत सैनी, ओमप्रकाश सैनी, श्यामलाल यादव, चंदाराम बोबास्या, श्रीराम शर्मा, नरोत्तम सैनी, जी एल टेलर, विजेन्द्र सिंह पीथलपुर, साधुराम स्वामी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

## श्री कल्याण धाम में फागोत्सव आज

**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्री कल्याण धाम में गुरुवार को फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महिला कीर्तन का आयोजन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंदिर के महंत विष्णुप्रसाद शर्मा की देखरेख और सान्निध्य में संपन्न होगा। फागोत्सव की मुख्य आकर्षण जयपुर से पधारे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली राधा-कृष्ण की झांकी होगी। फूलों की होली का विशेष आयोजन भी किया जाएगा।

ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत पुलिस ने 62 लाख रुपए से अधिक राशि पीड़ितों के बैंक खातों में करवाई रिफंड

# साइबर ठगी के 1.43 करोड़ करवाए होल्ड, गुम हुए 201 मोबाइल बरामद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन वज्र प्रहार 2.0 के तहत जयपुर वेस्ट जिला पुलिस ने जनवरी व फरवरी माह के दौरान साइबर ठगी से जुड़े मामलों में 1.43 करोड़ रुपए बैंक खातों में होल्ड करवाए, जबकि 62 लाख रुपए से अधिक की राशि पीड़ितों के बैंक खातों में रिफंड करवाई गई है। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि साइबर सेल प्रभारी अनिल कुमार के सुपरविजन में अभियान के तहत



प्रभावी कार्रवाई की गई। जनवरी-फरवरी माह में साइबर अपराध की शिकायतों पर त्वरित एक्शन लेते हुए 1 करोड़ 42 लाख 56 हजार 748 रुपए होल्ड और 62 लाख 19 हजार 322 रुपए रिफंड करवाए गए। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल व थानों में दर्ज शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए जयपुर वेस्ट में गुम हुए 201 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

इनकी कुल कीमत लगभग 38.50 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद मोबाइल अब उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए जा रहे हैं। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि आरोपी डिजिटल अरेस्ट और अन्य ऐप के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते हैं। ऐसे मामलों में समय रहते पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उसके खाते से जो राशि गई थी, उस पर पुलिस टीम ने ट्रांजेक्शन को होल्ड करवाया था। इसके कारण अमाउंट आगे जाने से रूक जाता है। इसके बाद इंवस्टिगेश के बाद पीड़ित को वो राशि रिफंड करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने ठगी के लिए अलग-अलग तरीके अपनाना शुरू कर दिया है। किसी को डिजिटल अरेस्ट या गैर कानूनी तरीके से अरेस्ट करने, सीआई व सीबीआई की धमकी देकर गैर कानूनी तरीके से अरेस्ट करके साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते है। इसी तरीके से अलग-अलग ऐप के माध्यम से डबल पैसे देने का लालच देकर भी लोगों से ठगी की जा रही है।

### ऑनलाइन अवैध सट्टा गिरोह पर कसा शिकंजा

**डीसीपी हनुमान** प्रसाद मीणा ने बताया कि अलग-अलग थानों पर जो साइबर ठगी की शिकायत हुई थी, उन पर कार्रवाई करते हुए कुछ मामलों में शिकायत पर कार्रवाई की है। मोबाइल चोरी और साइबर ठगी से जुड़ी अन्य शिकायतों की जांच लगातार जारी है। इसी कड़ी में चित्रकूट थाना क्षेत्र में ऑनलाइन अवैध सट्टा गिरोह पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह 'कैश जीतो' के नाम से सोशल मीडिया पर आकर्षक विज्ञापनों के जरिए युवाओं को फंसाता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी संगठित रूप से ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे और लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस ने आमजन से ऑनलाइन सट्टा और फर्जी निवेश से जुड़े विज्ञापनों से दूर रहने की अपील की है।

### साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत करें शिकायत

**ऑपरेशन वज्र** प्रहार के तहत साइबर सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जनवरी व फरवरी माह में स्कूलों व कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित कर 5000 से अधिक छात्रों व नागरिकों को साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए गए। डीसीपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर पीड़ित तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

इसके अलावा साइबर पुलिस थाना या नजदीकी थाने में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि समय पर शिकायत मिलने से पुलिस ठगी की राशि को बैंक खाते में होल्ड करवा सकती है और जांच के बाद पीड़ित को रिफंड दिलाया जाता है।

## कॉस्मेटिक सामान चुराकर चोर ने दुकान में ही बदले अंडर गारमेंट्स

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना क्षेत्र में स्थित एक कॉस्मेटिक शॉप में बदमाश ने चोरी करते हुए वहीं पर अपने अंडर गारमेंट्स भी बदल लिए। इस दौरान चोर ने पूरी वारदात माचिस की तिल्ली जलाकर की। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी की यह वारदात मंगल विहार बड़ की पिपली स्थित हेमश्री कॉस्मेटिक शॉप में मंगलवार देर रात हुई। जानकारी के अनुसार चोर रात के समय दुकान की टीन तोड़कर छत के रास्ते अंदर घुसा था। चोर दुकान से अंडर गारमेंट्स, कॉस्मेटिक सामान, आर्टिफिशियल ज्वेलरी व नकदी चोरी कर फरार हो गया। चोरी के संबंध में दुकान मालिक सुभाष ने हरमाड़ा थाना में



बुधवार सुबह मामला दर्ज कराया है। हैड कांस्टेबल हरिवीर सिंह ने बताया कि चोरी के दौरान बदमाश ने दुकान में ही अंडर गारमेंट्स तक बदले। सीसीटीवी फुटेज में चोर करीब सवा घंटे तक दुकान में मौजूद रहा। इस दौरान उसने लाइट नहीं जलाई और माचिस की रोशनी में सामान व गल्ले में रखी नकदी तलाशता रहा। बाद में पेचकस की मदद से गल्ला तोड़कर उसमें रखे रुपए निकाल लिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### मंदिर का 6 दानपात्र तोड़कर भेंट राशि चुराई

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जवाहर नगर थाना क्षेत्र में स्थित गीता मंदिर में चोरी हो गई। इस संबंध में मंदिर के पुजारी नवल किशोर शर्मा ने जवाहर नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार बुधवार सुबह एक चोर मंदिर में घुसा और वहां रखे 6 दानपात्रों को तोड़कर भगवान को चढ़ाई गई नकद राशि चुरा ले गया। आरोपी ने एक-एक कर सभी दानपात्रों को तोड़ा और पैसे लेकर मौके से फरार हो गया। पुजारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे जब वे मंदिर पहुंचे तो मंदिर के ताले टूटे मिले। अंदर का सामान अस्त-व्यस्त मिला और दानपात्र टूटे हुए थे। इसके बाद उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें चोर चोरी करते हुए साफ नजर आ रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

## जालसाजी व गबन के मामलों में 15 साल से फरार इनामी दबोचा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत करौली जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला स्पेशल टीम ने जालसाजी व गबन के करीब आधा दर्जन मामलों में पिछले 15 वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी अनूप जैन को आगरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र विश्नोई व एसपी करौली लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह के सुपरविजन में गठित डीएसटी टीम ने इस शातिर जालसाज को शाहगंज आगरा से दस्तयाब किया। पकड़ा गया आरोपी अनूप जैन पुत्र रिखवचंद जैन निवासी पटोंदा करौली वर्ष 2009-10 में ग्राम पटोंदा के डाकघर में पोस्टमैन के पद पर तैनात था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पद पर रहते हुए कई लोगों की एफडी व पीएलआई पूर्ण होने पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए पैसों का खुद भुगतान उठा लिया। इस जालसाजी के विरुद्ध थाना श्रीमहावीरजी में धोखाधड़ी व दस्तावेजों की कूटरचना के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हुए थे। गबन की वारदातों के बाद आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए गांव पटोंदा छोड़कर उत्तर प्रदेश भाग गया था। उसने पुलिस को चकमा देने के लिए आगरा के सरस्वती नगर शाहगंज में अपना ठिकाना बनाया और वहां का फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया। 15 सालों तक वह अपनी पहचान छुपाकर मजदूरी का काम कर रहा था। हाल ही में एसपी करौली ने इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जब आरोपी मजदूरी नहीं मिलने के कारण अपने निवास स्थान सरस्वती नगर में मौजूद था तो डीएसटी टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

स्टाफ तक नहीं पहुंची श्वानों के भौंकने व बच्चों रोने की आवाज, चीख सुन ग्रामीण ने छुड़ाया

# श्वानों ने सरकारी स्कूल में मासूम को बुरी तरह नोचा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**बीकानेर।** ऊपनी गांव स्थित स्वामी विवेकानंद मॉडल सरकारी स्कूल में पहली बार पढ़ने गए 4 साल के मासूम पर आवारा श्वानों ने हमला कर दिया। श्वान बच्चे के सिर की चमड़ी खा गए और कान को काटकर शरीर को बुरी तरह से नोच डाला। बच्चे की चीख सुनकर पहुंचे एक ग्रामीण ने मासूम को श्वानों के चंगुल से छुड़ाया। बच्चे का बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे को गंभीर चोट आई है, सिर की चमड़ी लगाने के लिए सर्जरी करनी पड़ेगी। जानकारी के अनुसार ऊपनी गांव निवासी रामू पुत्र रामप्रताप सिद्ध अपने बड़े भाई के साथ पहली बार स्कूल गया था। बच्चा करीब डेढ़ घंटे कक्षा में बैठने के बाद बाहर ग्राउंड में चला गया। इसी दौरान स्कूल का मुख्य दरवाजा खुला पड़ा था, जहां से श्वानों का झुंड स्कूल में घुस आया।

श्वानों ने मासूम पर हमला कर दिया, लेकिन श्वानों के भौंकने और बच्चे के रोने की आवाज स्टाफ तक नहीं पहुंची। बच्चे की चीख सुनकर वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण ने मासूम को श्वानों के चंगुल से छुड़ाया। बाद में परिजन बदहवास हालत में बच्चे को तुरंत पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे।

### सिर की चमड़ी खा गए, कान काटा, होगी प्लास्टिक सर्जरी

**पीबीएम ट्रोमा** इंचार्ज डॉ. एलके कपिल ने बताया कि बच्चे के सिर पर गंभीर चोट आई है। स्किन ग्राफ्टिंग के लिए प्लास्टिक सर्जरी करनी होगी। उससे पहले घाव को तीन बार साफ किया जाएगा। शरीर की प्रतिक्रिया के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी। इलाज लंबा चल सकता है। एक साल का समय लगेगा, तब उसके सिर पर फिर से चमड़ी तैयार हो सकेगी। बार-बार प्लास्टिक सर्जरी करनी पड़ सकती है और बहुत सावधानी बरतनी होगी। पीड़ित मासूम रामू का इलाज कर रहे पीबीएम अस्पताल के पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. एमएल काजला का कहना है कि बच्चा वैसे स्वस्थ है, लेकिन जहां-जहां श्वानों ने नोच डाला है, वहां उसकी सर्जरी होगी। खासकर श्वान उसके सिर की चमड़ी खा गए हैं, जिसे वापस प्लास्टिक सर्जरी से ही ठीक किया जा सकता है।

### ग्रामीणों का स्कूल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप

**ग्रामीणों ने** स्कूल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि मुख्य गेट बंद क्यों नहीं किया गया। गेट पर गार्ड क्यों नहीं था और कक्षा से गेट तक बच्चा कैसे पहुंचा, किसी ने ध्यान क्यों नहीं दिया। ग्रामीणों का दावा है कि ये श्वान पहले भी पशुओं व एक अन्य बच्चे पर हमला कर चुके हैं। वहीं प्रिंसिपल सुभाष मीणा ने बताया कि बच्चा वॉशरूम की ओर गया था और कुछ ही पलों में बाहर चला गया। घटना दुखद है। उन्होंने कहा कि स्कूल गेट के आसपास हिंसक श्वानों की शिकायत पहले भी की गई थी। घटना की सूचना एसडीएम, पुलिस प्रशासन व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दे दी गई है।

लंबे समय से फर्म से जुड़े होने का उठाया फायदा, फोन भी किया बंद

## जेवर बनाने के नाम पर कंपनी से 8 किलो चांदी लेकर कारीगर फरार

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** अशोक नगर थाना क्षेत्र में एक कारीगर के ज्वेलरी निर्यातक फर्म से करीब 7 किलो 940 ग्राम चांदी लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित फर्म संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सुदर्शनपुरा इंडस्ट्रियल एरिया निवासी उम्मेद सिंह धुल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह यूवी ओवरसीज फर्म का मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, जो ज्वेलरी निर्माण व निर्यात का कार्य करती है। उनकी फर्म में करीब 600 कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि कई कारीगर घर पर जेवर बनाकर सप्लाई करते हैं। पीड़ित के अनुसार सुरेश विश्वास नामक कारीगर लंबे समय से फर्म से जुड़ा हुआ था और उस पर पूरा भरोसा था।

वह समय-समय पर चांदी व स्टोन लेकर घर पर जेवर तैयार कर कंपनी को जमा करता था। हाल ही में उसने 7 किलो 940 ग्राम चांदी जेवर बनाने के नाम पर ली, लेकिन तय समय पर जेवर वापस नहीं किए। काफी समय तक टालमटोल करने के बाद आरोपी ने फोन बंद कर लिया और फरार हो गया। बाद में जानकारी मिली कि वह कोलकाता भाग गया है। पीड़ित के अनुसार जब उससे संपर्क हुआ तो उसने साफ इनकार कर दिया कि उसके पास चांदी है या वह उसे वापस करेगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि चांदी देने से जुड़े सभी बिल-बाउचर उनके पास सुरक्षित हैं, जिन पर आरोपी के हस्ताक्षर भी हैं। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन का मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर चांदी की बरामदगी के प्रयास किए जाएंगे।

## हाईकोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी, नहीं मिली संदिग्ध वस्तु



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को बुधवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी भरा यह ई-मेल जयपुर कोर्ट, जजेज/स्टॉफ के नाम से है। धमकी में लिखा है कि हाईकोर्ट को 11 बजे तक खाली कर दो, क्योंकि दोपहर 1.30 बजे 18 बम धमाके होंगे। हाईकोर्ट प्रशासन की सूचना पर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आई। बम निरोधक दस्ता व डॉग स्कावयड की टीमें मौके पर पहुंची और कोर्ट रूम्स, जजेज चैम्बर सहित पूरे हाईकोर्ट परिसर की तलाशी ली। हालांकि सर्च में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। हाईकोर्ट प्रशासन को धमकी भरा मेल बुधवार को सुबह जल्दी मिल गया था, इसके बाद कोर्ट शुरू होने के निश्चित समय से पहले ही पूरे परिसर की तलाशी पूरी कर ली गई थी, जिससे किसी भी तरह से सुनवाई प्रभावित नहीं हुई। हाईकोर्ट में सभी कोर्ट्स अपने तय समय सुबह 10.30 बजे ही शुरू हो गई। ज्ञात रहे हाईकोर्ट जयपुर पीठ को पिछले साल 31 अक्टूबर से लेकर अब तक 11 बार बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी हैं। हर बार यह धमकी फर्जी निकलती हैं। इससे हर बार सुनवाई कुछ घंटे के लिए प्रभावित हो जाती है। इस महीने की बात करें तो हाईकोर्ट को 5वीं बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस महीने पहली बार 6 फरवरी को हाईकोर्ट प्रशासन के पास धमकी भरा मेल आया था। उसके बाद 17,19 व 20 फरवरी को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

गाड़ी में लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल अवस्था में फेंककर भागे

## बैंक के सामने दिनदहाड़े युवक का किडनैप कर लूटे 20 हजार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में राजस्थान ग्रामीण बैंक के सामने बुधवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक का किडनैप कर लिया और गाड़ी में लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद जेब में रखे 20 हजार रुपए कैश भी छिन लिया। बदमाश घायल हालत में युवक को नेहरू गार्डन के पास फेंक कर चले गए। थानाधिकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सत्यम कॉम्प्लेक्स के पास सत्यम सरस पैलेस पार्लर के कर्मचारी हरिराम पिता रामकिशन गुर्जर निवासी करमडास ने सुभाष नगर थाने में एक रिपोर्ट दी। बताया कि बुधवार को वह सरस पार्लर का कैश जमा कराने राजस्थान



ग्रामीण बैंक जा रहा था।

तभी बैंक के सामने महेंद्र और उसके कुछ साथी गाड़ी लेकर आए और उसे खींचकर गाड़ी में बैठा लिया। सुनसान जगह ले जाकर लाठी व डंडों से उसके साथ मारपीट की। उसके हाथ-पैर पर कई वार किए। फिर जेब में रखे 20 हजार रुपए भी ले लिए। इसके बाद बदमाश घायल हालत में हरिराम को लव गार्डन के पास फेंक कर चले गए। पीड़ित हरि का कहना है कि आरोपी महेंद्र उसके साथ पहले भी मारपीट कर चुका है। ये लोग हमेशा रात को शराब के नशे में धुत होकर पार्लर पर आते हैं और डेयरी प्रोडक्ट मुफ्त में नहीं देने पर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। कई बार पहले भी उन्होंने उसके साथ मारपीट की। इसकी शिकायत थाने में देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की है।

## लापता बच्चों का कंकाल ढूंढने के लिए खुदाई, भाई-बहन गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बांदीकुई।** छह वर्ष पूर्व लापता हुए 4 वर्षीय बालक प्रिंस बैरवा के मामले में पुलिस ने जांच तेज करते हुए बुधवार दोपहर संभावित दफन स्थल पर खुदाई शुरू की। ऊनबड़ा गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे किनारे जेसीबी मशीन की सहायता से सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मामले में संलिप्त बताए जा रहे आरोपी भाई-बहन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की टीम आरोपियों से मिली जानकारी और जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर संभावित दफन स्थल चिन्हित कर कंकाल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खुदाई कार्य जारी है। घटनास्थल के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो। जानकारी के अनुसार साक्ष्यों की कड़ी जोड़ते हुए मामले का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। क्षेत्र में लंबे समय से चर्चा में रहे इस मामले में आमजन में भी हलचल बनी हुई है।

वन विभाग की गाड़ी सहित दो अन्य वाहनों को चपेट में लेते हुए दुकान में घुसी आरोपी की पिकअप

## नाकाबंदी देख टक्कर मारकर भागा लकड़ी तस्कर, पीछा कर दबोचा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चिड़ावा के पिलानी रोड स्थित कबूतरखाना बस स्टैंड पर बुधवार सवेरे करीब 5 बजे लकड़ी तस्कर ने नाकाबंदी देख वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मार दी, जब टीम ने उसका पीछा किया तो आरोपी पिकअप से दो और गाड़ियों को टक्कर मारता हुआ भाग निकला। करीब 100 मीटर आगे जाकर पिकअप अनियंत्रित हुई और एक दुकान में जा घुसी। वन विभाग की टीम ने पिकअप जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पिकअप में करीब 30 क्विंटल हरी खेजड़ी की लकड़ियां भरी हुई थी।



घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी संदीप लोयल ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े चार से 5 बजे के बीच सूचना मिली थी कि अवैध रूप से काटी गई खेजड़ी की लकड़ियों से भरी चार पिकअप गाड़ियां पिलानी की ओर से आ रही हैं। इस सूचना पर वन विभाग की टीम ने चिड़ावा के कबूतरखाना बस स्टैंड पर मोर्चा संभाला और नाकाबंदी की। जैसे ही गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तीन पिकअप चकमा देकर निकल गईं। वन विभाग की टीम ने चौथी पिकअप के ड्राइवर को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर ने रुकने के बजाय वन विभाग के बैरिकेड्स व सरकारी गाड़ी को सीधी टक्कर मार दी और भाग निकला। वन विभाग की टीम ने पीछा किया तो उसने रास्ते में दो अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में लिया। वन विभाग की टीम ने तस्कर का पीछा किया तो तेज रफ्तार और हड़बड़ाहट के कारण तस्कर की पिकअप अनियंत्रित होकर खेतड़ी रोड पर सड़क किनारे एक दुकान के शटर से जा टकराई। हादसे के बाद ड्राइवर सुमित निवासी छावसरी मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। विभाग ने अवैध लकड़ी से भरी पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है। आरओ संदीप लोयल ने बताया कि आरोपी सुमित उदयपुरवाटी के छावसरी से लकड़ियां पिकअप में लादकर हरियाणा के सिंघानी जा रहा था। विभाग की टीम ने करीब 30 क्विंटल लकड़ी से भरी पिकअप जब्त की है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है।

आधार कार्ड दिखाने पर भी नहीं माने, मां-बेटी लगाती रही छोड़ने की गुहार

## बच्चा चोर समझ ग्रामीणों ने बुजुर्ग महिला को लाठी-डंडों से पीटा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**पाली।** सोजत क्षेत्र के बगड़ी नगर थाना इलाके में बच्चा चोर समझकर बुजुर्ग महिला को ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बीच-बचाव करने आई बेटी के भी हल्की चोटें आईं। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 58 साल की महिला अपनी 20 वर्षीय बेटी के साथ एक गांव में गोंद



बेचने आई थी, लेकिन वहां मनरेगा में काम कर रहे ग्रामीणों ने उन्हें बच्चा चोर समझ लिया। मां-बेटी ने ग्रामीणों को अपना आधार कार्ड भी दिखाया, लेकिन वे नहीं माने। लोगों ने उन्हें घेर लिया। दो महिलाओं ने बुजुर्ग महिला पर लाठियों से बेरहमी से हमला कर दिया। बुजुर्ग महिला हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन हमलावर लगातार लाठियां बरसाते रहे। बेटी भी मां को छोड़ने की गुहार करती रही। बड़ी मुश्किल से दोनों मां-बेटी वहां से निकल पाईं। इस हमले में बुजुर्ग महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें पाली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बेटी की स्थिति ठीक बताई जा रही है। बगड़ी नगर थाना अधिकारी प्रहलाद सिंह शेखावत ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर विशेष**

# विनायक दामोदर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी और राष्ट्रवादी चिंतक

वासुदेव देवनानी



**भारतीय** स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में वीर सावरकर का नाम एक ऐसे क्रांतिकारी के रूप में दर्ज है, जिन्होंने न केवल विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया, बल्कि राष्ट्रवाद की वैचारिक आधारशिला को भी मजबूत किया। विनायक दामोदर सावरकर, जिन्हें सम्मानपूर्वक 'वीर सावरकर' कहा जाता है, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे क्रांतिकारी, साहित्यकार, इतिहासकार, समाज सुधारक और राष्ट्रवादी चिंतक के रूप में प्रसिद्ध रहे। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और अदम्य साहस का अद्भुत उदाहरण है।

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षाः** वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भगूर गांव में हुआ था। बचपन से ही उनमें देशभक्ति की भावना प्रबल थी। उनके परिवार का वातावरण भी राष्ट्रवादी विचारों से प्रभावित था। किशोरावस्था में ही उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष का संकल्प ले लिया था। छात्र जीवन में उन्होंने युवाओं को संगठित करने के लिए 'मित्र मेला' नामक संगठन की स्थापना की, जो बाद में 'अभिनव भारत' के रूप में विकसित हुआ। सावरकर उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड गए और लंदन में उन्होंने भारतीय छात्रों और क्रांतिकारियों को संगठित किया। वहां उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध वैचारिक और क्रांतिकारी गतिविधियों को गति दी। वे मानते थे कि भारत की स्वतंत्रता केवल याचना से नहीं बल्कि संघर्ष से प्राप्त होगी।

**क्रांतिकारी गतिविधियां और संघर्षः** वीर सावरकर उन अग्रणी क्रांतिकारियों में थे, जिन्होंने सशस्त्र क्रांति का समर्थन किया। उन्होंने युवाओं को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया और क्रांतिकारी आंदोलन को संगठित रूप दिया। लंदन में रहते हुए उन्होंने भारतीय क्रांतिकारियों को हथियारों की व्यवस्था करने और गुप्त संगठनों के माध्यम से ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन चलाने में सहयोग किया। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति '1857 का स्वातंत्र्य समर' है, जिसमें उन्होंने 1857 की क्रांति को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक ने भारतीय युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जगाने का कार्य किया और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा दी। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें क्रांतिकारी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 1910 में गिरफ्तारी के बाद उन्हें भारत लाया जा रहा था, तभी उन्होंने फ्रांस के मार्सेई बंदरगाह पर समुद्र में कूदकर भागने का साहसिक प्रयास किया, जो उनकी अद्भुत निडरता का उदाहरण है। हालांकि वे पुनः पकड़ लिए गए और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

**सेल्युलर जेल का संघर्षः** वीर सावरकर को अंडमान-निकोबार की कुख्यात सेल्युलर जेल भेजा गया, जिसे 'काला पानी' कहा जाता था। वहां कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था। सावरकर को कठोर श्रम करना पड़ता था और उन्हें तेल निकालने की कोल्हू चककी चलानी पड़ती थी। अनेक यातनाओं के बावजूद उनका मनोबल अटूट रहा। जेल में उन्होंने लेखन कार्य जारी रखा। कहा जाता है कि उन्होंने दीवारों पर कविताएं लिखीं और उन्हें कंठस्थ कर लिया, ताकि वे सुरक्षित रह सकें। उनका यह संघर्ष भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अद्वितीय माना जाता है।

**राष्ट्रवादी चिंतक के रूप में योगदानः** वीर सावरकर केवल क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली राष्ट्रवादी चिंतक भी थे। उन्होंने राष्ट्रवाद की ऐसी अवधारणा प्रस्तुत की, जिसमें भारत की सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय अस्मिता को प्रमुख स्थान दिया गया। उनके विचारों ने भारतीय राजनीति और समाज को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने हिंदुत्व की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसे उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में व्याख्यायित किया। उनके अनुसार हिंदुत्व का अर्थ केवल धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा और राष्ट्रीय चेतना है। उनके विचारों ने बाद के राष्ट्रवादी आंदोलनों को प्रभावित किया।

**साहित्यिक योगदानः** वीर सावरकर एक प्रतिभाशाली लेखक और कवि भी थे। उन्होंने इतिहास, राजनीति और समाज पर अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे। उनकी प्रमुख रचनाओं में '1857 का स्वातंत्र्य समर', 'हिंदुत्व', 'माझी जन्मठेप' और 'कमला' शामिल हैं। उनकी रचनाओं में राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता की भावना स्पष्ट दिखाई देती है। उनकी लेखनी में जो ओज और विचारों की स्पष्टता दिखाई देती है, वह उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख वैचारिक नेताओं में स्थान दिलाती है। उन्होंने लेखन के माध्यम से भारतीय समाज को जागृत करने का प्रयास किया।

**समाज सुधारक के रूप में भूमिकाः** वीर सावरकर ने समाज सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। वे जाति-भेद और अस्पृश्यता के विरोधी थे। उन्होंने समाज में समानता और एकता पर जोर दिया। रत्नागिरी में नजरबंदी के दौरान उन्होंने मंदिर प्रवेश आंदोलन को प्रोत्साहित किया और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। वे मानते थे कि जब तक समाज में समानता नहीं होगी, तब तक राष्ट्र मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने सभी जातियों को एक साथ लाने का प्रयास किया और सामाजिक सुधार को राष्ट्रीय एकता से जोड़ा।

**व्यक्तित्व की विशेषताएंः** वीर सावरकर का व्यक्तित्व अत्यंत प्रभावशाली था। उनमें अद्भुत साहस और दृढ़ संकल्प था। वे कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से नहीं डिगे। उनकी प्रमुख विशेषताएं अटूट राष्ट्रभक्ति, अदम्य साहस, वैचारिक स्पष्टता, संगठन क्षमता, विद्वत्ता और लेखन कौशल थीं। इन गुणों ने उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन का प्रमुख नेता बनाया।

**स्वतंत्र भारत में भूमिका और विरासतः** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वीर सावरकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी चिंतक और समाज सुधारक भी थे। उनकी विचारधारा और संघर्ष आज भी राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रीय चेतना की प्रेरणा देते हैं। स्वतंत्रता के बाद भी वीर सावरकर राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकता के विषयों पर सक्रिय रहे। उनके विचारों पर आज भी चर्चा होती है और वे भारतीय राजनीति और इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में याद किए जाते हैं। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए त्याग और संघर्ष आवश्यक है। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया। वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी और राष्ट्रवादी चिंतक थे। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने के साथ-साथ राष्ट्रवाद की वैचारिक दिशा भी निर्धारित की। उनका जीवन साहस, त्याग और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है।

**निधनः** महान क्रांतिकारी और राष्ट्रवादी चिंतक वीर सावरकर का निधन 26 फरवरी 1966 को महाराष्ट्र के मुंबई (तत्कालीन बंबई) में हुआ। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम दिनों में यह घोषणा की थी कि अब उनका जीवन-कार्य पूर्ण हो चुका है, इसलिए उन्होंने स्वेच्छा से 'आत्मार्पण' का मार्ग अपनाया। फरवरी 1966 में उन्होंने भोजन, जल और दवाइयां लेना बंद कर दिया और धीरे-धीरे उनका स्वास्थ्य कमजोर होता गया। लगभग तीन सप्ताह के उपवास के बाद उनका निधन हो गया।

**अंतिम संदेशः** वीर सावरकर ने अपने अनुयायियों के लिए संदेश दिया था कि उनके निधन पर शोक प्रदर्शन न किया जाए, बल्कि राष्ट्र सेवा के कार्य जारी रखे जाएं। यह उनके कर्मयोगी व्यक्तित्व को दर्शाता है।

**राष्ट्र की श्रद्धांजलिः** उनके निधन पर देशभर में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं और उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी के रूप में याद किया गया। आज भी वीर सावरकर का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और संघर्ष की प्रेरणा देता है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने वीर सावरकर के सम्मान में संसद भवन में चित्र स्थापना, डाक टिकट जारी करने, अंडमान की सेल्युलर जेल में स्मारक बनाने और पोर्ट ब्लेयर के हवाई अड्डे का नामकरण जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ये सभी सम्मान इस बात के प्रमाण हैं कि वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख क्रांतिकारी और राष्ट्रवादी चिंतक के रूप में देश द्वारा आदर पूर्वक स्मरण किए जाते हैं।

**राजस्थान के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिलः** राजस्थान में शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने स्कूली पाठ्यक्रम में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए, जिनमें राष्ट्रवादी विचारकों, स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों को प्रमुखता देने का प्रयास किया। इसी क्रम में मैंने महान क्रांतिकारी वीर सावरकरजी के जीवन और विचारों को भी पाठ्यक्रम में शामिल करवाया। मेरा मानना है कि विद्यार्थियों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन क्रांतिकारियों के बारे में भी जानकारी मिलनी चाहिए, जिनका योगदान लंबे समय तक अपेक्षाकृत कम चर्चा में रहा। वीर सावरकर को पाठ्यक्रम में शामिल करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, साहस और त्याग की भावना विकसित करना था। इतिहास को संतुलित और तथ्यपूर्ण रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक है, ताकि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन की व्यापक समझ मिल सके। इसी सोच के तहत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के साथ ही वीर सावरकर, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान को पाठ्यपुस्तकों में स्थान दिया गया। वीर सावरकरजी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय शिक्षा जगत और राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना। समर्थकों ने इसे राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से आवश्यक कदम बताया, जबकि कुछ आलोचकों ने इतिहास के पुनर्लेखन का मुद्दा उठाया। वीर सावरकरजी के जीवन और विचारों को पाठ्यक्रम में शामिल करने से राजस्थान के विद्यार्थियों को स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी पक्ष को समझने का अवसर मिला। इससे छात्रों में देशभक्ति और ऐतिहासिक जागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास हुआ ।

---

**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस और एसके फाइनेंस की साझेदारी, ग्राहकों को मिलेगी आसान क्रेडिट लाइफ बीमा सुरक्षा**

# ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में बीमा की पहुंच होगी और मजबूत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारत की अग्रणी नॉन-बैंकिंग फिनेंशिअल कंपनियों में से एक एसके फाइनेंस ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के माध्यम से एसके फाइनेंस के ग्राहकों को समूह क्रेडिट प्रोटेक्शन बीमा समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें आवश्यक वित्तीय सुरक्षा प्राप्त होगी। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति रखने वाली एसके फाइनेंस अपने 9.3 लाख से अधिक ग्राहकों को ग्राहक केंद्रित क्रेडिट लाइफ बीमा समाधान प्रदान करेगी, ताकि किसी अनहोनी की स्थिति में उनके परिवार पर आर्थिक बोझ ना पड़े।

यह साझेदारी सरल व सहज ऋण बीमा उपलब्ध कराकर बेहतर वित्तीय संरक्षण सुनिश्चित करेगी और जिम्मेदारी से ऋण लेने की सोच को बढ़ावा देगी, खासकर उन क्षेत्रों में जहां बीमा की पहुंच अभी भी सीमित है। क्रेडिट लाइफ बीमा ग्राहकों को जोखिम प्रबंधन में सक्षम बनाते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी अप्रत्याशित परिस्थिति में परिवार की वित्तीय योजना प्रभावित ना हो।



इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के चीफ ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन क्रेडिट लाइफ व प्रोटेक्शन उपेंद्र प्रभु ने कहा कि देश की एक अग्रणी एनबीएफसी एसके फाइनेंस के साथ साझेदारी करते हुए हमें खुशी हो रही है। बीमा की पहुंच बढ़ाने और 'इंश्योरेंस फॉर ऑल' के लक्ष्य को प्राप्त करने में वितरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह सहयोग जीवन बीमा की पहुंच बढ़ाने और ग्राहकों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा आवश्यकताओं को समर्थन देने की हमारी कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

रणनीतिक साझेदारी पर एसके फाइनेंस के डायरेक्टर यश सेतिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल ऋण प्रदान करना नहीं है। हम अपने ग्राहकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं और उन्हें वित्तीय व्यवधान व ऋण देनदारियों से अपने परिवारों की सुरक्षा करने में सक्षम बनाना चाहते हैं। इस दिशा में यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के साथ यह संधि, हमारे बीमा प्रभाग 'एसके बीमा' के तहत ग्राहकों को बेहतर सुरक्षा समाधान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी दोनों संस्थाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वे ग्राहकों को सरल, सुलभ और उपयोगी बीमा समाधान उपलब्ध कराना चाहते हैं।

---

# आइसक्रीम के बिजनेस से विश्व की दिग्गज कंपनियों का हो रहा मोहभंग

**नेस्ले ने भी समेटा कारोबार, अब मुनाफे वाले मुख्य सेगमेंट पर फोकस**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय कंपनी नेस्ले आइसक्रीम के कारोबार को ठंडे बस्ते में डालने जा रही है। दरअसल वैश्विक एफएमसीजी सेक्टर में कुछ समय से एक ट्रेंड देखा जा रहा है। दिग्गज कंपनियों का आइसक्रीम बिजनेस से मोहभंग हो रहा है। नेस्ले ने पुष्टि की है कि वह अपने शेष आइसक्रीम पोर्टफोलियो को संयुक्त उद्यम साझेदार 'फ्रोनेरी' को बेचने के लिए बातचीत कर रही है। इस सौदे में हागेन-डाज और ड्रमस्टिक जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं, जिनकी कुल वैल्यू लगभग 1.3 बिलियन डॉलर यानी करीब 11 हजार 800 करोड़ रुपए आंकी गई है। नेस्ले के नए सीईओ फिलिप नवरतिल ने पद संभालते ही कंपनी के बिखरे हुए साम्राज्य को समेटने का फैसला किया है। नवरतिल के मुताबिक आइसक्रीम ब्रांड कंपनी के मुख्य बिजनेस के लिए एक भटकाव बन गए थे। कंपनी अब अपना पूरा ध्यान उन 4 सेगमेंट पर लगाएगी, जहां उसका दबदबा कॉफी, पेट केयर, न्यूट्रिशन व स्नैक्स सबसे ज्यादा है। नवरतिल ने स्पष्ट किया कि हम इन ब्रांड्स को उस गति से आगे नहीं बढ़ा सकते, जिस तरह फ्रोनेरी जैसी विशेषज्ञ कंपनियां बड़ा सकती हैं। नेस्ले जैसी दिग्गज कंपनी अब लागत कम करने के लिए एआई व ऑटोमेशन का सहारा ले रही है और दुनियाभर में 16 हजार नौकरियां घटाने की योजना बना रही है। ऐसे में कंपनी उन सेक्टर में पूंजी लगाना चाहती है जहां मार्जिन अधिक और स्थिर है।



**मुश्किल बिजनेस बनता जा रहा आइसक्रीम**

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि जटिल कोल्ड-चेन लॉजिस्टिक्स, बिजली की भारी खपत और सीजन पर निर्भरता ने आइसक्रीम को एक 'मुश्किल बिजनेस' बना दिया है। वहीं दूसरी ओर लोग अब चीनी और कैलोरी के सेवन को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं। कई देशों में बढ़ते 'शुगर टैक्स' और 'अनहेल्दी' उत्पादों के प्रति सख्त नियमों के कारण कंपनियां अब प्लांट-बेस्ड और पोषण आधारित उत्पादों की ओर रुख कर रही हैं। इसके अलावा आइसक्रीम की बिक्री मौसम पर निर्भर है, इसकी गर्मी में मांग चरम पर होती है और सर्दियों व मानसून के दौरान इसकी बिक्री सुस्त रहती है। वास्तविक मुनाफा कम बचता है। ब्यूटी और पर्सनल केयर के 20-25 फीसदी मार्जिन की तुलना में आइसक्रीम का 10-14 फीसदी मार्जिन निवेशकों के लिए कम आकर्षक है।

**अन्य कंपनियां भी बना रही दूरी**

नेस्ले अकेली ऐसी कंपनी नहीं है, जो जमी हुई मिठास से दूरी बना रही है। यह पूरी दुनिया में एफएमसीजी और डेयरी दिग्गजों के बीच एक 'स्ट्रक्चरल शिफ्ट' है। यूनिलीवर ने बीते दिसंबर में प्रसिद्ध आइसक्रीम डिवीजन मैग्नम को अलग कर दिया। अमेरिकी दिग्गज कंपनी जनरल मिल्स अपनी आइसक्रीम यूनिट को पहले ही लैक्टालिस को बेच चुकी है। दुनिया की सबसे बड़ी डेयरी निर्यातक कंपनी फोंटेरा भी अपने ग्लोबल कंज्यूमर और आइसक्रीम बिजनेस को बेचने की प्रक्रिया में है। इसके लिए फ्रांसीसी कंपनी लैक्टालिस ने 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की भारी-भरकम बोली लगाई है।

---

# फागोत्सव, फूलों की होली, गुलाब उत्सव व भजन संध्या से गूंजा आमेर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी जयपुर की पर्यटन नगरी आमेर में अतिप्राचीन आंकड़े के गणेश मंदिर में फागोत्सव का भव्य व आध्यात्मिक आयोजन किया गया। फाल्गुन मास की रंग-बिरंगी छटा के बीच आयोजित इस उत्सव ने श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मंदिर में विराजमान भगवान गणेश का स्वरूप सफेद आंकड़े की जड़ से स्वाभाविक रूप से निर्मित माना जाता है, जो इस मंदिर को विशेष आध्यात्मिक पहचान प्रदान करता है। मंदिर महंत चंद्रमोहन याग्निक ने बताया कि फागोत्सव के अवसर पर भगवान गणेश का भव्य व आकर्षक श्रृंगार किया गया। पारंपरिक आभूषणों से सुसज्जित गणेशजी के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद मंदिर परिसर में गुलाब उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें वातावरण गुलाब की खुशबू और भक्ति संगीत से महक उठा। इस आयोजन ने ना केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ किया, बल्कि पारंपरिक और सात्विक होली का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध भजन गायकों ने मधुर भजन संध्या प्रस्तुत की, जिसमें गणेश वंदना, फाग गीत व पारंपरिक भक्तिमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इसके बाद सामूहिक महाआरती के साथ वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा। आमेर विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान रखता है। ऐसे में फागोत्सव के इस आयोजन में देशी-विदेशी पर्यटकों की भी भागीदारी देखने को मिली। पर्यटकों को भारतीय संस्कृति, परंपरा व धार्मिक उत्सव की जीवंत झलक का अनुभव किया। आमेर का यह प्राचीन गणेश मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। हालांकि आंकड़े की जड़ से बने गणेश स्वरूप को चमत्कारी माना जाता है। क्षेत्र के लोग किसी शुभ कार्य से पहले यहां आकर गणेशजी का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए, ताकि सभी श्रद्धालु उत्सव का आनंद सहज और सुरक्षित वातावरण में ले सकें।



---

# प्रोजेक्टाथॉन में विभिन्न कॉलेज की 100 से अधिक टीमों ने प्रस्तुत किए एआई आधारित नवाचार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आर्या कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी के डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में प्रोजेक्टाथॉन कार्यक्रम का सफल आयोजन मुख्य अतिथि एनएसएस के रीजनल डायरेक्टर एसपी भटनागर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

यह प्रोजेक्ट आधारित प्रतियोगिता विद्यार्थियों में तकनीकी नवाचार, रचनात्मक सोच व सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न तकनीकी कॉलेजों से 100 से अधिक टीमों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी टीमों ने सामाजिक समस्याओं के समाधान पर आधारित आकर्षक व व्यावहारिक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का प्रभावी उपयोग देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ. प्रभात कुमार व डॉ. सौरभ भास्कर रहे। उनके कुशल मार्गदर्शन व सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग, ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छता प्रबंधन, ट्रैफिक कंट्रोल, कृषि सुधार व अन्य सामाजिक चुनौतियों से जुड़े एआई आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया। मुख्य अतिथि एसपी भटनागर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों विशेषकर एआई का उपयोग यदि समाजहित में किया जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक, तकनीकी व सामाजिक विकास में सहायक सिद्ध होते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। आयोजन ने विद्यार्थियों में नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और सुदृढ़ किया।




---

# यूनिवर्स के सेफ स्पेस में कला और सेल्फ लव के जरिए मानसिक स्वास्थ्य को दी नई परिभाषा

**जेयू रिदम-2026 में देशभर से आए छात्रों ने लिया हिस्सा**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में नॉर्थ इंडिया के सबसे बड़े टैक्नो-मीडिया-स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट रिदम-2026 में देश के कोने-कोने से आए एक हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 50 से ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 30 हजार से अधिक स्टूडेंट्स की मौजूदगी और टीम्स के लगातार जुड़ने का सिलसिला यह साफ दर्शाता है कि रिदम का जुनून न केवल जेईसीआरसीयंस में है, बल्कि पूरे भारत के युवाओं के बीच बढ़ रहा है। फेस्ट में मेंटल हेल्थ और सेल्फ लव के प्रति जागरूक करने के लिए सेफ स्पेस प्रदान किया, जहां कैंडल मेकिंग, पॉटरी, ब्लॉक प्रिंटिंग व फेस पेंटिंग जैसी आर्ट-बेस्ड एक्टिविटीज द्वारा इमोशंस को कला के जरिए व्यक्त किया गया। वहीं स्टेज पर जेयू शोडाउन, जेयू वर्स व बैटल ऑफ बैंड्स जैसी प्रतियोगिताओं में देश की प्रमुख यूनिवर्सिटीज के बीच एक कड़ा मुकाबला देखने को मिला। डांस फ्लोर पर कलाकारों ने बोल्ड और लाउड एक्सप्रेशंस के साथ ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के संघर्ष और उनकी शिक्षा की जरूरत को दर्शाया। इसके साथ ही चरी व घूमर जैसे फोक डांस ने राजस्थान के कल्चर को मॉडर्न फ्यूजन व परफेक्ट सिंक के साथ पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करा। इस ईयरली फेस्ट की शुरुआती शाम जाकिर खान के नाम रही, जिन्होंने अपने बेबाक अंदाज व कहानियों से पूरे कैंपस के साथ एक गहरा जुड़ाव बनाया। वहीं दूसरी ओर जेईसीआरसी फाउंडेशन के 'रेनैसांस' मंच पर बिस्मिल की महफिल ने रूहानी कलामों व अपने सिग्नेचर सूफी फ्यूजन ट्रैक से फिजा सजाई। इसके साथ ही सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी को निभाते हुए जेसीएस ने यूनिवर्सिटी के कमिटमेंट को रिफ्लेक्ट किया। प्लास्टिक रीसायकलिंग, पेपर पॉपर्स और इको-फ्रेंडली डेकोर के जरिए फेस्ट को एनवायर्नमेंटल फ्रेंडली बनाया।




---

**पतंजलि अनुसंधान संस्थान व विवि के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा के समन्वय पर मंथन**

# 'वैश्विक स्वास्थ्य का सशक्त आधार हो सकती है पारंपरिक उपचार पद्धतियां'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसन्धान संस्थान और पतंजलि विश्वद्यालय के तत्वावधान में 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'प्लांट्स टू पेशेंट्स श्रृंखला-4 : ऐथनोफार्माकोलॉजी बीयोंड टाइम्स' पूर्ण हुआ। इस सम्मेलन के माध्यम से विश्व को यह स्पष्ट संदेश प्रदान किया गया कि पारंपरिक उपचार पद्धतियां केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षण व प्रमाण के माध्यम से भविष्य की वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त आधार बन सकती हैं।




इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं व चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लेकर आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान व चिकित्सा के समन्वय पर गहन मंथन किया। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शोध व वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान व वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति की दिशा सुनिश्चित कर सकता है। हजारों वर्षों से संरक्षित भारतीय चिकित्सा ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है और पतंजलि एक वैश्विक केंद्र के रूप में प्रमाण-आधारित भारतीय चिकित्सा को विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि विश्वभर में आयुर्वेद और सिद्ध चिकित्सा पद्धति के साथ ही यूनानी, मिस्र, ग्रीक, तिब्बती, चीनी, जापानी, कोरियाई चिकित्सा पद्धति विद्यमान है, आवश्यकता है इन चिकित्सा पद्धतियों को शोध व साइंटिफिक वैलिडेशन के साथ विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने की, जिससे एक होलिस्टिक और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल और ग्लोबल हेल्थ का एक सशक्त माध्यम बन सके, जिससे जनमानस को रोगों के लिए एक सुगम, सुरक्षित, सुलभ समाधान मिले। सम्मेलन में प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. वाईके गुप्ता ने ज्ञान के आयामों को अत्यंत सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि कहा कि वास्तविक शोध वहीं से प्रारंभ होता है, जहां स्वीकार किया जाता है कि अभी बहुत कुछ अज्ञात है। यही दृष्टिकोण एविडेंस-बेस्ड आयुर्वेद की आधारशिला है।

स्वामी व आचार्य के मार्गदर्शन में आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करने की दिशा में पतंजलि द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। पतंजलि का यह दृष्टिकोण केवल परंपरागत ज्ञान को संरक्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे आधुनिक शोध पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित कर वैश्विक चिकित्सा मंच पर स्थापित करने का प्रयास है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय की दिशा में कार्यरत है। यह त्रिकोणीय मॉडल भविष्य की औषधि खोज का सशक्त माध्यम बन सकता है, जहां पारंपरिक ज्ञान प्रारंभिक संकेतों को आधार बना कर आधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्हें प्रमाणित किया जा सकता है और पतंजलि उसके लिए कार्यरत है।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ने यह संदेश दिया कि जब प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर परखा जाता है, तब वह और अधिक सशक्त होकर उभरता है। पतंजलि के प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, अपितु भविष्य की स्वास्थ्य क्रांति का प्रारंभिक उद्घोष है, जहां 'प्लांट्स टू पेशेंट्स' की अवधारणा वास्तव में साकार हो रही है।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# राज्यस्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह आज से

## एमएनआईटी में 28 फरवरी तक होगा आयोजन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 26 से 28 फरवरी तक मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर में आयोजित किया जाएगा। यह समारोह तीन दिवसीय 'राजस्थान विज्ञान महोत्सव-2026' के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 26 फरवरी को सुबह 9 बजे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की गरिमामय उपस्थिति में किया जाएगा, जबकि 27 फरवरी को राज्यमंत्री संजय शर्मा समारोह में उपस्थित रहेंगे। राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं वैज्ञानिक समुदाय के सदस्य इसमें भाग लेंगे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सी.वी. रमन की ऐतिहासिक वैज्ञानिक खोज 'रमन प्रभाव' की स्मृति में 28 फरवरी को मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 'वीमेन इन साइंस : कैटलाइजिंग विकसित भारत' थीम निर्धारित की है, जिसके अनुरूप कार्यक्रमों में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, नेतृत्व और नवाचार क्षमता पर जोर दिया जाएगा। यह राज्य स्तरीय समारोह मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर में विज्ञान भारती, सॉफ्ट मैटेरियल्स रिसर्च सोसाइटी तथा पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज जयपुर के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। विभाग द्वारा संभाग स्तर पर भी विज्ञान भारती के सहयोग से समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को विज्ञान से जोड़ना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना है। यह महोत्सव राज्य में अनुसंधान संस्कृति और विज्ञान आधारित विकास को नई गति प्रदान करेगा।

### विभिन्न सत्रों सहित होंगी अन्य गतिविधियां

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान उद्घाटन सत्र एवं थीम आधारित व्याख्यान, वैज्ञानिक संगोष्ठी एवं पैनल चर्चा, विज्ञान एवं नवाचार प्रदर्शनी, छात्र प्रतियोगिताएं, महिला वैज्ञानिक सम्मान समारोह तथा कॅरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही विज्ञान को आम जीवन से जोड़ने वाले जन-जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे। राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला के वैज्ञानिक हाइड्रोजन बैलून के माध्यम से जयपुर के वातावरण में सूक्ष्म कणों की विशेष जांच करेंगे। समारोह के दौरान लिक्विड नाइट्रोजन के प्रयोगों का प्रदर्शन तथा रात्रि में उच्च क्षमता वाले टेलीस्कोप से अंतरिक्ष अवलोकन भी कराया जाएगा।

## नगरीय विकास कर बकायादारों की 2 सम्पत्तियों को किया कुर्क

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को मालवीय नगर जोन में नगरीय विकास कर के बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई की। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी व मालवीय नगर जोन उपायुक्त मुकुट सिंह के नेतृत्व में 12 सम्पत्तियों पर नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्क की कार्रवाई की गई, जिसमें 6 सम्पत्तिधारकों द्वारा 40 लाख रुपए की राशि मौके पर ही जमा करवाया तथा 6 सम्पत्तियों को सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी मालवीय नगर जोन पवन कुमार मीणा, राजस्व निरीक्षक अमित कुमार पारीक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र शर्मा एवं राजस्व टीम मौजूद रही।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

# नामांकन तक जारी सूची के आधार पर ही होगा मतदान

■ अंतिम मतदाता सूची से पहले चुनाव ऐलान के संकेत, आयोग ने हटाई अनिश्चितता

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। पूर्ण मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने की संभावना अब मजबूत हो गई है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार अंतिम मतदाता सूची जारी होने से पूर्व भी चुनाव की घोषणा करने में कोई बाधा नहीं है।

आयोग ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तक जो मतदाता सूची प्रभावी रहेगी, उसी के आधार पर मतदान कराया जाएगा। मसौदा सूची से 58 लाख से अधिक नाम हटाए जाने के बाद राज्य में मतदाता संख्या को लेकर चर्चा तेज है, लेकिन अंतिम सूची प्रकाशित होने तक हटाए गए नामों का सटीक आंकड़ा सामने नहीं आ सकेगा। अंतिम मतदाता सूची शुक्रवार को जारी होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 28 फरवरी के बाद भी चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची प्रकाशित की जा सकती है और उन्हें अंतिम सूची का दर्जा दिया जाएगा। इस कारण कुल कितने नाम जोड़े या हटाए गए, इसका अंतिम आंकड़ा पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही स्पष्ट होगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा है कि 28 फरवरी अंतिम सूची जारी करने की निर्धारित तिथि है। यदि 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' या 'अनमैप्ड कैटेगरी' से जुड़े मामलों की जांच लंबित रहती है तो आयोग चरणबद्ध तरीके से सूची जारी कर सकता है।

### बूथ पुनर्विन्यास योजना फिलहाल स्थगित

इधर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने चुनाव से पहले बूथ पुनर्विन्यास की योजना को फिलहाल रद्द कर दिया है। राज्य के सभी 80,681 मतदान केंद्र यथावत रहेंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूरा नहीं होने के कारण नई बूथ व्यवस्था लागू नहीं की जाएगी। हालांकि बहुमंजिला इमारतों वाले क्षेत्रों में सुविधा बढ़ाने के लिए 60-70 अतिरिक्त बूथ जोड़े जा सकते हैं। इससे पहले आयोग ने 1,200 से अधिक मतदाता होने पर नया बूथ बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अंतिम मतदाता संख्या तय न होने से निर्णय टाल दिया गया।

# हावड़ा में गोली मारकर युवक की हत्या, इलाके में तनाव

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**हावड़ा।** हावड़ा के गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित पिलखाना इलाके में बुधवार तड़के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सौफिक खान के रूप में हुई है, जो रियल एस्टेट व्यवसाय से जुड़े थे। जानकारी के अनुसार नमाज से पहले घर से बाहर निकलने के दौरान बदमाशों ने बेहद करीब से उन पर गोली चला दी। घायल अवस्था में उन्हें हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। परिजनों ने पैसों के विवाद और पुरानी रंजिश को हत्या की वजह बताया है। पुलिस कमिश्नर आकाश माघारिया ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस बल तैनात किया गया है।

# निशुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर कल से

चौथ का बरवाड़ा में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा करेंगे उद्घाटन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

जयपुर। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा 27 फरवरी को सवाई माधोपुर जिले की ग्राम पंचायत चौथ का बरवाड़ा में जिलास्तरीय 10 दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करेंगे। यह शिविर 8 मार्च तक मीणा धर्मशाला में आयोजित होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक जितेंद्र गोठवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उप निदेशक डॉ. भीमसिंह मीना ने बताया कि शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षार सूत्र पद्धति से बिना चीर-फाड़ के समस्त गुदा रोगों का स्थाई उपचार किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राज्य सरकार के आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित शिविर में मरीजों को भर्ती कर विशेषज्ञों द्वारा क्षार सूत्र पद्धति से नाड़ी व्रण रोगों का इलाज, स्त्री रोग जैसे श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, कटि शूल, कष्टार्तव, रक्ताल्पता, दौर्बल्य आदि का भी निशुल्क उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों जैसे सामान्य ज्वर, आंत्रिक ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय एवं वातरोग (गठिया, बाय) की उपचार सुविधा उपलब्ध होगी। शिविर में अग्निकर्म, रक्तमोक्षण पंचकर्म इत्यादि अन्य आयुर्वेद की विधाओं द्वारा भी अन्य रोगों से ग्रसित रोगियों को भी यथासंभव लाभान्वित किया जाएगा। आम लोगों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति द्वारा स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। शिविर में भर्ती रोगियों के लिए भोजन, बिस्तर एवं दवाइयों की व्यवस्था निशुल्क रहेगी।

# ईडी ने अनिल अंबानी का 17 मंजिला घर किया जब्त



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित बंगले 'एबोड' को जब्त कर लिया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार इसकी कीमत करीब 3,716 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई पीएमएलए कानून के तहत की गई है। मामला उनकी ग्रुप कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा किए गए कथित बैंक फ्रॉड से जुड़ा है। अनिल अंबानी पर 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में जांच चल रही है। अनिल अंबानी का यह बंगला मुंबई के सबसे पॉश इलाके पाली हिल में स्थित है। 66 मीटर ऊंचे इस बंगले में कुल 17 फ्लोर हैं। यह देश के सबसे महंगे रिहायशी घरों में गिना जाता है। ईडी ने इस संपत्ति को कुर्क करने के लिए एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया है। बैंक धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से चल रही जांच के बाद केंद्रीय एजेंसी ने यह बड़ा कदम उठाया है।

पश्चिम बंगाल की कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# ई-मेल से मिली 'आरडीएक्स' धमाके की चेतावनी

■ आसनसोल कोर्ट को लगातार दूसरे दिन मिली बम से उड़ाने की धमकी

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न न्यायालय परिसरों में मंगलवार को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट सहित चुंचुड़ा, दुर्गापुर, आसनसोल, बहरामपुर और कांथी की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और सभी संबंधित अदालत परिसरों को तत्काल खाली कराकर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। आसनसोल जिला जज एवं न्यायालय को लगातार दूसरे दिन धमकी भरा ई-मेल मिलने से प्रशासनिक महकमे में चिंता बढ़ गई। बुधवार सुबह करीब 11 बजे प्राप्त ई-मेल में नमाज के बाद अदालत परिसर को 'आरडीएक्स' से उड़ाने की चेतावनी दी गई, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था तुरंत कड़ी कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट सक्रिय हो गया। डीसीपी (सेंट्रल) के नेतृत्व में पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने पूरे न्यायालय परिसर को खाली कराकर चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली। उधर पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# तांत्रिक लुक में अक्षय कुमार 'भूत बंगला' ने बढ़ाया हॉरर-कॉमेडी का रोमांच



**इस सिंहासन को खास तौर पर डरावना बनाने के लिए उस पर भूतों के सिर जैसी आकृतियां बनाई गई हैं**

**अक्षय** कुमार की आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' की घोषणा के बाद से ही यह प्रोजेक्ट लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इस हॉरर-कॉमेडी के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी करीब 16 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ लौट रही है। इससे पहले दोनों ने 'हेरा फेरी' और 'भागम भाग' जैसी फिल्मों में साथ काम किया था, जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। ऐसे में 'भूत बंगला' को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। फिल्म की रिलीज डेट पहले ही घोषित की जा चुकी है, लेकिन अब अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नया मोशन पोस्टर साझा किया है। इस मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार का अंदाज बिल्कुल अलग और डरावना नजर आ रहा है। पोस्टर में वह एक खौफनाक सिंहासन पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस सिंहासन को खास तौर पर डरावना बनाने के लिए उस पर भूतों के सिर जैसी आकृतियां बनाई गई हैं। इस पर बैठे अक्षय ने आंखों पर काला चश्मा लगाया हुआ है और गले के साथ-साथ हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहनी हुई हैं। एक हाथ में वह माला जपते दिखाई देते हैं, जिससे उनका लुक किसी तांत्रिक जैसा लगता है। उन्होंने धोती पहनी हुई है। बैकग्राउंड में हल्का अंधेरा और धुंधला माहौल है, जो इस सस्पेंस को बनाए रख रहा है। इस पोस्टर को साझा करते हुए अक्षय कुमार ने एक मजेदार कैप्शन भी लिखा, जिसने फैंस की जिज्ञासा को बढ़ा दिया है। कैप्शन में लिखा गया है, ÷दस को देंगे दस्तक, इंतजार करो तब तक। मस्ती शुरू होने दो।' 'भूत बंगला' फिल्म 10 अप्रेल को रिलीज होने वाली है। मोशन पोस्टर के सामने आते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन में उत्साह जताना शुरू कर दिया। फैंस ने अक्षय और प्रियदर्शन की वापसी को लेकर खुशी जाहिर की। एक फैन ने कमेंट में लिखा, 'यानी अब मुझे 'भूल भुलैया' जैसी कॉमेडी फिल्म फिर से देखने को मिलेगी।' वहीं, दूसरे फैन ने लिखा, 'मैं रिलीज डेट को लेकर काउंटडाउन शुरू कर रहा हूं।' अन्य फैंस ने अक्षय के इस नए लुक को 'खतरनाक' और 'एकदम अलग' बताया।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 654 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 25.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या-3/क/6 जवाहर नगर जयपुर, क्षेत्रफल 198.00 वर्ग गज का आवंटन श्री धर्मचन्द को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 11851 दिनांक 29/08/1975 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 15411 दिनांक 12/12/1975 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 19/05/1990 को करवाया गया। श्री धर्म चन्द गेरा की मृत्यु दिनांक 05/09/2025 को हो जाने के कारण श्री महेन्द्र गेरा पुत्र श्री स्व.श्री धर्मचन्द गेरा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री महेन्द्र गेरा पुत्र श्री स्व.श्री धर्मचन्द गेरा के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर



**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या सायराबानों पत्नी मोहम्मद इस्माईल निवासी 2894 कुम्हारों की नदी रामचन्द्र जी की चौकडी रामगंज बाजार जयपुर के पुत्र आसिफ मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है, उसके गलत आचरण व गतिविधियों की वजह से मेरी अभिभाष्या व उनके पति ने अपने पुत्र आसिफ को अपने जीवन व्यवहार व अपनी चल-अचल सम्पति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। इससे कोई भी व्यक्ति लेन-देन संव्यवहार करता है तो उसके लिए मेरी अभिभाष्या व उनके पति किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

जयपुर — प्रवीण कुमार वर्मा (एडवोकेट)
दिनांक 25/02/2026 — मो.नं. 9785592312



**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone-11/2026/D-258
आम सूचनाः- आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 281739 दिनांक 10/02/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Manish Maurya S/o Ravindra Singh Maurya | श्री उमेश गुप्ता पुत्र श्री बनवारी-लाल गुप्ता | A36 | 138.88 Sq. Yard | Private | Shivank Infotech City Sector/Block-A,B&C | Name Transfer | पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर बेचान किये जाने पर |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।



**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर**
क्रमांक :एफ-56( )सि.ला.जो./उपा/ननिज/2026/2442 दिनांक : 23.02.2026
अनापत्ति आमंत्रण सूचना

भूखण्ड संख्या 3, मरूधर विहार, खातीपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 353.61 वर्गगज का जविप्रा द्वारा दिनांक 28.11.2014 को श्रीमती बनारसी खालिया पत्नी श्री लक्ष्मण सिंह के नाम से पट्टा जारी किया गया था। तत्पश्चात् श्रीमती बनारसी खालिया द्वारा जरिये पंजीकृत उपहार पत्र श्री विजय खलिया पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह को दिया गया। उक्त पंजीकृत उपहार पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्री विजय खलिया पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तान्तरण के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात् उक्त भूखण्ड में नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर



Date: 25.02.2022
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हघरोई गढ़ी गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना सरस्वती नगर, खसरा संख्या 390, पार्ट 'F', मालवीय नगर, जयपुर स्थित भूखण्ड सं. F-35, क्षेत्रफल 318.36 वर्ग गज, समिति रिकॉर्ड अनुसार श्री नाथूलाल मीणा पुत्र श्री गोपाल मीणा, निवासी जयपुर के नाम आवंटित है। यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त भूखण्ड पर स्वामित्व/दावा प्रस्तुत करता है तो उसका दावा अवैध माना जाएगा तथा उसके विरुद्ध विधि अनुसार सिविल एवं फौजदारी कार्यवाही की जाएगी। समस्त हानि, व्यय व परिणाम हेतु संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि किसी सर्वसाधारण को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करे।

दुष्यन्त कुमार मिश्रा
(अधिवक्ता, जिला एवं सत्र न्यायालय, जयपुर)
संपर्क नंबर 9929666881



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 655 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 25.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या-2/159 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 44.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 3725 दिनांक 08/01/1999 श्रीमती विघा देवी हाड़ा पत्नी श्री बच्चू सिंह हाड़ा के नाम जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 16/01/1999 को करवाया गया। श्रीमती विध्या देवी की मृत्यु दिनांक 27/03/2024 को हो जाने के कारण श्री तपेन्द्र सिंह हाड़ा पुत्र स्व.श्री बी.एस.हाड़ा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति एवं राशन कार्ड एवं सजरा रिपोट की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री तपेन्द्र सिंह हाड़ा पुत्र स्व. श्री बी.एस. हाड़ा के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 656 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 25.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या 2/ज/8 नाहरी का नाका जयपुर, क्षेत्रफल 198.00 वर्ग गज का आवंटन श्री श्याम नारायण पारीक पुत्र श्री दीन दयाल शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2067 दिनांक 29/11/1976 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 2867 दिनांक 18/12/1981 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नवम् में दिनांक 30/07/2019 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री श्याम नारायण पारीक की मृत्यु दिनांक 17/03/2021 को हो जाने के कारण उनके वारिसों 1. श्री अरविन्द कुमार पारीक (पुत्र), 2. श्रीमती अनीता पारीक (पुत्री), 3 श्रीमती सुनीता पुरोहित (पुत्री), 4. श्रीमती कविता तिवारी (पुत्री), 5. श्रीमती रीतू रमाकान्त पारीक (पुत्री) के द्वारा मिलकर उक्त आवास में से अपना हकत्याग श्रीमती मोती देवी पारीक पत्नी स्व.श्री श्याम नारायण पारीक के पक्ष में कर दिया। उक्त हकत्याग पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नवम् में दिनांक 06/12/2023 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती मोती देवी पारीक पत्नी स्व.श्री श्याम नारायण पारीक के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री नासिरखान यासीन खान पठान पुत्र श्री यासीनखान शमशूखान पठान जरीये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मुख्त्यारआम श्री मजीद खान पुत्र श्री अकबर खान को कर दिया गया। उक्त विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर पंचम में दिनांक 25/08/2025 को करवाया गया। श्री नासिरखान यासीन खान पठान पुत्र श्री यासीनखान शमशूखान पठान के द्वारा उक्त आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेती का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री नासिरखान यासीन खान पठान पुत्र श्री यासीनखान शमशूखान पठान का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर



**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम, जयपुर**
(अम्बाबाडी सामुदायिक केंद्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक : एफ-55( )/वि.जोन/न.नि.ज./2026/3648 दिनांक : 19.02.2026
**सार्वजनिक सूचना**

भूखण्ड सं. 62ए का उत्तरी भाग, शांति नगर, झोटवाडा, जयपुर (म्युचुअल गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती बिदामी देवी पत्नी श्री भूर जी कुमावत के पक्ष में क्षेत्रफल 233.33 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। श्रीमती बिदामी देवी पत्नी श्री भूर जी कुमावत ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.10.2012 को उक्त भूखण्ड श्रीमती फूल कंवर पत्नी श्री रणजीत सिंह को विक्रय कर दिया गया। श्रीमती फूल कंवर पत्नी श्री रणजीत सिंह ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.04.2013 को मूल भूखण्ड का उत्तरी भाग क्षेत्र 116.66 वर्गगज श्री मनरूपा राम पुत्र श्री धन्नाराम को विक्रय कर दिया। श्रीमती फूल कंवर पत्नी श्री रणजीत सिंह ने पूर्व में किये गए पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.05.2013 के अंकित शांति विहार के स्थान पर शांति नगर पढ़े जाने का संशोधन पत्र श्री मनरूपा राम पुत्र श्री धन्नाराम के पक्ष में किया। श्री मनरूपा राम पुत्र श्री धन्नाराम ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 08.11.2024 को भूखण्ड संख्या 62ए (उत्तरी भाग) क्षेत्रफल 116.66 वर्गगज श्री नबी खान पुत्र श्री रसूल खान को विक्रय कर दिया गया। श्री नबी खान पुत्र श्री रसूल खान द्वारा भूखण्ड सं. 62ए (उत्तरी भाग), शांति नगर, झोटवाडा (म्युचुअल गृह निर्माण सहकारी समिति) क्षेत्रफल 116.66 वर्गगज का उप विभाजन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के उप विभाजन बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार उप विभाजन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, विद्याधर जोन, नगर निगम जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-0141-2782772
क्रमांक: DHC-II/2150 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 24.02.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 61/306, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 30.750 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री लाल चन्द पुत्र श्री सीरूमल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8144 दिनांक 20.02.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.04.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री लाल चन्द की मृत्यु दिनांक 11.01.2014 को हो जाने के कारण इनके पौत्र श्री तरूण कुमार पुत्र श्री परसराम ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रप्त्र एवं वारिसान घोषणा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक **श्री तरूण कुमार पुत्र श्री परसराम** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर**
क्रमांक - 6899 दिनांक : 24.02.2026
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 93/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए पीडब्लयूएफ एण्ड ए.आर पार्ट ।। अपेण्डिक्स 16 दिनांक 1.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमो सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रो के अनुरूप इस विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org. http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 25.02.2026 (बुधवार) प्रातः 9.30 बजे से 01.03.2026 (रविवार) तक सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 25.02.2026 (बुधवार) प्रातः 9.30 बजे से 01.03.2026 (रविवार) तक सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 02.03.2026 (सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे से |

| NIT S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB24351 |
| 2 | PWD2526WSOB24352 |

डीआईपीआर/सी/4222/2026 — अधिशाषी अभियंता



**उद्घोषणा ( इश्तिहार )**
**न्यायालयः जिला न्यायाधीश, जयपुर जिला, जयपुर**
व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं. 02/2026
**विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**
**प्रार्थी-नाम- श्रीमती प्रियंका शर्मा पत्नी अशोक कुमार शर्मा**
**निवासी- वार्ड नं.** 1, हरिपुरा ब्राह्मणान, पुलिस थाना रायसर, तह. जमवारामगढ़ जिला जयपुर
मृतकः अशोक कुमार शर्मा पुत्र कल्याण सहाय शर्मा के (1) एसबीआई शाखा चांदनी चौक नई दिल्ली के खाता सं. 20010571701 (2) The Nothern Zone Railway Employees Cooperative Thrift Credit Society Ltd. के खाता सं. NDD16159 (3) आनंद विहार नई दिल्ली पोस्ट ऑफिस के खाता सं. 3098477044 की संपत्ति के विषय में।
पेशी दिनांकः 25.03.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अशोक कुमार शर्मा पुत्र कल्याण सहाय शर्मा जाति ... निवासी-वार्ड नं. 1, हरिपुरा ब्राह्मणान, पुलिस थाना रायसर, तह. जमवारामगढ़ जिला जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25 माह 03 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 21 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
डी.नं. 57/23.02.2026
मुहर

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला न्यायालय,
जयपुर जिला, जयपुर



**कार्यालय-उपायुक्त सांगानेर जोन, नगर निगम जयपुर**
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास)
क्रमांक : एफ- 53/डी.सी./ एसएनजैड़/ननिज/2025-26/8816 दिनांक : 25/2/26
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमल कुमार मीना पुत्र स्व. हरिनारायण द्वारा 253, मीणों मोहल्ला, कट्टा गली, दुर्गापुरा जिला जयपुर का नाम हस्तान्तरण चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | आवेदनक का नाम | भूखंड का स्थल | वार्ड नं. | अनुमानित क्षेत्रफल (वर्गगज) | योजना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कमल कुमार मीना पुत्र स्व. हरिनारायण | 253, मीणा मोहल्ला, कट्टा गली, दुर्गापुरा, जयपुर | 47 | 272.68 | नाम हस्तान्तरण |

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नाम हस्तान्तरण किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/हितधारक को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

(डॉ. रवि कुमार गोयल)
आर.ए.एस
उपायुक्त, सांगानेर जोन, नगर निगम जयपुर



**कार्यालय नगर पालिका खेजरोली (जयपुर) राज.**
क्रमांक/न.पा.खेज./2025-26/414 दिनांकः-25/02/2026
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका खेजरोली में निम्न आवेदकों ने पट्टा स्वीकृति हेतु आवेदन किया है। जो कि निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | आवेदक का नाममय पता | खसरा संख्या/पटवार हल्का | आस पडोस का विवरण | भूखंड का क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री झूथाराम यादव पुत्र श्री नाथूराम यादव, गोपिका वाली ढाणी, खेजरोली | खसरा नं. 1408 गणगौरी बाजार, खेजरोली ए | पूर्व- SH37 C, पश्चिम- रामेश्वर प्रसाद यादव की दुकान, उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण-अन्य की भूमि | 29.01 वर्गमीटर |

उक्त आवेदित भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ती हो तो 3 दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि बाद आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, खेजरोली



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**

**मुकदमा नंबरः** DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1361
चूंकि प्रार्थी **श्री** Manish Kumar Jaisansaria, 9, Jaisansaria Marg, Puarana Telephone exchange gali, Near rajwala well, Sardarshahar, Churu, Rajasthan- 331403 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास **गणपतराय सुखलाल जयसनसरिया फाउंडेशन,** 59-A, SINDHI COLONY, BANIPARK, JAIPUR, 302006, RAJASTHAN के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-23.04.2026
**मुहर**

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



**कार्यालय ग्राम पंचायत सरनाचौड, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर**
क्रमांकः ग्रा.पं.सरनाचौड/निर्माण/निविदा/2025-26/309 दिनांकः 25.02.2026
**ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 306-308 दिनांक 25.02.2026 द्वारा ग्राम पंचायत सरनाचौड मे निर्माण कार्यो हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं 2013 के नियम 16 के तहत एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी डी-श्रेणी या उच्च श्रेणी में रजिस्ट्रेशन संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनके NIB Code-PFG2526A0081 and UBN is: PFG2526WSRC00254, PFG2526WSRC00255, PFG2526WSRC00256, निविदा सूचना की शर्तें वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत सरनाचौड**
**पं.स. झोटवाडा, जयपुर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सरनाचौड**
**पं.स. झोटवाडा, जयपुर**

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter


### भवानी निकेतन में भक्ति, आस्था और राष्ट्रकल्याण की भावना से ओतप्रोत 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन

# राज्यपाल सहित अब तक 61 लाख श्रद्धालुओं ने अर्पित की आहुतियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन में आयोजित कोटि होमात्मक नौ दिवसीय 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ में अब तक 61 लाख आहुतियां समर्पित की जा चुकी हैं। महायज्ञ के एक विशेष दिवस पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की गरिमामय उपस्थिति रही। राज्यपाल ने यज्ञशाला में पहुंचकर प्रधान कुंड में प्रदेश के जन-कल्याण एवं समग्र विकास की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं।

इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित गणेशदास महाराज, यज्ञकर्ता महंत हरिशंकर दास महाराज वेदांती तथा सियाराम बाबा की बगीची वालों की उपस्थिति रही। वैदिक मंत्रोच्चार और अग्निहोत्र के बीच यज्ञ की दिव्यता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राज्यपाल ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का भी श्रवण किया और कहा कि राजस्थान धार्मिक नगरी है, यहां धर्म प्राणी लोग यज्ञ-हवन करते हैं तो वातावरण भक्तिमय हो जाता है एवं गौमाता की रक्षा भी होती है।

आयोजकों के अनुसार 26 एवं 27 फरवरी को राजेंद्र दास महाराज द्वारा कथा वाचन किया जाएगा, जिसमें श्रीरामचरित और भक्ति-तत्व पर प्रवचन होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारे की व्यवस्था भी सतत रूप से चल रही है। 26 फरवरी को महायज्ञ में उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी तथा जयपुर सांसद मंजू शर्मा की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। आयोजकों का कहना है कि महायज्ञ के शेष दिनों में भी विभिन्न संत-महात्माओं और विशिष्ट अतिथियों का आगमन होगा। भक्ति, आस्था और राष्ट्रकल्याण की भावना से ओतप्रोत यह 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है।



#### देश-विदेश तक फैली महायज्ञ की ख्याति

*गौरतलब है कि महायज्ञ की ख्याति देश-विदेश तक फैल चुकी है। तारक पीठाधीश्वर शक्ति पाठ एवं समाधि सिद्ध महायोगी अनंत युक्त जगद्गुरु रामानंद आचार्य स्वामी रामकृष्ण आचार्य नेपाल, विधायक बालमुकुंदाचार्य, निर्मल दास महाराज गोवर्धन धाम, रामकिशोर दास सुदामा कुटिया, सूती शरणदास महाराज सुदामा कुटिया, रामरतन दास देवाचार्य महाराज डाकोर धाम, महामंडलेश्वर गणेश दास महाराज अयोध्या धाम अवधपुरी, अलबेली माधुरी शरण महाराज सरस निकुंज जयपुर सहित देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी साधु-संत यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं और अपने आशीर्वचनों से आयोजन को पुण्यप्रद बना रहे हैं। प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या यज्ञ में सहभागिता कर रही है।*

### आस्था, तकनीक और सेवा के महाकुंभ खाटूधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# राजस्थान पुलिस ने बनाया सुरक्षा का अभय कवच

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विश्वविख्यात तीर्थ खाटूश्यामजी में इस वर्ष का फाल्गुनी लक्खी मेला आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन के एक अद्भुत संगम के रूप में उभर रहा है। 28 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी ने आपसी समन्वय से सुरक्षा और सुविधा का ऐसा अभूतपूर्व खाका तैयार किया है, जिससे हर भक्त सुरक्षित और सुगम दर्शन कर सके। इस वर्ष की रणनीतियों में तकनीकी नवाचार और श्रद्धालुओं के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्य मेले और फाल्गुन एकादशी की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने पुलिस अधीक्षक सीआईडी अपराध शाखा ज्येष्ठा मैत्रेयी के साथ मेला क्षेत्र का दौरा किया। उच्चाधिकारियों के इस दल ने मेला बाजार, मुख्य मंदिर परिसर और विभिन्न पार्किंग स्थलों का जायजा लेकर सुरक्षा चक्र और भीड़ प्रबंधन की रणनीतियों की सूक्ष्मता से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक (प्रचार) डॉ. कमलेश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव व नियति शर्मा सहित सोशल मीडिया एक्सपर्ट्स आनंद जोशी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने धरातल पर तैनात जाब्ते को निर्देश दिए कि मुख्य मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए सतर्कता और सेवा भाव का समन्वय बनाए रखें, ताकि व्यवस्थाएं पूरी तरह त्रुटिहीन रहें।







#### कलर-कोडेड पार्किंग और सुगम यातायात प्रबंधन

सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत के नेतृत्व में इस बार यातायात व्यवस्था को बेहद सरल बनाया गया है। प्रतिदिन आने वाले 25 हजार से अधिक वाहनों के लिए चार बड़े निशुल्क पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिन्हें बावन बीघा (पीला), सांवलपुरा (हरा), लामिया रोड़ (नीला) और दातारामगढ़ (गुलाबी) जैसे रंगों से कोड किया गया है। श्रद्धालुओं को दूर से ही अपनी पार्किंग की दिशा का पता चल सके, इसके लिए उन पर संबंधित रंगों के बड़े बैलून (गुब्बारे) लगाए गए हैं। पार्किंग से दर्शन स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने के लिए 25 रुपए के निर्धारित शुल्क पर 2000 ई-रिक्शा संचालित किए जा रहे हैं, जो अनावश्यक जाम को रोकने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

#### पदयात्रियों के लिए समर्पित कॉरिडोर और सहायता बूथ

श्रद्धालुओं की परंपरा का सम्मान करते हुए रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है, जो पूरी तरह वाहन मुक्त है। यहां पेयजल, प्रकाश और विश्राम की पर्याप्त सुविधाएं दी गई हैं। इसके साथ ही मेला परिसर में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जो वायरलेस और लैंडलाइन सुविधाओं से लैस हैं। यहां नियुक्त कार्मिक गुमशुदा व्यक्तियों, खोए हुए सामान और किसी भी आपातकालीन स्थिति में श्रद्धालुओं की त्वरित मदद कर रहे हैं। पुलिस ने सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और मोबाइल नंबर 9667600788 भी जारी किया है।

#### कन्हैया मित्तल की अपील : अवगुण छोड़ें, गंदगी न फैलाएं

प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने एक भावपूर्ण वीडियो संदेश जारी कर श्याम भक्तों को मेले की मर्यादा का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने अपनी रील के माध्यम से कहा कि सभी श्याम प्रेमी बाबा के मेले में आते समय अपने भीतर के किसी एक अवगुण को छोड़ने का संकल्प लेकर आएं। मेले में किसी भी प्रकार की गंदगी व फूहड़ता नहीं फैलाएं और मर्यादित आचरण रखें। रींगस से खाटू की पदयात्रा के दौरान स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें और रास्ते को गंदा नहीं करें। अक्सर भक्त उत्साह में आकर इत्र की शीशियां, गुलाब और मालाएं ऊपर की ओर फेंकते हैं, जिससे पीछे व्यवस्था बिगड़ती है। पुलिस का सहयोग करें और अनुशासित रहें।

#### हाईटेक सुरक्षा घेरा : 22 सेक्टर और 5 हजार से अधिक जवानों की तैनाती

मेले की विशालता को देखते हुए एडीजी कानून व्यवस्था वी.के. सिंह ने सुरक्षा के बहुस्तरीय प्रबंध किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 22 मुख्य सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में विभाजित कर 5 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों व जवानों को तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से पैनी नजर रखी जा रही है और केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से प्रभारी पुलिस अधिकारी नियति शर्मा के निर्देशन में रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं को पल-पल की जानकारी देने के लिए मंदिर परिसर और प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जो दर्शन की प्रतीक्षा अवधि, आरती के समय और मौसम के अपडेट प्रदर्शित कर रही हैं।

#### चार दिन में लाखों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

मेले के शुरुआती चार दिनों में ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार पहले तीन दिनों में कुल 4,10,316 श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए हैं। 75 फीट चौड़े मार्ग पर स्थापित अत्याधुनिक गणना कैमरों के माध्यम से भीड़ का सटीक आकलन किया जा रहा है। 14 कतारों वाली सुव्यवस्थित दर्शन प्रणाली के कारण लंबी लाइनों के बावजूद श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के मंदिर तक पहुंच रहे हैं। 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को मेले का मुख्य आकर्षण होगा, जब बाबा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

#### दिव्यांगों के लिए विशेष सारथी

राजस्थान पुलिस ने इस मेले में सुरक्षा के साथ-साथ संवेदनशीलता का भी परिचय दिया है। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल से दर्शन केंद्र तक उन्हें विशेष वाहनों से लाया जा रहा है और वहां से पुलिसकर्मी स्वयं व्हीलचेयर के माध्यम से उन्हें सम्मानपूर्वक दर्शन करवा रहे हैं।

### सिविल लाइंस प्रीमियर लीग का 5वां दिन

# गणपति फाइटर और सोडाला एवेंजर्स सेमीफाइनल में पहुंचीं

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस प्रीमियर लीग के 5वें दिन क्वार्टर फाइनल में बुधवार को गणपति फाइटर ने मां अहिल्याबाई वॉरियर्स को 5 विकेट से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अहिल्याबाई वॉरियर्स ने प्रथम बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 115 रन बनाए, जवाब में गणपति फाइटर ने मात्र 5 विकेट के नुकसान कर 116 रन बनाकर जीत हासिल की। इस जीत में जयेश कांत ने आल राउंडिंग (42 रन, 2 विकेट) और रोहित भंडारी (42 रन) का प्रदर्शन मुख्य रहा। इस अवसर पर सिविल लाइंस मंडल के पूर्व अध्यक्ष रवि माथुर और पूर्व पार्षद बीना यादव ने अतिथि के रूप में पुरस्कार वितरित किया।

विधायक गोपाल शर्मा की पहल पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र स्थित गणपति नगर रेलवे क्रिकेट मैदान पर बुधवार को खेले गए एक अहम मुकाबले में जनपथ इलीट (वार्ड 90) को सोडाला एवेंजर्स (वार्ड 93) ने बेहद रोमांचक मुकाबले मे 3 विकेट से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिविल लाइंस प्रीमीयर लीग 2026 में वार्ड की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए जनपथ इलीट ने 15 ओवर मे 132/9 का स्कोर बनाया। सोडाला एवेंजर्स के सिद्धार्थ खंडेलवाल को ऑलराउंडर प्रदर्शन 69 रन और 3 विकेट के बदौलत मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। एवेंजर्स की जीत में मुदित, अर्जुन एवं नंदन का भी अहम योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन मनोज मुद्‌गल ने पुरस्कार वितरित किया। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिट इंडिया फिट इंडिया का नारा युवाओं को खेलने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस दौरान शर्मा ने नशे से दूर रखकर खेल को अपनाने की अपील भी की। इस अवसर पर सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व पदाधिकारी, आयोजन समिति, अनुशासन समिति सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






### हिंदुस्तान शिखर समागम-उत्तराखंड 2026 का आयोजन

# उत्तराखंड को शांतिप्रिय राज्य के रूप में स्थापित करेगी सरकार : धामी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मालसी, देहरादून स्थित एक होटल में हिंदुस्तान शिखर समागम-उत्तराखंड 2026 में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनभावनाओं के हिसाब से राज्य सरकार राज्य के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछले चार सालों में जनअपेक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करने के साथ ही मदरसा बोर्ड को खत्म करने जैसे अभूतपूर्व कदम उठाकर, सनातन की इस पुण्यभूमि को हर तरह से सुरक्षित रखने का प्रयास किया है। सख्त नकल विरोधी कानून और दंगा रोधी कानून लागू करने के साथ ही धार्मिक स्थलों के नाम पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाकर उत्तराखंड को एक शांतिप्रिय राज्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले हमने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही थी, जिस पर प्रदेश की जनता का हमें पूरा समर्थन मिला। 2022 में सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट ने राज्य में समान नागरिक संहिता के लिए कमेटी बनाने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 में हरिद्वार में भव्य एवं दिव्य कुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस सबंध में वे स्वयं 10 से अधिक बैठक कर चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर से इसके लिए 500 करोड़ की धनराशि भी जारी की जा चुकी है, मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजानदास, हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



#### 'किसी के साथ भी नहीं बरता जा रहा भेदभाव'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है। किसी के साथ भेदभाव की भावना से कार्य नहीं किए जा रहे हैं, लेकिन छद्म तरीकों से देवभूमि की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करने वालों पर भी सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई खनन नीति बनने के बाद से उत्तराखंड में पिछले 2 सालों में हर साल 1200 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पहले 400 करोड़ तक रहता था। खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट सुधारों के लिए केंद्र सरकार ने राज्य को लगातार दो साल विशेष सहायता योजना के तहत 100-100 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनेक महानुभावों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26